सुप्रभात
रांची, मंगलवार
09.04.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 265
06 भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

इफ्तार : शाम 6.04 (9 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.13 (10 अप्रैल)
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

HIND
INDUSTRIAL TECHNICAL INSTITUTE
Safety Officer, Nebosh & IOSH
J.C.B., Excavator, Mobile Crane
Forklift, O.C. Arc Argon,
Instrumentation, Fitter, B.M.S
Electrician, HVAC, PLC, etc..
NISHA APARTMENT, JAWAHAR NAGAR
इफ्तार : शाम 6.04 (9 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.13 (10 अप्रैल)

बोले मोदी, आपने कांग्रेस की लूट की दुकान बंद करा दी

# कांग्रेस ने आदिवासियों का हमेशा किया अपमान

एजेंसी

**बस्तर ( छत्तीसगढ़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी पूरी तरह से चुनावी मोड में उतर चुके हैं। इसी क्रममें उन्होंने सोमवार को महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने काल में कभी आदिवासियों का भला नहीं किया। हर समय आदिवासियों का अपमान ही किया। छत्तीसगढ़ के बस्तर में चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा कांग्रेस की लूट की दुकान अब बंद हो गयी है। आजादी के बाद कांग्रेस ने सोचा कि उसके पास देश को लूटने का लाइसेंस है, लेकिन 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस रद्द कर दिया। ऐसे में स्वाभाविक है वे मोदी को गाली देंगे ही। आज भी कांग्रेस को देश की जनता की जरूरतों से कोई लेना-देना नहीं है। वे लोग तो सिर्फ अपना परिवार और भ्रष्टाचारियों को वचाने



में लगे रहते हैं। कांघरेस तो खुद समस्याओं की जननी बन गयी है। हर गारंटी को भाजपा सरकार ही जमीन पर लागू कर रही है।

**भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा**

पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, हम कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो वह कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने कहा कि वे चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं, वे भ्रष्टाचारियों को बचाने की रैलियां कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

## पहली आदिवासी बेटी राष्ट्रपति बनी

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समुदाय का अपमान किया, उसी आदिवासी समुदाय की बेटी आज देश की राष्ट्रपति हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है। भाजपा ने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और अलग बजट बनाया। पिछले 10 वर्षों में आदिवासी कल्याण का बजट पांच गुना बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने कहा, ये मेरे करोड़ों देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मेरी रक्षा कवच कौन बन गयी हैं, ये मेरी रक्षा करेंगे।

एससी-एसटी, ओबीसी महिलाओं को सलाना एक लाख : राहुल

# जल, जंगल और जमीन पर पहला हक आदिवासियों का

एजेंसी

**सिवानी (मंडला छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल एक कहा कि आदिवासी का मतलब जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका पहला हक है। ये विचारधारा की लड़ाई है। देश में आपकी जगह कहां होनी चाहिए, ये उसकी लड़ाई है। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 जीतने का भरोसा जताया और कहा कि नयी सरकार अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये दिया करेगी। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही 30 लाख रिक्त पड़े पदों पर भर्ती की जायेगी। वह मंडला लोकसभा के एक क्षेत्र सिवनी में चुनावी रैली में बोल रहे थे। कांग्रेस ने मंडला सीट से मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के खिलाफ पूर्व मंत्री और विधायक ओमकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है।

**युवाओं को प्रशिक्षण की गारंटी :** राहुल ने बेरोजगार युवाओं को गारंटीकृत प्रशिक्षण प्रदान करने का भी आश्वासन दिया। हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून भी लायेंगे कि देश के प्रत्येक बेरोजगार युवा को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में एक साल की प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) मिलेगी जिस दौरान उन्हें भत्ते के रूप में एक लाख रुपये मिलेंगे। (शेष पेज 11 पर)



## भाजपा आदिवासियों की जमान छीन रही है

गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर आदिवासियों को उनकी जमीन से उखाड़ने और जल, जंगल और जमीन पर से उनका पहला अधिकार छीनने का काम कर रही है। इसी मकसद से उन्हें आदिवासी' कहने के बजाय वनवासी' कह रही है। उन्होंने कहा, वे उनकी (आदिवासियों की) जमीन उद्योगपतियों को देना चाहते हैं। गांधी ने कहा, केंद्र में सरकार बनाने के बाद हम रोजगार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे और सरकारी क्षेत्र में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनायेगी कि किसानों को उनकी फसलों के लिए पर्याप्त न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिले। किसान लंबे समय से इसके लिए आंदोलन कर रहे हैं। श्री गांधी ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भुगतान की जाने वाली राशि को दोगुना करने का भी वादा किया है।

## भीषण जाम से त्राहिमाम करते रहे रांचीवासी




## जाम के झाम से कराहती रही रांची

**रांची।** राजधानी सोमवार को जाम के झाम से कराहती रही। शहर में हर तरफ सुबह से ले कर शाम तक जाम ही जाम था। ट्रैफिक पुलिस के लगातार कोशिश के बावजूद शहर की यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं कर पा रही थी। शहर की सभी सड़कों के जाम रहने से लोग परेशान रहे। कोई ऐसा चौक-चौराहा हो जहां लोगों को जाम की समस्याओं से जूझना नहीं पड़ता होगा। मेन रोड सेसुजाता चौक और मिशन चौक से कर्बला चौक की ओर जाने वाले रास्तों पर जाम लग जाने की वजह से शहर कई घंटों तक दो हिस्सों में बंटा रहा। शाम होते होते मोरहाबादी, रातू रोड़, लालपुर चौक,कांटाटोली, मेन रोड़ और अपर बाजार में इस कदर ट्रैफिक बढ़ गया कि लोगों का निकलना मुश्किल हो गया।

नगर निकाय चुनाव पर डबल बेंच ने सरकार की याचिका खारिज की

# तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश पर रोक से इनकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना 3 हफ्ते में जारी करने के मामले में सोमवार को हाइकोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में हुई। हाइकोर्ट की डबल बेंच ने सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस आनंदा सेन के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने मामले में सरकार को इस केस से जुड़े अपने सभी पक्ष कोर्ट के सामने रखने को कहा। इसके लिए उन्होंने दो हफ्ते का समय दिया है। दो हफ्ते बाद इस मामले की फिर सुनवाई होगी। जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने 4 जनवरी को राज्य सरकार को तीन हफ्ते में निकाय चुनाव की घोषणा करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने सिंगल पीठ के आदेश के खिलाफ डबल बेंच का रूख किया था। दरअसल राज्य में नगर निगम और निकायों का चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो व अरुण झा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई अब अदालत दो सप्ताह बाद करेगा। सोमवार को राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा। वहीं निवर्तमान पार्षदों की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की। इस मामले में सुनवाई करते हुए पहले जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सरकार को तीन हफ्ते अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)

वीडियो एलबम लांच कर इडी दफ्तर पहुंची आंबा

# कुछ भी गलत नहीं किया डरने की बात नहीं : विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपने एलबम के प्रमोशन के बाद अंबा प्रसाद सोमवार को इडी कार्यालय पहुंचीं। उसके साथ उनके भाई अंकित राज मौजूद थे। ईडी के अधिकारियों ने दोनों भाई-बहन से पूछताछ शुरू की। इससे पहले दोनों ने इडी से पूछताछ के लिए 15 दिनों का समय मांगा था, लेकिन इडी के अधिकारियों ने समय देने से इंकार कर दिया था। लिहाजा सोमवार को उन्हें हिनू स्थित इडी कार्यालय पहुंचना पड़ा। इडी अधिकारियों ने अंबा प्रसाद वहां घंटों तक की जिसका उन्होंने जबाब दिया। इससे पहले 3 अप्रैल को ईडी ने अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की थी।

**मैंने कुछ गलत नहीं किया :** इडी दफ्तर जाने से पहले प्रेस वार्ता में



इडी की कार्रवाई से जुड़े सवाल पर अंबा प्रसाद ने कहा, मैं डरी नहीं हूं, क्योंकि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। भगवान पर भरोसा है जो सत्य है वह दुनिया के सामने एक दिन जरूर आयेगा। विधायक ने कहा कि वह संघर्ष की उपज हैं। जब से होश संभाला है तब से देखा है कि एनडीए के लोग उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाते रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

## कई ठिकानों पर हुई थी छापामारी

मालूम हो कि विगत मार्च महीने में अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव के कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। छापामारी में कई अहम दस्तावेज इडी के हाथ लगे थे। इडी ने छापेमारी के दौरान उनका मोबाइल भी जब्त कर लिया है। मोबाइल में पड़े चैट के बारे में भी इडी ने पूछताछ की। ईडी ने अंबा और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ हजारीबाग के विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी को मिला कर ईसीआईआर दर्ज किया है। इसमें रंगदारी, लेवी वसूली, बालू का अवैध व्यापार सहित अन्य आरोप लगाये गये है।

# मोदी की गारंटी का मतलब है विपक्ष को जेल भेजो : ममता

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांकुड़ा रैली में कहा मोदी की गारंटी का मतलब है जून के बाद सभी विपक्षी नेताओं को सलाखों के पीछे डालना। उन्होंने कहा, पूरे देश को जेल में डालो। हम आपसे नहीं डरते। नये संसद भवन को जेल में तब्दील कर दें। लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल में तृणमूल सरकार ही रहेंगी। इसके बावजूद हम इस तरह की धमकियां आपको नहीं दे रहे हैं। वहीं उन्होंने एनआइए पर तंज कसते हुए कहा कि बिना स्थानीय पुलिस को सूचित किए बगैर भूपतिनगर में छापेमारी करने गये थे जो कि गलत है। उल्लेखनीय है कि बांकुड़ा में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान पारंपरिक ढोल बजाया और पारंपरिक नृत्य किया।

**हम रॉयल बंगाल टाइगर्स हैं :** ममता बनर्जी ने मोदी पर निशाना साधते हुए यह भी कहा, आप पार्टी को मजबूत करने के वादे करते हैं। यह लोकतंत्र के लिए कार्बन डाइऑक्साइड है। चुनाव के बाद हमारी सरकार बनेगी। हम रॉयल बंगाल टाइगर्स हैं। अगर हम लड़ते हैं तो किसी में इसे संभालने की हिम्मत नहीं होती। ममता ने कहा कि पीएम मोदी चुनावी सभा को संबोधित करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से वह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी, वह अस्वीकार्य है। ममता ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है।

## झरिया के आइएएस पर खनन माफिया का जानलेवा हमला

**रांची।** झरिया (झारखंड) के रहने वाले आइएएस अफसर यश जालुका पर खनन माफिया ने हरियाणा में जानलेवा हमला किया है। वे अंबाला जिले में नारायणगढ़ में एसडीएम के पद पर पदस्थापित हैं। इस मामले को लेकर हरियाणा पुलिस को शिकायत की गयी है। उन्होंने खनन माफियाओं द्वारा हमला किया जाने की आशंका जतायी है। शिकायतनामा में इस बात का भी जिक्र किया है कि एक कार से उनका पीछा किया और टक्कर मारने की भी कोशिश की। पुलिस ने जांच में पाया है कि इनोवा से पीछा करने वाला शख्स खनन के धंधे से जुड़ा हो सकता है। वह लगातार व्हाट्सएप पर अधिकारी का लोकेशन शेयर कर रहा था। हरियाणा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सुरक्षाबलों के साथ अवैध वह पिछले दिनों खनन की जांच के लिए निकले थे। यश जालुका हरियाणा कैडर के आइएएस हैं। उन्होंने पहले ही प्रयास में यूपीएससी में चौथा रैंक प्राप्त किया था। 2021 बैच के अफसर यश जालुका मूल रूप से धनबाद जिले के झरिया के रहने वाले हैं।

## न्यूज डायरी

### लोहरदगा में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु गांव में सोमवार को दिन दहाड़े अपराधियों ने एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी है। व्यवसायी की पहचान नरेश साहू उर्फ शिबू साहू (48) के रूप में की गयी। हादसे के वक्त वह एक सैलून में बैठे थे। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। घटना की पुष्टि लोहरदगा एसपी ने भी की ।

### 10 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर धराये

**चतरा।** मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को चतरा एसपी ने बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव में ब्राउन शुगर मिनी फैक्टरी का संचालन किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंकज कुमार दांगी और धीरेंद्र दांगी नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया।

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं व बधाई दीं हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ये त्योहार वसंत ऋतु और भारतीय नव वर्ष के स्वागत में देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाये जाते हैं। ये सभी त्योहार शांति, सौहार्द और सहिष्णुता का संदेश देते हैं।

### मोदी के इस बयान के खिलाफ शिकायत दर्ज

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से करने पर पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी। मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया और कहा था कि इससे भारत को टुकड़ों में तोड़ने की कोशिश की बू आती है। मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





# पहले चरण में 16 प्रतिशत दागी उम्मीदवार, 450 करोड़पति

कुल 28 फीसदी करोड़पति, कांग्रेस के नकुलनाथ सबसे अमीर प्रत्याशी

## लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुल 1625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। चुनाव निगरानी संस्था एसोसिएशन फॉर डिमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक, पहले चरण में 252 यानी 16 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इन्होंने अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1618 में से 161 उम्मीदवारों (10 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज



हैं। इनमें से 15 उम्मीवार दोषी भी ठहराये जा चुके हैं। पहले चरण में सात उम्मीदवारों पर आइपीसी की धारा 302 के तहत हत्या जैसे संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं। वहीं 19 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या के प्रयास के मामले घोषित किये हैं।

**शपथ पत्रों का विश्लेषण :** एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच ने पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले 1625 उम्मीदवारों में से 1618 के शपथ-पत्रों का विश्लेषण किया है। पहले चरण में उम्मीदवारों के चयन में राजनीतिक दलों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। (शेष पेज 11 पर)

## सात उम्मीदवारों पर हत्या का केस

रिपोर्ट के मुताबिक, सात उम्मीदवारों पर आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या जैसे संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं। वहीं 19 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या के प्रयास के मामले घोषित किये हैं। लोकसभा चनाव में नारी शक्ति और महिला सशक्तीकरण का दंभ भरने वाली पार्टियों ने ऐसे नेताओं को उम्मीदवार बनाया है, जिन पर महिलाओं पर अत्याचार के मामले दर्ज हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले चरण में 18 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर महिलाओं के खिलाफ अपराध की जानकारी दी है। इनमें एक उम्मीदवार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

# हमारी लड़ाई सीता सोरेन से नहीं भाजपा से : स्टीफन

## गुरु दक्षिणा में दुमका सीट देंगे : नलिन सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झामुमो के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी में कहा कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने के बाद भाजपा ने परिवार की कमजोर कड़ी सीता सोरेन को पार्टी में लाकर गलत खेल खेला है। हमारे संगठन पर उनके जाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हमारी लड़ाई सीता सोरेन से नहीं भाजपा से है। वहीं दुमका से पार्टी प्रत्याशी नलिन सोरेन ने सीता सोरेन द्वारा आशीर्वाद में जीत मांगने पर कहा कि भतीजी के रूप में उन्हें घर में आशीर्वाद जरूर देंगे। वहीं जब वह चुनावी रण में हैं, तो वहां आशीर्वाद नहीं रण होगा। भारी मतों के अंतर से झामुमो की जीत होगी। दुमका सीट को भारी अंतर से जीतकर वह गुरूजी को गुरू दक्षिणा देने का काम करेंगे। दुमका पहुंचने के बाद झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने बसंत सोरेन के साथ शहर के पोखरा चौक पहुंचकर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रविवार देर रात तीनों ने प्रेस कांफेंस भी की।

**निशिकांत को मर्दों से भिड़ना ठीक नहीं :** वहीं बसंत ने निशिकांत दुबे को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सांसद ने अपने बयान में मुझे मर्द कहा तो उनका धन्यवाद। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### प्रवीण टोप्पो को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ महानिदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (स्कीपा) झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। बताते चलें कि प्रवीण टोप्पो सचिव उद्योग विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। बीते 31 मार्च को ही श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक सुखदेव सिंह रिटायर हो गये थे।

### आरोपी पर आरोप गठन 26 अप्रैल को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी राकेश कुमार सिंघानिया एवं महावीर प्रसाद रूगंटा पर आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लाउंड्रिंग का आरोप है। मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 8 अप्रैल की तारीख निर्धारित थी लेकिन समय की मांग की गई। इस पर ईडी कोर्ट ने समय प्रदान किया। ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 2022 में केस किया गया है।

### अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपी कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 22 अप्रैल को सुनायेगी। पिछली सुनवाई में ईडी की ओर से बहस पूरी कर ली गई थी। जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में ईडी ने अमित कुमार अग्रवाल को 8 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से जेल में है। दोनों की ओर से अपने आप को निर्दोष बताते हुए आरोप मुक्त अर्जी दाखिल की है। मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत 8 आरोपी जेल में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं दिलीप घोष जमानत पर बाहर है।

### विनोद कुमार गंझू को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका पर झारखंड हाई ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विनोद कुमार गंझू को जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि आरोपी विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/ 2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर एनआईए ने अपने हाथों में लेकर एनआईए 3/ 2018 दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट है, ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं।

### भाजपा चुनाव प्रबंधन के विशेष संपर्क विभाग की बैठक

**रांची।** भाजपा चुनाव प्रबंधन के विशेष सम्पर्क विभाग की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी उपस्थित थे। बैठक में अभियान के तहत प्रदेश भर के समाज के प्रबुद्ध जनों, बुद्धिजीवी वर्ग से संपर्क करने को लेकर योजना बनाई गयी। बैठक में 14 लोकसाभा के संयोजक उपस्थित थे। अभियान के प्रदेश प्रमुख पूर्व सांसद अजय मारू ने बैठक में विषय प्रवेश कराये। सह प्रमुख गुरुविंदर सिंह सेठी ने मंच संचालन किया। बैठक में मुनेश्वर उरांव, कुणाल अजमानी, मुनचुन राय, परमेश्वर मोदी, संजीव टेकरीवाल, राम सिंह भोक्ता, नंदन राज, अजय पंकज, सत्येन्द्र पासवान, अशोक कुमार सिंह, पप्पू जी सहित कई उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस के अन्याय से झारखंड भी अछूता नहीं

# कांग्रेस पार्टी ने कभी न्याय नहीं किया जनता से माफी मांगे : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मोदी की गारंटी विकसित भारत जबकि कांग्रेस की गारंटी भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण और सनातन विरोध है। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के साथ पूरे देश के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय गांव तक सुविधायें नहीं पहुंची थीं। गांव में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं थी और चिकित्सा व्यवस्था का हाल बुरा था। कांग्रेस ने कभी गांव की चिंता नहीं की। आज गांव में सड़क, बिजली, चिकित्सा की सुविधा है। उन्होंने कहा कि एक समय कांग्रेस ने पूरे देश में संकट पैदा कर रखा था।

### भारत विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति

देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारत आज विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस वाले सनातन को गाली देते हैं और कांग्रेस चुप रहती है। एक शब्द नहीं कहती। मौन रहना भी कार्य को स्वीकृति प्रदान करना ही माना जाता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में आज केरोसिन की कोई चर्चा नहीं करता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में शहरों में भी गैस सिलिंडर नहीं मिलता था। आज हर गरीब के घर गैस चूल्हा है। भाजपा के शासनकाल में बैंकों को गरीबों की चौखट तक पहुंचाया। उन्होंने कहा भाजपा के शासन से पहले देश में उग्रवाद और आतंकवाद चरम पर था। पर आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारता है।

### मोहब्बत की दुकान चलाने वाली पार्टी कर रही अन्याय

उन्होंने कहा कि राहुल मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं। नफरत की दुकान चलाने वाली कांग्रेस पार्टी न्याय नहीं अन्याय कर रही है। देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी वर्षों से देशवासियों के साथ अन्याय ही करती आ रही है। जबकि नरेंद्र मोदी की गारंटी ही गारंटी है और पूरी दुनिया इस बात को जानती है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है जबकि कांग्रेस की गारंटी मतलब भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, आतंकवाद, टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन, सनातन को गाली, राम के अस्तित्व को नकारना है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज के दिल में बसते हैं नरेंद्र मोदी : भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आदिवासी समाज एकजुट है। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एसटी संपर्क अभियान के प्रदेश टोली की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में आदिवासी समाज के बीच बस्ती संपर्क, मंडल बैठक, लाभार्थी सम्पर्क को लेकर योजना बनाई गयी। इसको लेकर लोकसभा वार प्रमुख नेताओं को दायित्व दिया गया। इसके तहत शिवशंकर उरांव को लोहरदगा, रामकुमार पाहन को रांची, अवधेश सिंह चेरो-चतरा, मिस्त्री सोरेन-गोड्डा, दुर्गा मरांडी-राजमहल, विजय मेलगाड़ी-प. सिंहभूम, पारितोष सोरेन- दुमका, बिंदेश्वर उरांव-खूंटी, जेपी भोक्ता- पलामू, आनंद मुर्मू- हजारीबाग, सिकंदर हेम्ब्रम-गिरिडीह, प्रो दिनेश मुर्मू- कोडरमा, उपेंद्र सरदार- जमशेदपुर, मनतोश सोरेन- धनबाद का प्रभारी मनोनीत किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज के दिल में बसते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया।

बैठक में एसटी सम्पर्क अभियान के प्रमुख सह विधायक बिरंची नारायण, अभियान सह प्रमुख इंद्रजीत महतो अनिल, शिवशंकर उरांव, बिंदेश्वर उरांव, विजय मेलगाड़ी, आनंद मुर्मू एवं कार्यालय प्रमुख रवि मुंडा थे।

## हिम्मत है तो करें मानहानि का केस : सरयू

# सरयू राय ने ढुल्लू महतो के कानूनी नोटिस को रद्दी की टोकरी में डाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो तथा विधायक सरयू राय के बीच सियासी रार बढ़ती ही जा रही है। ढुल्लू महतो ने सरयू राय को कानूनी नोटिस भेजा था। इसे सरयू राय ने फाड़ कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। मीडिया में सूचना जारी करते हुये उन्होंने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में 800 वोटों से जीत कर विधायक बने ढुल्लू महतो ने उन्हें एक धमकी भरा कानूनी नोटिस भेजा है। यह कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है। यह रद्दी की टोकरी में फेंकने लायक ही है। ऐसे में उन्होंने इसे फाड़ कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। अब नोटिस का जवाब देने पर कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देनेवाले ढुल्लू महतो को यदि हिम्मत है तो न्यायालय का दरवाजा खटखटायें। सरयू राय के मुताबिक उन्हें कानूनी नोटिस भेजना इनकी चुनावी चाल है। अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है। वे यह साजिश सफल नहीं होने देंगे, इसका पदार्फाश करेंगे।

## लोस चुनाव को लेकर झारखंड-बिहार के सीएस व डीजीपी की बैठक

# आठ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड और बिहार के मुख्य सचिव तथा डीजीपी के बीच सोमवार को अंतर्राज्यीय बैठक हुई। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मुख्य सचिव के सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम आयोजित हुई। इसमें दोनों राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी के अलावा झारखंड के सीआईडी डीजी, एडीजी अभियान, स्पेशल ब्रांच आईजी, सीआईडी आईजी, आईजी अभियान, सभी जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी भौतिक रूप से शामिल हुए। वहीं, बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। इस अंतर्राज्यीय बैठक में कुल आठ मुख्य एजेंडा पर चर्चा की गई है।

### अंतरराज्यीय समन्वय बैठक पर दिया जोर

दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में 8 एजेंडों पर चर्चा की गयी। इनमें वास्तविक समय के आधार पर खुफिया जानकारी को सक्रिय रूप से साझा करना और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना, सीमा पर वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य और उसके अनुसार कार्य योजना बनाने, अपराधियों की आवाजाही रोकने के लिए सीमा चौकियों और नाका बिंदुओं को सक्रिय करना, अवैध हथियार, गोला बारूद, नशीले पदार्थों, तस्करी और अवैध शराब व्यापार से संबंधित मुद्दे, सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकें आयोजित करना, अंतरराज्यीय वांछित अपराधियों के बारे में डाटा साझा करना, राज्य के नियंत्रण कक्षों को सक्रिय करना और नियंत्रण कक्षों के बीच समन्वय स्थापित करना और मतदान की तारीख के दौरान और उससे पहले अंतरराज्यीय सीमाओं को सील करना शामिल था।

### 12 अप्रैल तक बारिश की संभावना, गर्मी से तत्काल मिली राहत

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले 12 अप्रैल तक राज्य में बारिश की संभावना है। इस दौरान मुख्य रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश की प्रबल संभावना है, जिसमें चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल हैं। इस दौरान इन जिलों में बारिश के साथ ही थंडरिंग और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। केंद्र के अनुसार आने वाले दो दिनों के दौरान राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV पंचायती राज

झारखण्ड सरकार
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ
( पंचायती राज शाखा )
दूरभाष : 06553-261555 (कार्यालय) ई-मेल : dc-ramgarh@gov.in

–:: आम सूचना ::–

त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 में जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थी, जिनके द्वारा अबतक निर्वाचन व्यय का लेखा जमा नही किया गया है, रामगढ़ जिला अन्तर्गत ऐसे 15 (पंद्रह) जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नोटिस निर्गत किया गया है, जिन्हें सम्बन्धित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सभी 15 (पंद्रह) अभ्यर्थियों से नोटिस तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है।

अब तक निम्नलिखित 03 जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों द्वारा लेखा व्यय विवरणी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से प्राप्त है –

| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | जयन्त कुमार तूरी, ग्राम+पोस्ट– सौन्दा डी, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 06 / 2023 |
| 2 | डोली देवी, ग्राम– रसदा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– बासल, जिला– रामगढ | XVI रामगढ/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 08 / 2023 |
| 3 | राजेश, ग्राम–सौन्दा बस्ती, पोस्ट सौन्दा डी, थाना– भुरकुण्डा, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 09 / 2023 |

निम्नलिखित 12 जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों द्वारा अबतक निर्वाचन व्यय का लेखा जमा नही किया गया है –

| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सविता देवी, ग्राम– हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, पोस्ट–केदला, थाना–माण्डू, जिला– रामगढ | XVI रामगढ/02/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 01 / 2023 |
| 2 | सुमती देवी, ग्राम– आरा, पोस्ट– सारूबेड़ा, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ/02/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 02 / 2023 |
| 3 | मिथिलेश महतो, ग्राम– बड़की डुण्डी, पोस्ट–करमा, थाना–माण्डू, जिला– रामगढ | XVI रामगढ/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 03 / 2023 |
| 4 | त्रिभुवन प्रसाद, ग्राम– चैनपुर, पोस्ट– चैनपुर, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 04 / 2023 |
| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
| 5 | खुशबू देवी, ग्राम– बलकुदरा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 05 / 2023 |
| 6 | झरी मुण्डा, ग्राम– बलकुदरा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 07 / 2023 |
| 7 | रंजीत कुमार यादव, ग्राम– लबगा, पोस्ट–बलकुदरा, थाना–बासल, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 10 / 2023 |
| 8 | रामफल बेदिया, ग्राम– निम्मी, पोस्ट–पाली, थाना–पतरातू, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/08/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 11 / 2023 |
| 9 | अमन कुमार, ग्राम– बारघुटू, पोस्ट– कुम्हरदगा (साड़म), थाना– गोला, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/14/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 12 / 2023 |
| 10 | तबरेज आलम, ग्राम– बनतारा, पोस्ट– कुम्हरदगा, थाना– गोला, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/14/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 13 / 2023 |
| 11 | उषा देवी, ग्राम– पतरातू, पोस्ट–बेटुलकला, थाना– गोला, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/15/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 14 / 2023 |
| 12 | अरविन्द कुमार, ग्राम– सोनडीहा, पोस्ट– चैनपुर, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 15 / 2023 |

अवर सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक– 03 नि०/पं०– 02/2021 रा०नि०आ०– 339 रॉची दिनांक 12/03/2024 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के उपरोक्त जिला परिषद सदस्य पद के अभ्यर्थियों का नोटिस तामिला एवं विहित प्रपत्र में अनुपूरक प्रतिवेदन की माँग की गई है।

बजरिये नोटिस उपरोक्त 12 (बारह) जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों, जिनके द्वारा अबतक त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 का व्यय लेखा जमा नही किया गया है, को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/04/2024 तक अपने निर्वाचन व्यय का लेखा पंजी, अभिश्रव सहित जिला पंचायत राज कार्यालय, रामगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक निर्वाचन व्यय का लेखा समर्पित नही करने की स्थिति में झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 की धारा 65 "क" "क" निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नही किये जाने पर अनर्हता प्रावधान के आलोक में विहित प्रपत्र में अयोग्य घोषित (निरहर्रित) करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉची को प्रतिवेदन भेज दिया जायेगा।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.323655 District(24-25):D


### सीआइडी के डीजी को हाइकोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को डीजी सीआइडी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। मामले के अनुसंधानकर्ता की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिकस यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराया जाये, ताकि बच्चों को खोजने में सहायता मिले। हालांकि कोर्ट ने इस संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है, कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड से संबंधित ऐसी पर्सनल चीजों की जानकारी आसानी से नहीं दी जाती है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पैरवी की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव शाह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

**क्या है मामला :** दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# लोस चुनाव में 180 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी बीजेपी: राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली मची है। प्रधानमंत्री पूरी बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में 180 का आंकड़ा भी पार नहीं करेगी। राजेश ठाकुर सोमवार को मीडिया से बात कर रहे थे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं बल्कि न्याय पत्र है और यह हर उस समस्या का समाधान है जो भाजपा ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में जनता पर थोपा है। उन्होंने कहा कि आज देश में जब चुनाव मुहाने पर है और इसके साथ देश में पर्व का माहौल भी है तब हमें यह भी तय करना है कि पर्व की आड़ में वोटों का ध्रुवीकरण ना हो। हमें अफवाहों से बचना होगा क्योंकि भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए सांप्रदायिक माहौल बनाने में माहिर है। उन्होंने कहा कि चुनाव देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, युवा, महिला सहित सभी वर्गों की छाप है। इसलिए मोदी हर बार की तरह देश की जनता को मूल मुद्दे से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र में जम्मू कश्मीर, पुडुचेरी, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, मणिपुर आदि राज्यों के लिए के लिए भी विशेष घोषणा की गयी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी से पूछ रही है कि जो जुमले पहले दिए थे उनका दो जवाब मेरे विकास का दो हिसाब।

**घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी सबके लिए :** प्रवक्ता ज्योति सिंह ने पांच न्याय 25 गारंटी पर प्रकाश डाला। घोषणा पत्र के पांच न्याय स्तंभ हैं, जिसमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल है। इसके तहत खाली पड़ी 30 लाख नौकरियां में अविलंब भर्ती, अग्नि वीर योजना को समाप्त करना, एमएसपी की गारंटी, जीएसटी मुक्त बीज, खाद, कृषि उपक्रम, सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50% आरक्षण, गरीब परिवार की महिला मुखिया को एक लाख सालाना, मनरेगा मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन करने समेत कई घोषणा शामिल है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राज्य के सभी जिलों के डीइओ-सह-डीसी के साथ बैठक

# एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से करें भ्रमण और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर करें कार्रवाई: के रवि कुमार

### फॉर्म-6 के प्राप्त लंबित आवेदनों का सक्रियता से करें निष्पादन, सर्विस वोटर का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराएं डीइओ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मतदान से एक भी मतदाता वंचित नहीं रहे। योग्य मतदाता जो अभी भी जिनके नाम निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हैं, उनका फॉर्म-6 में आवेदन प्राप्त कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही अब तक जितने भी फॉर्म 6 से नाम जोड़ने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है, उनका शीघ्र निष्पादन करें, इसे कदापि लंबित नहीं रखें। एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से भ्रमण करें और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें साथ ही इन्हें सी-विजिल ऐप पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विषयों पर वीसी से समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में वाहनों का प्रबंधन इस तरह से करना सुनिश्चित करें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले के वाहन प्रबंधन की समीक्षा करें और चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित रखें।

श्री कुमार ने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने और उनकी घर वापसी की व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के मतदान के लिए बीएलओ से एक बार पुनः वेरिफिकेशन का निर्देश दिया।

### मतगणना की भी तैयारी साथ-साथ करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना की भी तैयारी साथ-साथ पदाधिकारी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने मतगणना टेबल, राउंडवार मतगणना और पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए अलग से टेबल लगाने की व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सर्विस वोटर का शत प्रतिशत मतदान कराना सुनिश्चित कराएं। वोटर गाइड का वितरण कराने, रिलोकेशन वाले मतदान केन्द्रों पर वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर वोलेंटियर एवं मतदाता जागरूकता समूह को एक्टिव करते हुए उन्हें पुन: प्रशिक्षण देने का निदेश दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका/बीएलओ एवं मतदाता जागरूकता समूह, कैंपस एंबेसडर के साथ बैठक कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया।

वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से मेडिकल प्लान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों से संबद्ध मेडिकल सर्विस से मतदान कर्मियों के साथ-साथ मतदाताओं को भी सुविधा प्राप्त होगी। आकस्मिक स्थिति के लिए हैलीपैड बनाये जा रहे हैं। उसे भी मतदान केन्द्रों से टैगिंग करें। लोकसभा चुनाव को लेकर एयर एंबुलेंस की भी सुविधा की गई है। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह सहित कार्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### लालपुर में युवती ने की आत्महत्या

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के एक हॉस्टल के कमरे से 22 वर्षीय युवती का शव बरामद किया है। युवती गढ़वा की रहनेवाली थी और रांची में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में मैथ्स ऑनर्स कर रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के मामलों की जांच कर रही है।

### अफसर अली की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपी दलाल रिम्सकर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान की डिस्चार्ज पिटीशन अदालत अपना आदेश अब 20 अप्रैल को सुनायेगी। पिछले दिनों ही दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में ईडी ने 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा गया। पुलिस पेपर मिलने के बाद दोनों की ओर से अपने आप को निर्दोष बताते हुये आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है।

### प्रेमिका की हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एस बिरूआ की अदालत ने सोमवार को प्रेमिका की हत्या मामले में दोषी युवक देवघर निवासी संजीव कुमार को उम्र कैद की सजा सुनायी है। साथ ही, दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या करने के मामले में अदालत ने 30 मार्च को दोषी ठहराया था। घटना को लेकर रांची सदर थाना में 4 जुलाई 2019 को बेड़ो निवासी युवती के पिता ने शादी की नियत से बहाल फुसलाकर भगा लेने के आरोप में युवक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में उसकी लाश मिली थी। पुलिस की छानबीन में पता चला कि अभियुक्त संजीव कुमार और मृतका के बीच प्रेम प्रसंग था। लेकिन युवक किसी दूसरे से शादी रचाने जा रहा था। जबकि, उसकी प्रेमिका उस पर शादी का दवाब बना रही थी। रास्ते से हटाने के लिए युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई। जिसके आधार पर अदालत ने युवक को दोषी पाकर सजा सुनाई है।

### 9 अप्रैल दिन को ईद का चांद देखने पर ध्यान देने की अपील

**रांची।** दारूल कजा इमारत शारीया रांची के काजी शरीअत, मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने शव्वाल उल मुकर्रम महीना यानी ईद के चांद देखने की अपील की है। कहा कि आमतौर पर लोग चांद देखने पर ध्यान नहीं देते हैं और जो लोग देखते हैं, वे समय में इसकी गवाही नहीं देते हैं। जिससे चांद की तारीख के एलान करने में देरी हो जाती है। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए इमारत शारीया ने बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल के विभिन्न शहरों, कस्बों और क्षेत्रों में इमारत शारीया की 91 शाखाओं और हजारों बस्तियों में स्थापित इमारत शारीया की कमिटी के द्वारा चांद देखने के बाद उसकी गवाही लेने का प्रबंध किया है। 9 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को रमजान उल मुबारक महीना 1445 हिजरी की 29 तारीख है और चाँद की 29 तारीख को आगामी महीने के चाँद नजर आने की संभावना रहती है। इसलिएएस तिथि को शव्वाल उल मुर्करम महीना यानी ईद के चाँद देखने पर विशेष ध्यान दें और दुसरों को भी दिखाएं और देरी किये बिना स्थानीय काजी शरीअत या जिम्मेदार आलिम के पास शहादत दें।

## झामुमो ने लक्ष्मीकांत वाजपेयी के बयान की निंदा की, पहुंचा चुनाव आयोग

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी पर कार्रवाई करे केंद्रीय चुनाव आयोग : झामुमो

### पुलिस-प्रशासन से वाजपेयी पर केस करने और गिरफ्तार करने की मांग की




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने प्रदेश भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के इलेक्शन कमीशन में शिकायत की है। पार्टी ने झारखंड पुलिस-प्रशासन से वाजपेयी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग की है। साथ ही साथ वाजपेयी को झामुमो ने कड़ी चेतावनी दी, कहा कि यह उत्तर प्रदेश नहीं, झारखंड है। अपनी भाषा पर संयम बरतें और सोच समझ कर बोलें, क्योंकि झारखंड झुकेगा नहीं, डरेगा नहीं। ये बातें झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

**मोदी, नड्डा और मरांडी को लिया निशाने पर :** श्री भट्टाचार्य ने वाजपेयी के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी भी यूपी से ही सांसद हैं, क्या वहां पर मां, बहन और बेटी से भाजपा के लोग ऐसे ही बात करते हैं। नड्डा जी भी बताएं कि महिलाओं के खिलाफ ऐसी अभद्र भाषा बोलने वाले को झारखंड प्रभारी क्यों बना कर भेजे हैं। बाबूलाल मरांडी जी को अपने प्रभारी की इस भाषा पर अपनी बात रखनी चाहिए। क्या उनके कार्यालय और आरएसएस मुख्यालय में उनके नेता और कार्यकर्ता इसी तरह से महिलाओं से बात करते हैं।

**कल्पना के डर से बौखला गये हैं बाबूलाल और निशिकांत :** श्री भट्टाचार्य ने कहा कि जिस दिन से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने राजनीतिक जीवन में कदम रखा है उस दिन से बाबूलाल और निशिकांत दुबे बौखला गए हैं। ये लोग कल्पना के डर की कल्पना किस तरह करें, उसकी कल्पना नहीं कर पा रहे हैं। कल्पना सोरेन और झामुमो अपने पूर्व सीएम के कार्यों को लेकर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल के में कोई भी वर्ग ऐसा अछूता नहीं रहा, जिनके लिए कुछ न किया हो। यही सब काम तो भाजपा के लिए सिरदर्द बन गया। अब जब कल्पना सोरेन सामने आयी हैं तो उन्हें कल्पना का डर समा गया है।

### क्या बोल गये थे बीजेपी प्रदेश प्रभारी

बता दें कि ढुल्लू महतो को टिकट दिए जाने के सवाल पर अपना संक्षिप्त परिचय देते-देते लक्ष्मीकांत बाजपेयी अचानक मां-बहन पर उतर आये थे। उन्होंने कहा कि मैंने स्कूटर से काम किया है। जब यूपी में सपा सरकार थी, तब भाजपा के कार्यकर्ताओं से अफसर ज्यादती करते थे। अपने कार्यकर्ताओं को बेदाग साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ता था। यह बोलते-बोलते उनकी जुबान उस समय फिसल गई, जब उन्होंने कहा कि मां के पेट से जन्म लिया हूं। उसकी तो मां-बहन, कर देनी है। मैं किसी से नहीं डरता हूं।

### इंडी गठबंधन के न्याय पत्र से घबरायी बीजेपी

बीजेपी इंडी गठबंधन के न्याय पत्र से घबरा गई है। 10 साल में प्रधानमंत्री ने क्या किया अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करे। इस तरह की सोच रखेंगे तो आप के साथ भी ऐसा ही व्यवहार होगा। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बताए की इस तरह के बयान पर क्या कर रहे है। 21 अप्रैल की महारैली से बीजेपी घबरा गई है। न्याय पत्र से पीएम की घबराहट साफ दिखाई दे रही है। बाबूलाल बोल रहे हैं कि सनातन धर्म वाले लोग आयेंगे। बोलिए न सरना धर्म वाले लोग आयेंगे।

## डीसी के नेतृत्व में तीन घंटे तक बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में की गयी छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार का औचक निरीक्षण किया गया। कुल 16 टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल, अस्पताल आदि की जांच की गयी लेकिन किसी भी सेल से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। डीसी और एसएसपी ने केंद्रीय कारा के जेलर और जेल सुपरीटेंडेंट से जेल की सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर और कैदियों से मुलाकात की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। पुलिस की टीम रात 11.30 बजे जेल में प्रवेश किया और पौने दो बजे जेल परिसर से निकले।

**छापेमारी दल में ये रहे मौजूद :** टीम में अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर केवी रमन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-2 अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सदर संजीव कुमार बेसरा के अतिरिक्त 6 थाना प्रभारी-सह- पुलिस निरीक्षक कोतवाली, सदर थाना, लोअर बाजार थाना, बरियातु थाना, सुखदेव नगर थाना और यातायात थाना प्रभारी कोतवाली समेत 140 पुरुष तथा 20 महिला आरक्षी भी छापेमारी दल में शामिल थे।

## नवंबर तक पूरा बनकर तैयार हो जायेगा एटीआइ का नया भवन

### मंत्री की फटकार के बद भवन निर्माण विभाग ने दिया संवेदक को टारगेट

### ज्यूडिशियल एकेडमी के पास 155.56 करोड़ की लागत से बन रहा भवन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए बनाये जा रहे नये भवन का निर्माण कार्य नवंबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। एचईसी में ज्यूडिशियल एकेडमी के समीप ही बन रहे श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, एटीआई बिल्डिंग को हर हाल में समय पर पूरा करने का लक्ष्य भवन निर्माण विभाग ने इंजीनियरों व संवेदकों को दिया है। वर्तमान में एटीआई मेयर्स रोड स्थित भवन से संचालित हो रहा है। इसे स्थानांतरित कर नये भवन से संचालित किये जाने की योजना है। 155.56 करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन का काम चल रहा है। विगत दिनों भवन मंत्री बसंत सोरेन ने इसकी समीक्षा की थी और काम धीमा होने पर कड़ी नाराजगी जतायी थी। यह बात सामने आयी थी कि एक साल में महज 10 फीसदी कार्य हुआ है। ऐस में मंत्री ने कड़ी फटकार भी लगायी थी ओर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया था। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि काम में देरी होने से लागत बढ़ती है और सरकार को अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे में हर हाल में काम में तेजी लाने को कहा गया था।

## तीन आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

### नगड़ी में टोल प्लाजा के नजदीक घटना को अंजाम देने से पहले कार सवार अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी स्थित टोल प्लाजा के पास घटना को अंजाम देने से पहले तीन अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। गिरफ्तार आरोपियों में नगड़ी थाना क्षेत्र के मुस्लिम मोहल्ला निवासी मो कैफ अंसारी (उम्र 24) पिता-साबीत अंसारी, देवरी ब्लॉक मोहल्ला निवासी नुरुल अंसारी (उम्र 35) और चेक पोस्ट के पास रहनेवाले रेयाज अंसारी (उम्र 23) पिता-हुसैन अंसारी के नाम शामिल हैं। आरोपियों के पास से एक देसी कप्ता, स्विफ्ट डिजायर कार पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि रांची-गुमला एनएच 43 मुख्य सड़क पर टोल प्लाजा के नजदीक कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही रांची-गुमला मुख्य मार्ग में टोल प्लाजा से करीब 3 से 4 मीटर पहले पहुंची थी तो देखा कि सड़क के किनारे एक स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी है। गाड़ी खड़ी देख छापामारी टीम उक्त कार के सामने पहुंची। पुलिस की गाड़ी को अपनी गाड़ी के सामने खडा देख उक्त कार से तीन युवक बाहर निकले तथा भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने भाग रहे आरोपी को दौड़ा कर दबोच लिया। आरोपियों के पास से एक देसी कप्ता बरामद किया गया।

## सीएमपीडीआई प्रयोगशाला को सीपीसीबी के 36वें विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण में सौ फीसदी अंक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई रांची की पर्यावरण प्रयोगशाला ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित 36वें विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण कार्यक्रम के समग्र प्रदूषण मूल्यांकन में शत-प्रतिशत स्कोर हासिल किया। इस कार्यक्रम में देशभर के 200 से अधिक प्रयोगशालाओं ने भाग लिया। यह परिणाम गुणवत्ता आश्वासन के प्रति सीएमपीडीआई के अटूट समर्पण को दशार्ता है। सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के पर्यावरण विभाग को आज बधाई दी। सीपीसीबी,नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराए गए नमूनों पर सीएमपीडीआई द्वारा किए गए मापदंडों जैसे बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), केमिकल ऑक्सीजन डिमांड, टोटल डिसाल्व्ड सालिड्स, पीएच, कंडक्टिविटी आदि के परीक्षण परिणामों के आधार पर मूल्यांकन किया गया था।

### सरकारी स्कूलों को मतदान केंद्रों में न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने का टास्क

**रांची।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार ने रांची शहरी क्षेत्र के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ सोमवार को बैठक की। ये ऐसे स्कूल हैं जहां लोक सभा चुनाव 2024 के लिए मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा विद्यालयवार मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की चर्चा की। साथ ही विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त प्रतिवेदन पर विद्यालयवार सभी बिंदुओं पर समीक्षा की। इस संबंध में कहा गया कि सभी अपने-अपने विद्यालयों में जहां मतदान केन्द्र स्थित हैं, वहां न्यूनतम सुविधा एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीइओ, डीएसई अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, बीपीओ, प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक भी उपस्थित थे।

## हिंदू नववर्ष का भव्य अभिनंदन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद रांची इकाई द्वारा लालपुर स्थित हॉटेल सिटी पैलेस के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत सर २०८१ चैत्र प्रतिपदा एवं होली मिलन का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें फगुवा चैती लोक गीतों की मधुमय फुहार कवि-कवित्रियों द्वारा बरसाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड के महामंत्री विजय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी सनातनी बंधुओं का प्रयास यही होना चाहिए कि हम अपनी हिन्दू संस्कृति के विरासत को नए रूप में परिभाषित करें एवं नयी पीढ़ी को अपनी महान उदार संस्कृति से परिचित कराएं। उन्होंने ने कहा- हिंदु नववर्ष के इस पावन अवसर पर हम सभी अपने अपने घरों में दीप जलाएं, रंगोली बनाएं एवं घर में बने पारंपरिक भोजन एवं मिष्टान्न से एक दूसरे को उपहार स्वरूप भेंट देकर यह उत्सव मनाएं। हमारे इस प्रयास से स्वतः ही सोयी हुई हिन्दू मानस चेतना ऊर्जस्वित हो जाएगी। हम सभी को बस ऐसे ही छोटे छोटे प्रयास करने हैं। जिससे हिन्दू गौरव का मान बढ़े।

इस अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पंकज वत्सल ने कहा- ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हमारे सामने हिन्दू अस्मिता को लेकर कठिन चुनौती है। हमें किसी भी स्थिति में अपनी भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को किसी भी प्रकार के भ्रम एवं दुष्प्रचार से बचाए रखना होगा। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने घरों से आस्था का दीप जलाकर इसका शुभारंभ करें। जिससे भारतीय जन मानस को आयातित वैचारिक अंधकार से बाहर निकलने में सफलता मिले।

डीएवी गांधी नगर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिन्हा ने कहा- हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं आस्था के प्रति गम्भीर एवं ईमानदार बनना होगा। इसके लिए ऐसे आयोजनों की बहुत आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएवी गांधी नगर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज वत्सल, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, रेणु झा रेणुका, कामेश्वर सिंह कामेश, अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड के उपाध्यक्ष प्रशांत कर्ण, वैधनाथ मिश्र, सदानंद सिंह यादव,पम्पा सेन एवं रजनी चंदा ने मंच की शोभा बढ़ायी। इस अवसर पर रचनाकारों ने काव्य पाठ किये।

### पलामू जेल के कैदी की रिम्स में मौत

**रांची।** रिम्स में ईलाजरत पलामू जेल के कैदी अजय चौधरी की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। अजय चौधरी पर बीते 26 मार्च को अपने चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने आरोप था। पुलिस ने आरोपी अजय चौधरी को 28 मार्च को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था। अचानक तबीयत खराब होने के बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी।

**चचेरे भाई की गोली मारकर की थी हत्या :** बताते चलें कि 26 मार्च को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड में मनोज चौधरी नामक नामक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जानकारी के अनुसार, मनोज चौधरी अपने गोतिया परिवार के साथ होली के दिन बैठकर शराब पी रहा था। इसी क्रम में अपने चचेरे भाई अजय चौधरी के साथ उसकी बहस हो गयी थी। आरोप है कि बहस के दौरान अजय चौधरी ने मनोज चौधरी को गोली मार दी थी।

### अंडर 17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड का एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक पर कब्जा

**रांची।** पटना के पाटलिपुत्र परिसर में चल रहे एसजीएफआई 67वीं अंडर 17 राष्ट्रीय स्कूली खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदकों से राज्य की झोली भर दी है। 400 मीटर दौड़ में एथलीट साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक जबकि प्रतीक उरांव ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। 100 मीटर फरार्टा दौड़ में झारखंड के प्रज्वल कुमार ने 10.85 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया है।

## पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय पहुंचे दरगाह मजार शरीफ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सोमवार को डोरंडा स्थित दरगाह मजार शरीफ पहुंच कर रिशालदार बाबा के अस्ताने में चादरपोशी की एवं राज्य की खुशहाली, तरक्की, अमन, के लिए दुआ मांगी साथ ही साथ ईद एक्सपो मेला का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्कें साथ पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे भी मौजूद थे। इसके पूर्व मजार शरीफ पहुंचने पर हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के सदर अयूब गद्दी, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उपसचिव जुल्फिकार अली भुप्तो, जुनैल आबेदीन,अनीश गद्दी,पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के शाहिद खान, समीर हेजाजी,पासवा के मेहुल दुबे ने सुबोध कांत सहाय एवं आलोक दूबे का स्वागत किया।

## केंद्र से मिली रिक्ति, कार्मिक ने विभागों से योग्य अफसरों के मांगे नाम

# झारखंड प्रशासनिक सेवा और गैर सेवा से राज्य के 15 अफसर बनेंगे आइएएस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए मौका दिया है। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध भारत सरकार ने झारखंड को 15 रिक्तियां आइएएस के पदों की भेज दी है। इनमें नौ पदाधिकारी झारखंड प्रशासनिक सेवा (एससीएस) से और छह पदाधिकारी गैर असैनिक सेवा (नॉन एससीएस) से होंगे जो आइएएस बनेंगे। यूं कहें कि स्टेट सर्विस के अधिकारियों के साथ-साथ नॉन एससीएस से डॉक्टर, इंजीनियर, योजना सेवा, सचिवालय सेवा इत्यादि के अफसर भी इस बार आइएएस बन पायेंगे। बताते चलें कि कार्मिक विभाग ने आइएएस में प्रमोशन के लिए केंद्र से रिक्तियां मांगी थी। इसके बाद केंद्र की ओर से राज्य को वैकेंसी भेज दी गयी है।

इधर, केंद्र से लेटर मिलते ही झारखंड के कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखा है और अपने अधीन योग्य अफसरों के नाम मांगे हैं, जिन्हें आइएएस में प्रोन्नति के लिए नामित किया जायेगा। कार्मिक विभाग ने इसके लिए विभागों को अपने मातहत एक कमेटी बना कर वैसे अधिकारियों के नाम पर विचार कर अनुशंसा करने को कहा है। नॉन एससीएस से पथ निर्माण, नगर विकास, जलसंसाधन, योजना विकास, उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को पत्र लिखा गया है। एससीएस सेवा के लिए कार्मिक विभाग स्वयं सहित अन्य विभागों में कार्यरत अफसरों के सूची मांगी है। सूची मिलते ही सीएस के स्तर पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी इस पर विचार करेगी। समिति की अनुशंसा पर राज्य सरकार फैसला लेगी। जानकारी के अनुसार झाप्रसे सेवा की नौ रिक्तियों के विरुद्ध 27 नाम व नॉन एससीएस के छह अधिकारियों के विरुद्ध 18 अधिकारियों के नामों का पैनल चयन कर यूपीएससी को भेजा जायेगा। वहां बोर्ड की बैठक के बाद अंतिम 15 का चयन होगा। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार इस पर आदेश जारी करेगा। अधिकारियों का कहना है कि अभी आचार संहिता लागू है, ऐसे में जून माह में इस कार्य में और तेजी आयेगी।

## सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में एचइसी प्रबंधन से हुई वार्ता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सासंद संजय सेठ एवं भाजपा नेता विनय जायसवाल, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व मे एचईसी के निदेशक कार्मिक निदेशक उत्पादन के साथ ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम शंकर पासवान, एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद एवं सप्लाई ठेका श्रमिक संघ के महामंत्री उदय शंकर के साथ वार्ता हुई। इसमें रामनवमी, ईद एवं सरहुल को देखते हुये सभी कर्मचारियों को डेढ़ महीने का वेतन और 2 महीना का बैंक लोन देने पर सहमति बनी। साथ ही, सप्लाई कर्मचारियों का टेंडर 7 से 10 दिन के अंदर निकालने की बात कही गई है। मौके पर आर के द्विवेदी, पूर्णेन्दु मिश्रा, सुभाष चंद्रा, अमित कुमार शशी कुमार, रंजन नायक, रविकांत, सुनिल कुमार पांडे, सरोज कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार, प्रसाद गौतम, सुधीर कुमार, सुजित झा, मोहम्मद असलम, सुमन सिंह, अनिल तिवारी, जॉन तिग्गा, जयनारण सिंह एवं काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं सप्लाई मजदूर उपस्थित थे।

### आजसू ने डीएसपीएमयू के परीक्षा विभाग में की तालाबंदी

# प्रशासनिक भवन का किया घेराव, वीसी बोले- मांगों को शीघ्र किया जायेगा पूरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** युवा आजसू के सदस्यों ने सोमवार को रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के परीक्षा भवन में तालेबंदी कर प्रशासनिक भवन का घेराव किया। लगभग तीन घंटे चली इस तालाबंदी एवं घेराव प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के 22-25 सत्र के बहुत सारे छात्र छात्राओं का ईयर बैक लगा है, संवेदनशील होकर विश्वविद्यालय इसके लिए स्पेशल परीक्षा करवाए। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 1000 छात्र छात्राओं से पैसे लिये गए और उन्हें दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति भी नहीं दी गई। इन सभी छात्र-छात्राओं के पैसे से विद्यालय प्रशासन ने क्या किया?

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के नए भवन के अधिकांश भाग टूट कर गिर रहे हैं। बिल्डिंग में कई जगह दरार पर चुकी है। इस कारण आए दिन छात्र-छात्राओं को जान माल का खतरा बना रहता है। मैनेजमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ एसके बास्के पर विश्वविद्यालय ने अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की, इनके खिलाफ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई बार शिकायत की है। विश्वविद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। साइकिल स्टैंड में शेड निर्माण किया जाए, विश्वविद्यालय के कैंटीन को अविलंब चालू किया जाए। बगैर आई कार्ड के विश्वविद्यालय परिसर में किसी को प्रवेश की अनुमति ना प्रदान किया जाए, विश्वविद्यालय के सभी विभागों में छात्र-छात्राओं के लिए 75% उपस्थित को अनिवार्य किया जाए, योगिक साइंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को अलग विभाग दिया जाए एवं उसके कक्षाओं के सुचारू रूप से चलाया जाए।

लगभग तीन घंटे चले विरोध प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति छात्र-छात्राओं से वार्ता करने के लिए पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा के भवन निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जा रहा है। परीक्षा विभाग की कार्यशैली पर पर नजर बनाए रखने के लिए भी एक कमेटी का गठन किया जा रहा है और बाकी अन्य मांगों को भी तय समय सीमा के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। वहीं युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने विश्वविद्यालय के कुलपति से साफ-साफ कहा कि अगर जल्द ही हमारे सभी मांगे तो पूरा नहीं किया गया तो युवा आजसू विश्वविद्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव एवं तालाबंदी करेगी।

## वित्त वर्ष 2024-25 में जेबीवीएनएल लाइन लॉस कम करने के लिए खर्च करेगा ₹1680 करोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पिछले कुछ सालों में झारखंड में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। जहां सामान्य दिनों में बिजली की मांग 1900 से दो हजार मेगावाट तक रहती है, वहीं गर्मी के दिनों में बिजली की मांग 2600 मेगावाट तक पहुंच जाती है। झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारियों की मानें तो आनेवाले समय में बिजली की मांग में और भी अधिक वृद्धि दर्ज की जायेगी। ऐसे में ट्रांसमिशन लॉस या लाइन लॉस कम करने पर निगम की ओर से जोर दिया जा रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो झारखंड में बिजली नुकसान या लाइन लॉस कम करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। इसके लिए तकनीकी रूप से निगम को मजबूत होना होगा। ऐसे में साल 2024 - 25 में निगम की ओर से 1680 करोड़ लाइन लॉस कम करने के लिए खर्च किया जायेगा। इसके जरिये निगम की ओर से इंफ्रास्ट्र^ र और आधुनिक उपकरणों के जरिये लाइन लॉस कम करने पर काम किया जायेगा।

निगम अधिकारियों की मानें तो पर्याप्त संसाधान नहीं होने की वजह से राज्य में बिजली का नुकसान बढ़ता जा रहा है। जिससे जेबीवीएनएल को लगातार नुकसान होता है। लाइन लॉस के कारण बिजली की बबार्दी होती है। ऐसे में गुणवत्ता युक्त निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए लाइन लॉस एक बड़ी समस्या है। राज्य में ट्रांसमिशन लॉस और अन्य तकनीकी कारकों के कारण लगभग 1183 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद होती है। इस लाइन लॉस को कम करने के लिए बिजली वितरण निगम ने साल 2024-25 में 1680 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनायी है। जानकारी हो कि लाइन लॉस बिजली की उपलब्धता और करेंट पर निर्भर करता है। टेक्निकल लॉस में डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के स्तर पर गड़बड़ी होती है। जैसे जैसे लोड बढ़ता है यह लॉस भी बढ़ता जाता है।

## खबर एक नजर में

### राघवेन्द्र कुमार सिंह ने वेद प्रकाश सिंह व अन्य पर लगाया फर्जी वसूली का आरोप

**रांची।** राज फन एन ऑट के मालिक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने वेद प्रकाश सिंह (फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष), आनन्द मूर्ति, धीरज सिंह, उमेश यादव, संतोष कुमार, जयंती कुमारी के द्वारा फर्जी तरीके से धुर्वा बस स्टैण्ड डेली मार्केट, सेक्टर-3 शालीमार बजार एवं सेक्टर-2 स्थित सप्ताहिक बाजार में फर्जी तरीके से वसूली का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत धुर्वा थाना में किया है। उनका कहना है कि धुर्वा बस स्टैण्ड डेली मार्केट, सेक्टर-3 शालीमार बजार एवं सेक्टर-2 स्थित सप्ताहिक बाजार में वसूलने की एचईसी के द्वारा आवंटित निविदा में मुझे कायार्देश मिला है।

### सभी राम भक्त तिलक लगायें : संजय सेठ



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत की ओर से सोमवार को दिगंबर जैन भवन हरमू रोड में सभी अखाड़ेधारी के लिए झंडा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने कहा कि सभी राम भक्त अपने घर में तलवार रखें और तिलक लगाएं। सांसद ने कहा कि इस बार का रामनवमी हमलोग के अत्यंत उत्साहपूर्ण है। रांची विधायक ने कहा कि रांची के युवा जोश के साथ हनुमान पताका और हाथ में तलवार लेकर करतब दिखाते मंदिर पहुंचेंगे। ललित नारायण ओझा ने अखाड़ाधारियों से बढ चढ़कर इस राम नवमी को सफल बनाने में आगे आने की अपील की।

### डीडी फ्री डिश पर एक्शन सिनेमा

**रांची।** उत्तम दर्जे की फिल्मों के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिये मशहूर जी का हिंदी फिल्मों का समूह भारतीय दर्शकों की हर पसंद पर खरा उतरने वाले चैनलों के साथ टेलीविजन जगत में क्रांति ला रहा है। डीडी फ्री डिश के चैनल नंबर 70 पर 1 अप्रैल से एक्शन सिनेमा उपलब्ध है। जी मूवीज के बिजनेस हेड रुचिर तिवारी ने कहा कि हम अपने दर्शकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिये लगातार कुछ नया करने और उनके अनुसार ढलने का प्रयास कर रहे हैं।

### आशीष अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अध्यक्ष



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की वार्षिक आम सभा सोमवार को हुई। सभा की अध्यक्षता अमित चौधरी ने किया। चुनाव पदाधिकारी सुभाष पटवारी एवं मनीष लोधा द्वारा चुनाव की जानकारी सभा के समक्ष रखी गई। तत्प>ात 1:20 से 5:00 बजे तक चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें कुल 253 सदस्यों ने अपने मतों का प्रयोग किया। आशीष अग्रवाल को 202 वोट एवं कन्हैयालाल भरतीया को 43 वोट मिले एवं आठ वोट को रद्द किया गया। चुनाव पदाधिकारी ने आशीष अग्रवाल को सत्र 2024 25 के लिए उन्हें अध्यक्ष घोषित किया। मौके पर राजिव केडिया,पूर्व अध्यक्ष मुकेश काबरा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, सुभाष पटवारी, प्रभात साबु, मुकेश जालान,राहुल अग्रवाल, तुषार विजयवर्गीय, विशाल पाडिया, मनीष लोधा, दीपक गोयनका, समस्त कार्यकारिणी गण उपस्थित थे।

## सरहुल को लेकर झारखंड यूथ क्रांति संघ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड युथ क्रांति संघ की बैठक सोमवार को जेल पार्क के बिरसा मुण्डा सभागार में संघ के मुख्य संयोजक नमित हेमरोम की अध्यक्षता में हुई। संचालन संगठन के संयोजक मनोज प्रमाणिक ने किया। बैठक में संघ के मुख्य संरक्षक जितेन्द्र सिंह मौजूद थे।

बैठक में सरहुल महापर्व में निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर मंत्रणा की गयी। बैठक में संघ ने घोषणा किया कि सरहुल को लेकर जो शोभायात्रा निकलती है उसमे सुरक्षा के दृष्टि से 200 की संख्या में वोलेन्टियर विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेंगे। बैठक में विकास मुंडा, गौरव घोष, सोना मुंडा, विशाल उपाध्याय, सुरज सिन्हा, अमित हेमरोम, अमन मुंडा छोट्टू, राज वर्मा, मोन्टी वर्मा, विशाल सिंह, राजा प्रमाणिक, करन गुप्ता, नितिश गुप्ता, रूपेश कुमार लकड़ा, निरज सिंह, गोल्डी वर्मा, सोनू सोनी, मोनू लकड़ा आदि मौजूद थे।

### अपने ही स्कूल की शिक्षिका से दुर्व्यवहार प्रभारी हेडमास्टर को पड़ा महंगा

## प्रभारी पद से हटाए गए, वरीय महिला पीजीटी को प्रभार देने का मिला आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिवनारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रिय रंजन को शिक्षिका के साथ दुर्व्यवहार करना महंगा पड़ा। जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार सिंह ने उन पर लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद उन्हें प्रभारी के पद से हटा दिया है। साथ ही दो दिनों के भीतर स्कूल का संपूर्ण प्रभार स्कूल के वरीय स्नातक प्रशिक्षित शिक्षिका को अनिवार्य रूप से सौंपते हुए कार्यालय को सूचित करने को कहा है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी के इस आदेश के बाद स्कूल में वरीय स्नातक प्रशिक्षित शिक्षिका का मनीषा रानी सिंह अब स्कूल की नई प्रभारी होंगी।

बताते चलें कि स्कूल की शिक्षिका शिवानी सिंह ने प्रभारी प्रावधान्य अध्यापक प्रिय रंजन पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस पूरे मामले की जांच कराई और जांच में सही पाया गया तो उन्हें प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से हटा दिया। इसके बाद भी वह प्रभार नहीं दिए और बड़े अधिकारियों से पैरबी कराकर जम रहे। तब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उनसे स्पष्टीकरण पूछा और स्पष्टीकरण में उनका संतोषजनक जवाब नहीं पाए जाने पर उन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक के प्रभार से मुक्त कर दिया। इससे संबंधित आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने 6 अप्रैल को जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि महिला विद्यालय होने के कारण विद्यालय के सफल संचालन एवं छात्र हित में विद्यालय के वरीय स्नातक प्रशिक्षित शिक्षिका को प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाती है। वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रिय रंजन को आदेश दिया जाता है कि पत्र निर्गत की तिथि से दो दिनों के अंदर स्कूल के वरीय स्नातक प्रशिक्षित शिक्षिका को प्रभार सौंप दें।

### पितृ दोष से छुटकारा के लिए लोगों ने की वेंकटेश्वर की पूजा

**रांची।** सोमवार को तिरुपति बालाजी मन्दिर में स्नान, दान सहित सोमवती अमावस्या पर्व पर विशेष अनुष्ठान हुआ। श्रीदेवी और भूदेवी सहित पद्मावती के प्रियतम श्रीनिवास का षोडषोपचार पूजा आराधना और महाआरती हुयी। फिर श्रीवेंकटेश्वर को समर्पित देशिक स्तोत्राणि, श्रुति की ऋचायें और उपनिषदों के उत्कृष्ट मंत्रों से स्तवन हुआ। पट खुलते ही भक्तों की भीड़ से मंदिर परिसर भर गया। स्त्रियों ने भगवान श्रीमन्नारायण का विधि विधान से अर्चना करायी और परिक्रमा कर पति की आयु, आरोग्य, धैर्य और पितरों की तृप्ति के लिए मंगल प्रार्थना की। संवत्सर का प्रथम दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मंगलवार 2024 वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण और पावन दिवस है।

## अक्षत आरोग्यम रांची का विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर क्लीनिंग थेरेपी कैंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को प्राकृतिक उपचार केंद्र अक्षत आरोग्यम की ओर से लोगों में प्राकृतिक चिकित्सा एवं क्लींजिंग थेरेपी की जागरूकता, अनुभव एवं उपचार के लिए दो दिवसीय आवासीय क्लींजिंग थेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ से आए कुल 28 लोगों ने वाराणसी के प्राकृतिक चिकित्सक डॉ संतोष पांडे और रांची के डॉ शिवशंकर मुर्मू एमबीबीएस एवं तीन थेरेपिस्ट सुधींद्र कुमार, हेमंत किशोर एवं अवनींद्र सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण एवं उपचार प्राप्त किया। कैंप का शुभारंभ करते हुए झारखंड के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार ने कहा कि जीवन का सही आनंद लेने के लिए सबसे आवश्यक स्वस्थ रहना है। पुलिस सेवा में रहते हुए उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण मिला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सही भोजन, योग और व्यायाम, अच्छी नींद और प्राकृतिक उपचार विधि सर्वोत्तम है।

कैंप के दौरान सभी प्रशिक्षुओं की विभिन्न मशीनों के द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई और जिन्हें किसी तरह की समस्या थी, उसका निदान उपचार किया गया। कैंप में सभी का प्राकृतिक तरीके से लिवर, किडनी, एसिडिटी, पैरासाइट, मुंह, नाक, आंख, रक्त और कान की क्लींजिंग करवाए गए। अगले दिन प्रातःकाल में योग गुरु प्रीतम बनिक ने स्वस्थ जीवन में योग के महत्व को दर्शाने के लिए कई योगिक गतिविधियां करवाई। जेपी सिंह और अवनींद्र सिंह ने सही स्वास्थ्य एवं उपचार में संगीत के महत्व पर चर्चा के साथ साथ आनंददाई संगीत की प्रस्तुति भी की। कैंप में अवनींद्र सिंह ने बताया कि संसार में ज्ञात 90% बीमारियों का शत प्रतिशत इलाज क्लीनिंग थेरेपी द्वारा संभव है। पूरे भारत को स्वस्थ बनाने और बनाए रखने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा की इस सरल, न्यूनतम खर्च में घर में ही की जा सकने वाली पद्धति को कैंप के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। समापन कार्यक्रम में कैंप के सहभागी के रूप में संजय कुमार सिंह इंडियन बैंक, डा माया कुमार निदेशक चिरंजीवी पब्लिक स्कूल, श्रीहरि माधव प्रशाखा पदाधिकारी, जागो चौधरी अवर सचिव, बिनोद अग्रवाल कैलाश स्टेशनर्स, मनीष, पूनम साहू, डा डी एन सिंह,दुर्गा चरण,प्रेमचंद, अमित वर्मा, जेपी सिंह, सुधा देवी, सुधींद्र कुमार ने अपने विचार रखे। अवनींद्र सिंह ने चिकित्सकों, प्रशिक्षुओं, थेरेपिस्ट, वेल्थिलाइफ और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

## हिन्दू महापरिवार की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदू महापरिवार की विशेष आम बैठक सोमवार को लालपुर में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वामी दिव्यानंद महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आयान, प्रदेश अध्यक्ष सौमेन दत्ता ने की। मुख्य संरक्षक ने बताया कि इस वर्ष हिंदू महापरिवार के अस्तित्व में आने के बाद से रामनवमी मनाने का 9वां वर्ष है। इस साल राम नवमी 17 अप्रैल (बुधवार) को मनाई जाएगी। रामनवमी की पूर्व संध्या पर 16 अप्रैल को सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा 16 अप्रैल को हनुमान चालीसा पाठ विशेष रूप से सितारों के संकेत और स्थिति के कारण महत्वपूर्ण है जो सामुहिक हनुमान चालीसा में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए धन, शांति और समृद्धि लाएगा। 17 अप्रैल को सभी राम भक्त, हिंदू अखाड़े के सम्मान में एक विशाल मंच बनाया जाएगा। जनता को मीठा और ठंडा पेय वितरित किया जाएगा। किसी भी स्थिति में चिकित्सा सहायता सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। राजेश आयान और सौमेन दत्ता ने बताया कि कैसे पूरे हिंदू महावीर समाज की भलाई के लिए सामाजिक कार्य कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट में साइबर फ्रॉड रोकने को दायर याचिका निष्पादित, कोर्ट ने कहा जरूरी कदम उठाना जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार और आरबीआई की ओर से मामले में जो जरूरी कदम उठाया जाना था, वह उठाया जा चुका है। कोर्ट के आदेश का अनुपालन हो गया, ऐसे में अब इस याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने जनहित याचिका निष्पादित कर दी।

प्रतिवादी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में आरबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि वह राज्य सरकार को साइबर फ्रॉड रोकने को लेकर दिशा- निर्देश जारी नहीं कर सकती है। आरबीआई का मोबाइल बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित नियम, रेगुलेशन एवं दिशा- निर्देश कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वहीं प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड के देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर झारखंड से साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराधी झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का साइबर सेल है लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, इन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।


### हजारीबाग डीसी से मांगी डीएमएफटी फंड की जानकारी

**रांची।** एनटीपीसी द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस का एनओसी लेने के मामले की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने हजारीबाग डीसी को डीएमएफटी फंड में अब तक जमा किए गए फंड और खर्च का ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वन विभाग की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का कोई औचित्य नहीं था। कोर्ट ने कहा कि जब डीएफओ ने उक्त मामले की जांच किया तो उस रेंज के अधिकारी कैसे इस बात से इनकार कर रहे है। इसलिए इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्वयं कोर्ट में हलफनामा दायर करें। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की बेंच में हुई। इस पूरे मामले को लेकर हजारीबाग के रहने वाले मंटू सोनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ये मामला पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए जमीन हस्तांतरण से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता मंटू सोनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### डीएसपीएमयू में अकादमिक बिंदुओं पर कुलपति की अध्यक्षता में बैठक

## आज इंडियन नॉलेज सिस्टम का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाना है : डॉ शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। इसके तहत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण अकादमिक और प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा के साथ उसपर निर्णय लिए गए। आज की बैठक के दौरान नैक की तैयारी को लेकर उपस्थित डीन और विभागाध्यक्ष के साथ विस्तार से अपने संवाद के दौरान कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इसके लिए नैक कॉर्डिनेशन कमेटी के अलावा उप कमिटी का भी गठन नैक की संपूर्ण तैयारी के विशेष तौर पर लाभकारी होगा। इन सबके ऊपर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक अपनी पूरी क्षमता और सहभागिता के साथ इसकी तैयारी में जुटेंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। उन्होंने इस क्रम में विश्वविद्यालय के सभी प्रायोगिक कार्यशालाओं को अपग्रेड कर उसे विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक बनाने पर बल दिया।

उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी सुनि>ित करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय को नियमित अंतराल पर संस्थागत विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने सभी विभागों से एड ऑन कोर्स प्रारंभ करने की दिशा में इंडियन नॉलेज सिस्टम यानि भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने की बात पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इंडियन नॉलेज सिस्टम, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का एक प्रभाग है। इसका उद्देश्य स्वदेशी भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने इसके सभी प्रमुख अवयवों की जानकारी दी और कहा कि यूजीसी गाइडलाइंस के अनुसार इसके तहत भारतीय तर्कशास्त्र, भारतीय भाषा विज्ञान, भारतीय स्थापत्य कला भारतीय धातुकर्म, भारतीय राजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था शामिल है और नई शिक्षा नीति के आधार पर ही यूजी और पीजी स्तर पर भारतीय ज्ञान परपरा के कई नए पाठ्यक्रम सुझाए गए है।

कुलपति डॉ शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद मिश्रा, सभी संकायों के डीन, सभी विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक शामिल थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### आजसू पार्टी ने मतदाताओं को भ्रमित करनेवालों के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल ने अरगोड़ा थाने में सोमवार को एक आवेदन दिया। इसमें मोबाइल नंबर 8069167870 से कॉल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि इस मोबाइल नंबर से गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं को कॉल करके गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। यह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से कॉल करने का दावा कर लोगों को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सीपी चौधरी को वोट नहीं देने की बात कह रहा है। बनमाली मंडल ने कहा कि इस तरह के कॉल से न सिर्फ चन्द्र प्रकाश चौधरी और हमारे गठबंधन की छवि ही धूमिल नहीं हो रही रही है बल्कि मतदाताओं को भी प्रभावित किया जा रहा है। इस तरह के आपराधिक मानसिकता वाले लोग निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को भी बाधित कर रहे हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद अरगोड़ा थाना प्रभारी ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाई का भरोसा दिलाया है।

स्पीड न्यूज

### 328 मीडियम रेजीमेंट के सैनिक ने गोली मारकर आत्महत्या की

**नामकुम।** कोचाटोली के 328 मीडियम रेजीमेंट के कोत प्रभारी करनैल सिंह ने कोत कक्ष आरमोरल में खुद को गोली मार ली। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि करनैल सिंह 36 वर्ष जम्मू काश्मीर के रजौरी का रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही नामकुम पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया बताया जा रहा है कि करनैल ने रविवार को ही चार बजे गोली मारी थी जिसके बाद गोली चलने की आवाज पर लोग कोत कक्ष की ओर दौडे तो वहां पर करनैल को खून से लतपथ देखा जिसके बाद उन्हे सेना अस्पताल नामकुम ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोसित कर दिया। बताया जा रहा है कि करनैल का परिवार रजौरी में ही रहता था,रविवार को उनका शव रजौरी भेज दिया गया।

### शांति समिति की बैठक

**मांडर।** थाना परिसर मांडर में सोमवार को शाम सरहुल, ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता खेलारी डीएसपी राम नारायन चौधरी ने की। तीनों पर्व को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने पर्व को मिल जुलकर मनाने व नशापान से परहेज करने की बात कही। वहीं डीएसपी ने प्रशासन की ओर से अफवाहों से बचने, किसी अप्रिय घटना की सूचना अविलंब पुलिस को देने की अपील की। पर्व के दौरान किसी भी तरह से इसका उल्लंघन न हो सभी इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

### विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मांडर।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा मुडमा बस्ती में सोमवार को विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा को लेकर भी जानकारी दी गई।

### शरारती तत्वों ने धार्मिक झंडा फाड़ा,थाना में मामला दर्ज कराया

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र महाबीर नगर कमाती धौड़ा सरना स्थल में लगे सरना झंडा को अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा फाड़ दिया गया। सरना स्थल पर सरना झंडा फाड़ देने की सूचना सरना समाज के लोगों दिया गया। सरना स्थल पहुँचकर समाज के लोगो ने देखा कि झंडा को फाड़ दिया गया। जिससे सरना समाज के धार्मिक भावनाओं पर चोट हुआ है। जिसके बाद सरना समाज समिति सदस्य राजकुमार उराँव ने खलारी थाना पर लिखित आवेदन देकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग किया गया। खलारी थाना में क्षेत्र के सरना समाज के प्रतिनिधियों ने घटना का निंदा करते हुए कार्रवाई करने की आग्रह किया गया।

## सिमलिया में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष जारी

# गुलाबी गैंग ने दो सगे भाइयों को घायल कर तोड़ी चहारदीवारी

## 16 के खिलाफ प्राथमिकी, चार गिरफ्तार, कारोबारियों ने ली है मदद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र में जमीन विवाद थम नहीं रहा है। जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष जारी है। अब तक कई लोग इसके शिकार हो चुके हैं। सिमलिया कटहल टोली में सोमवार की दोपहर कारोबारियों के बुलावे पर जमीन में कब्जा दिलाने आयी हरवे हथियार से लैश गुलाबी गैंग की महिलाओं ने खूनी संघर्ष को अंजाम देते हुये सिमलिया के दो सगे भाई शमसूल होदा व नुरूल होदा को मारकर घायल कर दिया और चहारदीवारी भी तोड़ डाली। इसमें में शमसूल होदा को गंभीर चोटे आई है। दोनों को रिम्स में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर जमीन मालिक सिमलिया निवासी इसहाक अंसारी के ब्यान पर रातू थाने में 16 नामजद के अलावा करीब डेढ़ सौ लोगों के खिलाफ कांड संख्या 126/24 दर्ज की गयी है। पुलिस ने सोनी देवी, उषा देवी, पम्मी देवी व हीरामणि देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

**ये हैं कांड के आरोपी**

पंडरा विद्यानगर कॉलोनी निवासी अनिल सिंह व सुनील सिंह, फुटकलटोली के कमरूल हक, इलियास अंसारी, आतिश सिंह, विवेक कुमार, मंजुर अंसारी, सुनीता कश्यप, अमित मुंडा, जुम्मन अंसारी, नौशाद अंसारी, शमसाद अंसारी, हजरत अंसारी, सद्दाम अंसारी, हुसैन अंसारी, खुर्शीद अंसारी व अन्य।

**जानें क्या है मामला**

इसहाक अंसारी वगैरह का मौजा सिमलिया की खाता संख्या 69 में 6.85 एकड़ पुस्तैनी जमीन है। जिसे न्यु शास्त्रीनगर मधुकम निवासी राकेश रंजन उर्फ मुकेश पांडेय व सुखदेवनगर के जगदीश प्रसाद को बेच दिये हैं। 15 दिन पूर्व ही बॉउन्ड्री किया गया है। अभियुक्तों की ओर से राकेश व जगदीश से 1.5 करोड़ रुपए रंगदारी की मांग की जा रही है। शमसुल और नुरुल होदा इसकी देख-रेख करते हैं। इधर, आरोपी कमरुल हक की पत्नी रोजिदा खातून ने भी थाने में जमशेद अंसारी समेत अन्य पर जान मारने की धमकी दिये जाने की अर्जी दी है।

### नाबालिक के अपहरण मामले में आरोपी को जेल

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने अपहरण मामले में नामजद प्रभाकर लोहरा को किया गिरफ्तार, भेजा जेल। थाना प्रभारी गोविंद कुमार से मिली जानकारी के अनुसार लोहरदग्गा के चिरी बड़काटोली निवासी 22 वर्षीय प्रभाकर मुंडा नामजद अभियुक्त है। उसके ऊपर मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से ही नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने व अपहरण करने का आरोप है। इस बाबत लड़की के परिजनों ने मैकलुस्कीगंज थाना में 5 अप्रैल को लिखित आवेदन देकर नामजद मामला दर्ज कराया था। प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नामजद अभियुक्त को इसी थाना क्षेत्र के हेसालौंग साप्ताहिक बाजार से गिरफ्तार कर लिया, साथ में अपहत लड़की को भी बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए नाबालिग लकड़ी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

**एक नजर में**

### डोमनडीह गांव में मनाया गया महापर्व सरहुल



ग्रामीणों के साथ सरहुल नृत्य करते सुदेश महतो

**राहे।** प्रखंड के डोमनडीह गांव में प्रकृति का महापर्व सरहूल धूमधाम से मनाया गया।सरहुल महोत्सव में विधायक सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुये। डिबाई पाहान के द्वारा आदिवासी का रीति रिवाज के साथ सरना स्थल पर पुजा अर्चना किया गया। पूजन के बाद परंपरागत आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। सरना स्थल ब्लॉक परिसर से भाई बस शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए गांव के हरि मंदिर तक गई जहां ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया।विधायक सुदेश महतो ने सभी को सरहुल की शुभकामनाएं दी। मौके पर जयपाल सिंह, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बबलू खान ,पंचानन्द मुंडा, सुभाष महतो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे

### जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया

**सोनाहातू।** तिलाई पिड़ी गांव में रविवार की रात जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। गांव के किसान विशेश्वर महतो, श्रीमती देवी, अर्जुन महतो, राजकिशोर महतो, भोलानाथ महतो एवं बलराम महतो के 3 एकड़ खेत मे लगे सब्जी फसल लौकी,बैगन,नेनूवा , राहड़ को जंगली हाथियों का झुंड ने रौंदकर बर्बाद कर दिया है।किसानों ने वन विभाग और अंचल कार्यालय में सूचना देकर मुआवजा देने की मांग की है।

# रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर शांति समिति का बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** प्रखण्ड सभागर में रामनवमी, सरहुल, ईद त्योहार के मद्देनजर रखते हुये शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ व खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह ने किया। बैठक में खलारी थाना क्षेत्र के तीनो पर्व के प्रतिनिधि व गणमान्य उपस्थित हुये। जिसमे सभी धार्मिक समिति संगठन के प्रतिनिधियों ने आपस में शांति सौहार्दपूर्ण रूप से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। इस पर खलारी शासन प्रसासन की ओर से हर सम्भव मदद करने की भरोसा दिया। साथ ही त्योहार में खलल डालने के लिए किसी तरह के कोई उपद्रवियों हो उसपर नजर रखने की बात कही। वही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी भी धार्मिक सभा व जुलूस में राजनीति संबधित व्यानबाजी नही करने की हिदायत दिया गया। मौके पर लपरा मुखिया पुतुल देवी,मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो,चुरी उत्तरी मुखिया ललिता देवी,चुरी मध्य सुनीता देवी,जिला परिसद सरस्वती देवी,अनिल पासवान, अब्बास अंसारी,राजकुमार उराँव,किशुन मुंडा, सुभाष उरांव, रंजित लकड़ा,ललचनंद विश्वकर्मा, रंजीत लकड़ा, राजेश तुरी,मलका मुंडा, अशोक उरांव, रमेश चौहान, कृष्णा चौहान, विक्की सिंह,रीयाज अहमद, दिलीप कुमार पासवान, गौरी शंकर केशरी, मनोज कुमार यादव, फैय्याज अहमद, तनवीर अहमद, सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।



### सरहुल ईद,व रामनवमी का पर्व शांति व सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय

**बेड़ो।** थाना परिसर में सोमवार को प्रकृति का पर्व सरहुल, ईद व रामनवमी पूजा सह शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तीनों त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जुलूस में लोगों की संख्या, जुलूस का रूट चार्ट,जुलूस में प्रयुक्त पारंपरिक हथियार की जानकारी समेत अन्य जरूरी जानकारी ली गयी। मौके पर डीएसपी ने कहा कि सरहुल व रामनवमी के शोभायात्रा व जुलुस के दौरान किसी प्रकार का गड़बड़ी न हो इसको लेकर अतिरिक्त सुरक्षाबलों के पुलिसकर्मियों को तैनात किया जायेगा। वहीं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।साथ ही वीडियो कैमरा,सीसीटीवी और सादे लिवास में पुलिस निगरानी रखेगी। इधर थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि त्योहार के दौरान उपद्रवियों, अपराधियों व गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की सादे लिवास में पैनी नजर रहेगी।साथ ही शराब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। बैठक में राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, मोदद्दसिर हक,जगरनाथ भगत,जुगेश उरांव, भीखा उरांव,सुका उरांव,विश्वनाथ गोप, आफताब खान,मो शमशाद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बेड़ो।** बेड़ो थाना पुलिस के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की टीम ने सघन छापामारी अभियान चलाकर फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी वसीम खान उर्फ कादिर उर्फ बोना,टेरो गांव निवासी संजय उरांव उर्फ चरकु उरांव चचकोपी गांव निवासी राजेंद्र मिंज तथा जरिया गांव निवासी संतोष उरांव का नाम शामिल हैं। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि पांच थानों के वारंटी वसीम खान के विरुद्ध पिठोरिया थाना में दो, तमाड़ थाना में दो,डेली मार्केट थाना में दो,चान्हो थाना में एक व बेड़ो थाना में एक संगीन मामला दर्ज है?। बेड़ो पुलिस को इसकी लंबे अर्से से तलाश थी। वहीं इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नकुल साह,एस आई रौशन कुमार,एस आई अनिल टोप्पो व एएसआई लाल मोहर पाण्डेय व सशत्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### अंबेडकर प्रभावित मोर्चा की बैठक

**खलारी।** अंबेडकर प्रभावित विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में खिलान धौड़ा में ग्रामीणों की बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष मुखिया संतोष कुमार महली व संचालन विनोद कुमार ने किया। बैठक में केडीएच परियोजना द्वारा विस्तारीकरण में खिलान धौड़ा को विस्थापित करने संबंधित बातों पर चर्चा हुई। बैठक में मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि केडीएच परियोजना द्वारा विस्तारीकरण में खिलान धौड़ा को विस्थापित करने संबंधित एक पत्र प्रबंधन ने उन्हें दिया है। बैठक में ग्रामीणों से विचार विमर्श किया गया कि विस्थापन के बदले खिलान धौड़ा के ग्रामीणों को क्या क्या सुविधा एव मुआवजा मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा प्रबंधन के द्वारा जो खिलान धौड़ा को विस्थापित करना है तो पूर्व में जेहली टॉड में जो घरों एव विस्थापन का जो मुआवजा दिया गया था उसी तर्ज पर खिलान धौड़ा में भी घरों का मुआवजा, विस्थापन का मुआवजा एव सुविधा दिया जाय।साथ ही विस्थापन को लेकर पंचायत के अंदर ही जमीन समतलीकरण कर उन्हें उस जगह पर विस्थापित किया जाय तभी ग्रामीण विस्थापित होने के लिए तैयार है। साथ ही विस्तारीकरण के दौरान निजी कंपनियो के द्वारा खनन करने पर उक्त कंपनियों में लोगो को रोजगार देने को लेकर चर्चा की गई।

cmpdi A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड रॉची - 834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जानी है।"

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– रुपन देवी उम्र–47 वर्ष,
रंग–काला, ऊँचाई–4 फीट 5 ईंच पहनावा– साड़ी एवं काला चादर।

उपरोक्त लापता महिला रुपन देवी उम्र करीब–47 वर्ष पे0–स्व0 फुलचांद बेदिया सा0–कोयनारडीह टोला खेखाजारा, थाना–अनगड़ा, जिला–राँची, जो घर से दिनांक–12.03.24 को कहीं चली गई है, जो अब तक घर लोट कर नहीं आयी है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना– सनहा संख्या–15/24, दिनांक–16.03.24 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 323665 Police(24-25).D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– एलरिक हांसदा उम्र–58 वर्ष,
रंग–काला, ऊँचाई–5 फीट , पहनावा–खांकी रंग का पेंट काला रंग का उड़ी।

उपरोक्त लापता पुरुष उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लापता पुरुष एलरिक हांसदा उम्र–59 वर्ष पे0–पोउल हसंदा, सा0–शान्ती नगर बेहिन्द डी0ए0भी0 स्कूल बड़गाई के पीछे थाना–सदर, जिला–राँची, स्थायी पता सा0–कउवा महल पो0–बेगंरीया, थाना–शिकारी पाड़ा जिला–दुमका, जो घर से दिनांक–04.03.24 को समय 10:30 बजे रात में घर से निकला है जो अब तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में सदर थाना– सनहा संख्या–11/24, दिनांक–12.03.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरुष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक सदर राँची। –9431102090
थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 323664 Police(24-25)#D

# ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** ईद, सरहुल व रामनवमी त्योहार के मद्देनजर सोमवार को शांति समिति की एक बैठक थाना परिसर में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरहुल जुलूस और रामनवमी मेला के दौरान चिकित्सा सेवा व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। सीओ विजय कुमार ने कहा कि आचार संहिता को ध्यान में रख सभी त्योहार मनना है। वही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा की पर्व के दौरान अफवाहों से दूर रहें। त्योहार के दौरान शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी साथ ही अशांति फैलाने वालों पर करवाई की जाएगी। बैठक का संचालन अजीत केशरी ने किया। बैठक में लाल रामेश्वर नाथ शहदेव, बिंदे भगत, सलीम अंसारी, कृष्णा तिवारी, नंदलाल महतो, बलराम गोप, सुका उरांव, मो मेराज, लाला खान व गुलजार सहित अन्य शामिल थे।

## थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक, बोले आईपीएस

# अफवाह फैलाने वाले बख्से नहीं जायेंगे

### सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रकृति पर्व सरहुल, ईद और आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी क्रमशः 11 व 17 अप्रैल को है। सोमवार को थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में हुयी। इसमें भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। ट्रेनी आईपीएस मो याकुब ने कहा कि सरहुल और रामनवमी जुलूस के निर्धारित मार्ग में कोई बदलाव नहीं होगा। पुलिस गश्त तेज की जायेगी। संवेदनशील जगहों में पर्याप्त बल तैनात होंगे। असामाजिक तत्त्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। अफवाह फैला कर समाज में विद्वेष फैलाने वाले बख्से नहीं जायेंगे। श्री याकुब ने जानकारी दी कि क्षेत्र में सद्भाव के लिये फ्लैग मार्च कराया गया। मौके पर रियाजुल अंसारी, कामेश्वर महतो, कुशवाहा शिवचरण मेहता, रामेश्वर दयाल सिंह, हरि साहू, राजकुमार वर्मन, राजेश सिंह, शमीम मंसुरी, लक्ष्मी भगत, शिवपूजन साहू, मुकेश भगत, फूलकुमारी देवी, रमेशचंद्र महतो, गणेश महतो, दामोदर मिश्र, जेएन पांडेय, राणा सिंह, गोयंदा उरांव, आदित्य तिर्की, नीलम तिर्की, असलम अंसारी, बंधु महतो, चिंटू मिश्र व जसीम अंसारी आदि मौजूद थे।



बैठक में समिति के लोग।

**पेयजल की होगी व्यवस्था**

आईपीएस ने कहा कि राजकिला, महादेव टंगरा, झखराटांड़ व छापरगड़हा में आयोजित होने वाले रामनवमी मेले में सुरक्षा के अलावा पेयजल और चिकित्सा का मुकम्मल इंतजाम होगा। जुलूस निकलने से पूर्व दोपहर 12 से रात 8 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। संचालन पुलिस निरीक्षक शशिभूषण चौधरी ने किया।

# रामनवमी मेला में उत्कृष्ट झांकी व प्रदर्शन पर मिलेगा पुरस्कार

## वासंती दुर्गा पूजा व रामनवमी मेला की बैठक, नारी शक्तियों को भी मिलेगा तलवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी की एक महत्वपूर्ण बैठक दुर्गा मंदिर परिसर ओरमांझी में हुई। बैठक में वासंती दुर्गा पूजा व झंडा मिलन रामनवमी मेला को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्स किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि ओरमांझी बाजार मैदान रामनवमी मेला में आने वाले प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न महावीर मंडलों को उत्कृष्ट झांकी, जुलूस, व अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि मेला में आसपास क्षेत्र के लगभग 70 महाबीर मंडलों का झंडा मिलन होता है।



बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य व ग्रामीण।

कहा महाबीरी झंडा व जुलूस लेकर आने वाले सभी महाबीर मंडलों को तीन-तीन तलवार पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। इसके वाले झांकी व अस्त्र-शस्त्र चालन प्रदर्शन करने वाले नारी शक्तियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। वहीं निर्णय लिया गया इस वर्ष वासंती दुर्गा पूजा धूमधाम मनाने के साथ भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं झंकी लेकर मेला आने वाले महाबीर मंडलों को परेशानी नहीं हो व पूर्ण सुविधा मिले, इसके लिए समिति के सदस्य को जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। कोषाध्यक्ष दुगार्षंकर साहू द्वारा आय-व्यय का व्योवरा प्रस्तुत किया गया। वहीं संचालन सचिव श्यामकिषोर महतो ने किया। बैठक में मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, षिवनारायण साहू, सीताराम गुप्ता, तालकेष्वर गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय सिंह, शंकर गुप्ता, नंदकिषोर साहू, संतोष कुषवाहा, उमाषंकर साहू, नरेष महतो, रामकुमार महतो, मुखिया दीपक बड़ाईक, ग्रामप्रधान दीनदयाल लोहरा, सत्यमराज कुषवाहा, सीताराम महतो, विनोद साहू, भीम मुंडा, शत्रुधन साहू, शषि मेहता, विनय दुबे, अनिल गुप्ता, योगेंद्र मुंडा, नोना पाहन, विजय पांडेय, अनुप कुमार व यमुन गुप्ता सहित समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थें।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

हजारीबाग पुलिस की नागरिकों से अपील
चुनाव को प्रभावित करने वाले

1. हजारीबाग पुलिस आप सभी जिलावासियों से अपिल करती है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से आम जन मानस की भावनाओं को भड़काने/ठेस पहुँचाने वाले किसी भी प्रकार के संदेश/अप्रमाणिक जानकारी/भ्रामक मैसेज/तस्वीर/विडियो इत्यादि सोशल मिडिया यथा Facebook/ Twitter /WhatsApp/ Instagram/ Youtube आदि पर अपलोड/शेयर न करे, जिससे शान्ति व्यवस्था/विधि–व्यवसस्था भंग होने की संभावना हो।
2. हजारीबाग पुलिस सोशल मिडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्व विधि–सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
3. हजारीबाग जिला में सौदर्य एवं शान्ति–व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करे। किसी भी प्रकार का अफवाहों पर ध्यान न दें, तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना अविलम्ब कंट्रोल रूम के मोबाईल/वॉट्सऐप नंबर 8002529349 पर दें अथवा डायल 100/112 पर संपर्क कर सूचना साझा कर सकते हैं।
4. सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।
5. समाज में शांति–व्यवस्था बनाये रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

!! हजारीबाग पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर !!

| | | |
|---|---|---|
| DY SP (C.C.R) | - | 9471701252 |
| DY.SP.HEADQUARTER | - | 9431140990 |
| SDPO SADAR | - | 9431706298 |
| SDPO BISHNUGARH | - | 9430165633 |
| SDPO BARHI | - | 9431706299 |
| SDPO BARKAGAON | - | 9430336100 |
| Media Cell Nodal Officer | - | 8448636314 |

निवेदक,
ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 323662 Police (24-25)_D

# दाग अच्छे हैं?

विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है। जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दशार्ती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। लील दी जा रही है कि जांच बंद नहीं हुई है, आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। यूं तो जब ये नेता विपक्ष में होते हैं और जांच एजेंसियां उन पर कार्रवाई करती हैं तो सत्तारूढ़ दल की दलील होती है कि कानून अपना काम करता है। जबकि विपक्षी नेताओं का आरोप रहता है कि यह प्रक्रिया तभी तक चलती है जब तक यह राजनीति से प्रेरित न हो। उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं। जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है। वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े बीस मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? विपक्ष तो आरोप लगाता रहता है कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से ईडी और सीबीआई ने मुख्यतः बड़े राजनेताओं के खिलाफ ही कार्रवाई की है। यही वजह है कि विपक्ष सत्ता पक्ष को ऐसी वॉशिंग मशीन की संज्ञा देता है जिसमें कथित दागों की धुलाई हो जाती है।

# हैप्पीनेस पर सवाल

भारत के नीति-नियंताओं को इस सवाल पर आत्ममंथन करना चाहिए कि भारत दुनिया के करीब 140 देशों में 126वें नंबर पर क्यों है। खुशी मापने के पश्चिमी चश्मे पर हमेशा से ही सवाल उठते रहे हैं, फिर भारत जैसे विशाल जनसंख्या व सांस्कृतिक विविधता वाले देश को एक पैमाने से मापना अतार्किक ही है। हो सकता है जिस बात पर अमेरिकी नागरिक खुश होते हों, वह एक आम भारतीय की खुशी की वजह न हो। सही मायनों में खुशी का आधार संतोष होता है। जो एक सापेक्ष स्थिति है। एक मनःस्थिति है। फिर भारत जैसे देश का दर्शन भौतिक संपदा के बजाय आंतरिक शांति और संतुष्टि में खुशी तलाशता रहा है। फकीरों की मौज को खुशी के पैमाने पर कदापि नहीं आंका जा सकता। वैसे पश्चिमी मापदंड के आधार पर कर्ज में डूबे व अराजकता से जूझते देश पाकिस्तान को भारत के मुकाबले ज्यादा खुशहाल बताने का तर्क गले से नहीं उतरता। इस बार की वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट में एक बार फिर सातवीं दफा फिनलैंड लगातार खुशहाल देश बना है। उसके बाद डेनमार्क व आइसलैंड का नंबर आता है। ये देश विकसित मगर भारत के एक छोटे शहर की जितनी आबादी वाले देश हैं। निस्संदेह, बड़ी जनसंख्या का हमारी नागरिक सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता ही है। भले ही हमारे नीति-नियंताओं की नीतियों में खोट रहे हों और भ्रष्टाचार व्यवस्था को लीलता रहा है, लेकिन हम कैसे भूलें कि देश सदियों की गुलामी से निकलकर अपने पैरों पर खड़ा हुआ है। भले ही देश में घनघोर आर्थिक असमानता हो, लेकिन फिर भी आज देश की आर्थिक विकास की दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। जरूरी है कि आर्थिक विकास समतामूलक होना ही चाहिए। लेकिन यहां एक सवाल यह भी है कि क्या आर्थिक संपन्नता ही खुशी का आधार है?

# कर्नाटक में भाजपा या कांग्रेस किसे चुने जनता?


कर्नाटक की जनता कई ज्वलंत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन कोई भी चुनाव लड़ने वाली पार्टी या उनके प्रतिनिधि इस चिंताजनक स्थिति से चिंतित दिखाई नहीं दे रहे हैं। फिलहाल की सरकार अखबारी, इलेक्ट्रानिक और वेब विज्ञापन के माध्यम से यही बताने का प्रयास करने में जुटी दिखाई देती है कि सब कुछ ठीक है। हालांकि, जमीनी स्तर पर स्थिति काफी विरोधाभासी और चिंताजनक है।

इससे अधिक स्थिति क्या खराब होगी कि भारत में नहीं दुनिया में आईटी हब हौर सिलिकॉन वैली कहलाने वाला बेंगलुरु इस वक्त बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। भारत की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कम्पनियों का मुख्यालय इलेक्ट्रॉनिक सिटी में बेंगलुरु है। यह भारत के सूचना प्रौद्योगिकी निर्यातों का अग्रणी स्त्रोत है। इस कारण से जबसे अधिक राजस्व कहीं से सरकार को प्राप्त होता है तो वह महानगर भी यही बेंगलुरु है, लेकिन राज्य में कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार अपने को जनता के लिए यहां पीने का पानी मुहैया करा देने में भी कमजोर साबित हो रही है।

विचार करेंगे तो ध्यान में आएगा कि राज्य में यह स्थिति इसलिए बनी, क्योंकि तेजी से शहरीकरण, अनियोजित और अवैध विकास, जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण और रेत खनन के रूप में जल संसाधनों की कमी और गिरावट के कारण पानी की खपत की मांग लगातार बढ़ रही है। भूजल की कमी और नदियों के सूखने के कारण, आबादी अब अपनी पीने के पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। मानसून और गैर-मानसून सीजन के दौरान राज्य की कुल जल पूर्ति योग्य भूजल क्षमता 17.03 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) होने का अनुमान है। लेकिन, राज्य ने पहले ही भूजल का 64 प्रतिशत से अधिक दोहन कर लिया है और भविष्य में उपयोग के लिए केवल 6.53 बीसीएम ही उपलब्ध है। परन्तु कोई भी सरकार का मंत्री या प्रशासनिक व्यवस्था इस जल संकट के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

यह जल संकट पर किसानों का विरोध प्रदर्शन होना शुरू हो गया है। कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि वे सूखा राहत, पीने के पानी और मवेशियों के लिए चारे की आपूर्ति की मांग कर रहे हैं। कुल मिलाकर, स्थिति पूरे राज्य में एक जैसी





- मनोहर जी

> गृह ज्योति जैसी लोकलुभावन कल्याणकारी योजनाएं, हर घर में 200 यूनिट मुफ्त बिजली, गृह लक्ष्मी द्वारा बीपीएल परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये देना, अन्न भाग्य द्वारा बीपीएल के प्रत्येक व्यक्ति को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल वितरित करना। परिवार, युवा निधि बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को क्रमश: 3,000 रुपये और 1,500 रुपये मासिक की पेशकश कर रहा है।

है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कर्नाटक के चुनावी इतिहास में शायद पहली बार राज्य का मतदाता अनेक मुद्दों से घिरा हुआ है, आप जिस भी नजरिए से देखने की कोशिश करें। मई 2023 के विधानसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) द्वारा पांच गारंटियों की घोषणा और उसके बाद के कार्यान्वयन ने सार्वजनिक प्लेटफार्मों पर इस पर चर्चा को जन्म दिया है।

एक ऑनलाइन कन्नड़ पोर्टल द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले आम चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में पांच गारंटी पर जनता ने खूब स्नेह बरसाया। दिलचस्प बात यह है कि अब यही पांच गारंटी मौजूदा संसदीय चुनाव में मतदान के अहम फैसले में जनता के बीच सबसे अधिक चर्चा में हैं। गृह ज्योति जैसी लोकलुभावन कल्याणकारी योजनाएं, हर घर में 200 यूनिट मुफ्त बिजली, गृह लक्ष्मी द्वारा बीपीएल परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये देना, अन्न भाग्य द्वारा बीपीएल के प्रत्येक व्यक्ति को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल वितरित करना। परिवार, युवा निधि बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को क्रमशः 3,000 रुपये और 1,500 रुपये मासिक की पेशकश कर रहा है। नारी शक्ति राज्य की सभी महिलाओं को राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सार्वजनिक क्षेत्र की बसों में मुफ्त यात्रा करने का अधिकार देती है। किंतु इसके बाद भी जिस तरह की अव्यवस्था पूरे कर्नाटक में दिखाई देती है, उसे देखते हुए वे पिछली सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के खिलाफ अपना गुस्सा दर्ज कराने की जल्दबाजी में कांग्रेस को चुनने के लिए खुद को कोस रहे हैं।

यहां आज स्थिति यह है कि एक बार जब सार्वजनिक क्षेत्र की बसों में मुफ्त यात्रा की नारी शक्ति योजना शुरू की गई तो उसके बाद कई यात्रियों के लिए विकट स्थिति एक दुःस्वप्न बन गई है। अचानक बसें खचाखच भर जाती हैं और आधे से ज्यादा सीटों पर महिलाएं बैठी हुई दिखाई देती हैं। जिन पुरुषों को भुगतान करके यात्रा करने की आवश्यकता होती है, उन्हें ठीक से खड़े होने के लिए जगह नहीं मिलने और बैठने के लिए सीटें मिलना भूल जाने जैसे भयानक अनुभव से गुजरना पड़ रहा है!

आज राज्य भर में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना ने धार्मिक स्थानों को लोकप्रिय पिकनिक स्थलों में बदल दिया। परिणामस्वरूप, अधिकांश तीर्थस्थलों में मुफ्त भोजन वितरण प्रणाली एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गई और अंततः दिन और रात के दौरान एक निश्चित समय के बाद इसे बंद करना पड़ा। यह अपरिहार्य हो गया क्योंकि आने वाले भक्तों की संख्या दिन और रात के दौरान किसी भी समय समाप्त होने जैसी नहीं दिखती थी। इसी तरह से मुफ्त चीजों की बाढ़ ने कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, क्योंकि कृषि गतिविधियों के लिए अचानक मजदूरों की कमी हो गई है। पूरी तरह से फसल बोने और काटने पर निर्भर किसानों को कृषि श्रमिकों की मदद के बिना अपना काम पूरा करने में कठिनाई होने लगी है।

आम तौर पर लोगों और विशेष रूप से मतदाताओं ने मुफ्त सुविधाओं और विकासात्मक गतिविधियों के फायदे और नुकसान पर चर्चा करना शुरू कर दिया है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, ऐसा लगता है कि मतदाताओं के बीच इस तरह का आत्मनिरीक्षण पहली बार शुरू हुआ है। इससे प्रतिद्वंद्वी दलों के उम्मीदवारों की चुनावी संभावनाओं पर कितना लाभ या प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इस पर अभी इंतजार करने और देखने की जरूरत है।

किंतु इतना तो तय है कि इन सब परिस्थितियों में कांग्रेस को राज्य की सत्ता में होने के बाद भी हानि अधिक उठानी पड़ेगी, जैसा कि अभी जनता के मूड से दिखाई दे रहा है।

## खास बात

### योग में शरीर को लचीला बनने दें

**स्वामी मुक्तरथ**



**योगाभ्यास** शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है? - योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहरी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें।

योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है? -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

योग की शुरूआत करने के लिए टिप्स और सुझाव - अगर आप योगाभ्यास जीवन में पहली बार शुरू कर रहे हैं या योग से ज्यादा परिचित नहीं हैं, तो इन बातों का खास ध्यान रखें:

अपने योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करें। अगर आपके शरीर में लचीलापन कम है तो आपको शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले-पहले आसन ठीक से नहीं कर पा रहे हों तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएँगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है, वह सब धीरे-धीरे लचीले हो जाएँगे।

अपने शरीर के साथ जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें।शुरूआत में आप सिर्फ. वही आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। बस इतना ध्यान रखिए की आपकी श्वास लयबद्ध हो।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? ज्ञान मार्तंड श्री स्वामी जी महाराजः हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है। मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है।

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

**दुनिया में बढ़ती हिंसा और युद्ध**




## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**- अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**- विवेक, हजारीबाग**


हमारे युवा देश का भविष्य हैं। सम्पूर्ण विश्व भारतीय युवाओं को बेहद आशा भरी नजरों से देखता है। उनकी ऊर्जा, विश्वास और जज्बा ही नए भारत के निर्माण का आधार है। आज के संवाद के दौरान एक बार फिर युवाओं में भारत को नवनिर्माण की दिशा में ले जाने वाली सकारात्मकता और उद्यमशीलता दिखाई दी।

**- ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## रोचक ट्वीट

आत्म-अनुशासन वास्तव में सार्थक और महान जीवन कुंजी है।अनुशासित व्यक्ति जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता शांति और उदात्त आनंद का अनुभव करता है। अतः बाह्यन्तर अनुशासित रहें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





राष्ट्र की स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध पहुंचे।देश महसूस कर रहा है कि 10 साल पहले समग्र स्वतंत्रता की शुरूआत।

**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

# जैव विविधता पर मंडराता संकट अस्तित्व पर खतरा

**मुकुल व्यास**

**जैव** विविधता ने हमारी पृथ्वी को एक जीवंत ग्रह बनाया है। जिस हवा से हम सांस लेते हैं और जो खाना हम खाते हैं,वह सब जैव विविधता पर निर्भर हैं। जैव विविधता दरअसल पृथ्वी के जीवन की संपूर्ण तस्वीर है। पृथ्वी की मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मतम बैक्टीरिया से लेकर समुद्र में पाई जाने वाली वेल मछली तक हर जीव पृथ्वी की जैव विविधता का हिस्सा है। लेकिन जैव विविधता का संबंध सिर्फ प्रजातियों से नहीं है। यह समस्त जीव रूपों और उनके पयार्वास के बीच संबंधों को भी अभिव्यक्त करती है। इसमें समुद्र के सूक्ष्मतम जीव प्लैंक्टन और विशालकाय व्हेल का रिश्ता भी शामिल है जो वायुमंडल में ऑक्सीजन उत्पन्न करने में मदद करते हैं। इसमें बीजों और गैंडों का रिश्ता शामिल है जो जंगल लगाने में मदद करते हैं। इसमें बैक्टीरिया और पौधों का रिश्ता शामिल है जो मिट्टी की रासायनिक संरचना को बदलते हैं। जैव विविधता में प्रत्येक प्रजाति में आनुवंशिक अंतरों के अलावा जंगलों,नदियों,तालाबों, नदियों,रेगिस्तानों और खेतों की विविधता भी शामिल है। जैविक विविधता वाले संसाधन ऐसे मजबूत खंभें हैं जिन पर हम अपनी सभ्यताएं निर्मित करते हैं। करीब 80 प्रतिशत मानव आहार की व्यवस्था पेड़-पौधे करते हैं। विकासशील देशों के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले 80 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों के लिए वनस्पति आधारित दवाओं पर निर्भर हैं। दुनिया के 3 अरब लोगों को 20 प्रतिशत पशु प्रोटीन मछलियों से मिलता है।

## पर्यावरण

मनुष्य जैव विविधता समुदाय का अंग है और हमारी अपनी सांस्कृतिक विविधता को स्थानीय जैव विविधता का उत्पाद माना जाता है। संस्कृति का संबंध उस प्रकृति से है जहां से मानव समुदायों का उदय हुआ है। जब हम जैविक-सांस्कृतिक विविधता की बात करते हैं तो उसका अभिप्राय मानव संस्कृति और आसपास की पारिस्थितिकी से होता है। यह देखा गया है कि ठंडे और ध्रुवीय क्षेत्रों की तुलना में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक है क्योंकि वहां प्रजातियों की संख्या अधिक है और आनुवंशिक डेटा भी अधिक है। पारिस्थितिकी के आधार पर वहां ज्यादा जटिल अंतर-क्रियाएं होती हैं। दूसरी तरफ हम जैव विविधता में ठंडे प्रदेशों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। ध्रुवीय समुद्रों से लेकर सबसे गहरी गुफाओं तक ठंडी और अंधेरे वाली जगहों पर भी प्रचुर जीव रूप मौजूद हैं। इनमें से प्रत्येक जीव रूप हमारे पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ योगदान करता है। हमारी मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जैव विविधता उन रासायनिक परिस्थितियों को उत्पन्न करती हैं जो स्वस्थ, संधारणीय और भरपूर फसल के लिए आवश्यक हैं।

जैव विविधता से मिलने वाली जीवनदायक सेवाओं को मानव टेक्नोलॉजी के स्तर पर दोहराया नहीं जा सकता और न ही आर्थिक स्तर पर उनका मूल्यांकन किया जा सकता है। फिर भी एक मोटे अनुमान के अनुसार जैव विविधता से मिलने वाली सेवाओं का मूल्य विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से दुगना है। पृथ्वी की जैव विविधता हमारा सबसे बहुमूल्य और सर्वाधिक आवश्यक संसाधन है। यह पृथ्वी के जीवमंडल अथवा बायोस्फीयर की प्राथमिक स्त्रोत है। हवा,पानी और भोजन जैसी मनुष्य की हर जरूरत यह जीवमंडल पूरी करता है। ऐसे कई ग्रह हो सकते हैं जहां पृथ्वी से ज्यादा बहुमूल्य खनिज मौजूद हों,लेकिन हम ऐसे दूसरे ग्रह को नहीं जानते जहां मानव सभ्यताओं के लिए आवश्यक परिस्थितियां मौजूद हों। हमारी पृथ्वी जैव विविधता से संपन्न है,हालांकि अनेक प्रजातियों की खोज अभी बाकी है।

# भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

**ज्ञानेन्द्र रावत**

**आज** कैंसर समूची दुनिया में भयावह रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो भारत में बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कैंसर के मामले में दुनिया के 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां है। यदि एनसीडीआईआर और आईसीएमआर की मानें तो भारत में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़े हैं, इसमें 2025 तक 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जायेगी। भारत में प्रति लाख 70.23 लोग कैंसर से पीड़ित हैं। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 13.9 लाख कैंसर के नये रोगी सामने आ रहे हैं। इनमें सात लाख महिलाएं होती हैं। इनमें से साढ़े तीन लाख मौत के मुंह में चली जाती हैं। देश में हर साल 70 हजार लोगों की मौत होती है, जिनमें 80 फीसदी की मौत बीमारी के प्रति उदासीन रवैये के कारण होती है। जबकि रोजाना 1300 से ज्यादा लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सन 1990 के मुकाबले देश में प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में 22 फीसदी, महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर के मामलों में 33 फीसदी और सरवाइकल कैंसर के मामलों में तकरीबन 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब तो ब्रैस्ट कैंसर के मामले 23 से 30 वर्ष की महिलाओं में ज्यादातर पाये जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह डायबिटीज और हृदय रोग एक कारण से नहीं होते, उसी

## स्वास्थ्य

तरह कैंसर का भी एक कारण नहीं होता। इसके पीछे पश्चिमी जीवनशैली, डेरी उत्पादों का गलत तरीके से सेवन, रासायनिक प्रदूषण, प्रोसेस्ड फूड, कब्ज व गैस्ट्रिक समस्या की भी अहम भूमिका है। कैंसर के बढ़ते मामलों में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में हो रही वृद्धि, खासकर ग्लाइफोसेट पेस्टीसाइड जिस पर बहुतेरे देशों में पाबंदी है व बढ़ रहे प्रदूषण की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से है। ये बेवजह वृद्धि कर ऊतकों को प्रभावित करती हैं और फिर धीरे-धीरे शरीर के बाकी हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लेती हैं। आमतौर पर शरीर का वजन बढ़ जाना, व्यक्ति की शारीरिक सक्रियता में कमी होना, दोष पूर्ण व असंतुलित तैलीय व मसाले युक्त खान-पान, व्यायाम न कर पाना, नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक सेवन ही से इस रोग की चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है। चाय या फिर कॉफी आदि पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चाय और कॉफी में अन्य पेय पदार्थों के मुकाबले 4000 से ज्यादा घातक तत्व पाये जाते हैं। दवाओं का साइड इफेक्ट और आनुवंशिकता भी इसका अहम कारण है। अब तो बच्चे, नौजवान और वृद्ध भी इस बीमारी की चपेट में हैं।

निस्संदेह, ज्यादा तला-भुना खाना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी लोग बड़े स्वाद और चाव से खाते हैं। अमेरिकी नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के अध्ययन के अनुसार, लोगों का यह शौक ही उनके लिए जानलेवा हो सकता है। अमेरिकी कैंसर सोसायटी की पोषण व शारीरिक गतिविधियों की मैनेजिंग डायरेक्टर कोलीन डायल का कहना है कि अक्सर भुने हुए खाद्य पदार्थों का कुछ काला और जला हुआ हिस्सा वास्तव में हैट्रोसाइक्लिक एमिनंस या एचसीए होता है। यह ज्यादातर उस समय बनता है जबकि खाद्य पदार्थ यथा मांस, चिकन या मछली को ऊंचे ताप पर भूना जाता है। जो हानिकारक होता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया तुफानी दौरा

# जनसंपर्क कर कमल फूल छाप में ही वोट देने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सोमवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही प्रखण्ड क्षेत्र अंर्तगत बरही प्रखण्ड क्षेत्र के 08 पंचायतों के 22 गांवों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा और अपने पक्ष में लोकसभा चुनाव की तिथि आगामी 20 मई को कमल छाप निशान पर वोट देने का अपील किया। इस दौरान क्षेत्र के गोरियाकरमा के गोरिया ग्राम निवासी भाजपा नेता संजय सिन्हा की स्वर्गीय मां और गोरिया ग्राम निवासी स्व.नारायण भुइयां के श्रद्धांजली सभा में शामिल हुआ और श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। बरही विधानसभा क्षेत्र के तुफानी जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में खोड़ाआहर पंचायत के देवचंदा मोड़ पर बरही प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव और यहां के स्थानीय समाजसेवी परमेश्वर यादव ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। साथ ही केदारुत पंचायत स्थित ग्राम कटीयोन में जनसंपर्क अभियान के दौरान यहां केदारुत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। भाजपा में शामिल होने वाले इन तीनों प्रमुख लोगों को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव सहित अन्य भाजपा नेताओं ने फूल माला और भाजपा पट्टा पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया । सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा कि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं और मोदी की इसी गारंटी को बरकरार रखने के लिए फिर एक बार भाजपा को वोट दें और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं ।

मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने लोगों से कहा की एक ओर जहां मोदी सरकार देश की उन्नति और विकास के लिए तत्पर है और जनहित में कई योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ लाभुकों को मिल रहा है वहीं हमारे सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल जनसेवा और विकास के प्रतीक हैं। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।


जनसंपर्क करते मनीष जायसवाल।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल ने चलाया जनसंपर्क


जनसंपर्क करते जेपी पटेल।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पदमा। प्रखंड अन्तर्गत दिन रविवार को पदमा के भगवती मंदिर में पूजा अर्चना अर्चना करने इंडिया महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल अपने परिवार के साथ पहुंचे एवं पूरे पदमा एवं सरैया ग्राम पैदल चलते हुए लोगों मिले अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किए। मौके पर कहा कि किसान का बेटा हूं, आपके सुख-दुख हमेशा साथ रहूंगा। इस अवसर पर उनके साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेसी जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, ओबी सी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, ललिता देवी, नीरज झा, मिथिलेश ठाकुर, पूनम यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, विश्व सूत्री के अध्यक्ष संजय यादव, पदमा मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता झामुमो नेता नजीर अहमद, बंदर बेला पंचायत के मुखिया विजय मेहता, रोमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी, विजय रविदास ,राजकुमार दास, रामचंद्र मेहता, सतनारायण प्रसाद मेहता, त्रिवेणी प्रसाद मेहता ,रामचरित्र मेहता, चौबेराम भुनेश्वर प्रसाद मेहता, अशोक राणा, बसंत राणा, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित रहे।

## थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** ईद, रामनवमी और बासंतिक दुर्गा पूजा को लेकर चरही थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की अध्यक्षता में किया गया। जबकिसंचालन चुरचू सीओ राजमोहन तुरी ने किया। प्रमुख और सीओ ने कहा कि ईद,रामनवमी और बासंतिक दुर्गा पूजा पर्व को भाई चारे के मनाएं। कहा कि रामनवमी पर्व 9 अप्रैल से शुरू हो रही है और 11 अप्रैल को ईद है और 17 अप्रैल को रामननवमी है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए डीजे साउंड पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस में ताशा,केसियो,बेंजु और चोंगा का उपयोग किया जा सकता है। जुलूस जिस गांव से निकलेगा उसका अखाड़ा अध्यक्ष लाइसेंस ले लेंगे। पर्व के दिन कोई शोसल मीडिया। या वाट्सअप पर गलत पोस्ट काम करेगा।उस पर तत्काल कार्रवाई किया जयेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# रामनवमी एवं ईद को लेकर शांति समिति बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** थाना परिसर में सोमवार को रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ कुलदीप कुमार व संचालन थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित रामनवमी पूजा समिति अखाड़े के पदाधिकारीओं ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इस दौरान एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने रामनवमी और ईद से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुझाव दिए। प्रखंड में संचालित रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव से रामनवमी की झांकी व जुलूस मार्ग की जानकारियां प्राप्त की। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ कुलदीप कुमार ,थाना प्रभारी सहित कई लोग मौजूद थे।


बैठक में शामिल लोग।

**ईद व रामनवमी के लेकर हुई शांति समिति की बैठक :** पदमा। ओ पी परिसर के प्रांगण में ईद एवं रामनवमी को लेकर पदमा अंचला अधिकारी मोतीलाल हेंब्रम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई, बैठक में अंचला अधिकारी ने दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए रामनवमी मनाने को कहा , उन्होंने पूजा कमेटियों को निर्धारित रुट पर ही जुलूस निकालने, जुलूस में शराबबंदी पर पूर्ण प्रतिबंध, जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध इत्यादि और बिंदुओं को बताया, इस अवसर पर बरही इंस्पेक्टर विमल लकड़ा पूजा कमेटियों को प्रशासन के सहयोग हर समय रहने का बात कही, उन्होंने ईद एवं रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक एवम मिल जुलकर मनाने की बात कही, बैठक का संचालन पदमा ओ पी थाना के सब इंस्पेक्टर आलोक सोरेन ने किया , बैठक में जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, पदमा मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, बन्दरबेला पंचायत के मुखिया विजय प्रसाद मेहता, सरैया पंचायत के मुखिया शांति देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, रोमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता, बिहारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कपिल देव प्रसाद मेहता नारायण मेहता अबध यादव राजेश मेहता, कुलदीप रविदास, अरविंद मेहता, मोहम्मद नईम, उप मुखिया अजय मेहता, जगदीश यादव, राजकुमार मेहता, पिरू मेहता, सुबोध शर्मा, संदीप मेहता, पंकज सिंह, रवि सिंह इ,त्यादि सैकड़ो रामनवमी पूजा समिति के लोग उपस्थित रहे।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा आज से



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन 9 अप्रैल से प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा होंगे। श्री वासुदेव ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल को मंदिर परिसर में महिला मंडली द्वारा माता की चौकी, 16 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन एवं 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## एटीएम छेड़छाड़ कर रुपये चुनाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### एसपी ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस ने कुजू में एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर रूपए चुराने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को इंडियन ओरवसीज बैंक मरार (शाखा ) रांची रोड के मैनेजर ने कुजू ओपी में सूचना दी कि बैंक के एटीएम में दो संदिग्ध लोगों ने छेड़छाडत्र किया है। इस संबंध में मांडू थाना कांड संख्या 91/2024 दिनांक 07 04 2024 धारा 467/468/471 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसपर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इंडियान ओरवरसीज बैंक, मरार शाखा के एटीएम के आसपास छापामारी अभियान चलाया। जिसमें एक संदिग्ध युवक पकड़ा गया। जिसने अपनी पहचान चंदन कुमार 24 वर्ष पिता सुनील सिंह निवासी मायापुर, थाना फतेहपुर, जिला गया बिहार बताया। एसपी ने बताया कि युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एटीएम खोलने में प्रयोग किया गया चाभी, पेचकस , नगद 3070 रूपए आदि सामान बरामद हुए हैं। बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि युवक का आपराधिक इतिहास है। उसपर फतेहपुर, जिला गया( बिहार )थाना कांड संख्या 185/21, दि .07 06 .2021, धारा 364 ए/ 365/304 भादवि। ,
कोतवाली, जिला बस्ती (यूपी) थाना कांड संख्या 103/23, धारा 379 भादवि एवं
कोतवाली जिला बस्ती (यूपी) थाना कांड संख्या 163/23, धारा 380/411 भादवि एवं 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, पुअनि साबीर हुसैन, सअनि बिरेंद्र कुजूर एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कर्ज नही चुका पाने के कारण की आत्महत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ।** अपनी व्यक्तिगत परेशानी को कुछ लोग बर्दाश्त नही कर पा रहे हैं और इसके प्रभाव में आत्महत्या जैसे कदम भी उठाने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला पतरातू में देखने को मिला है। वहां रविवार को एक व्यक्ति ने श्मशान घाट के शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पतरातू कालीघाट स्थित श्मशाम घाट शेड में एक व्यक्ति का फंदे से झुलता शव देखा गया। मृतक की पहचान विश्वजीत राम उर्फ कारू राम 50 वर्ष के रूप में हुई। वह पीटीपीएस कॉलोनी हनुमानगढ़ी का रहने वाला था। वह पीटीपीएस के रांची मुख्यालय में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य करते थे। घटना का कारण मृतक द्वारा बैंक का लोन नही चुका पाना बताया जा रहा है। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि मृतक ने लोन नही चुका पाने के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर में

### अं.ब्रा.महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष का श्राद्ध कार्यक्रम संपन्न

**टाटीझरिया।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हजारीबाग जिला के आचार्य नगवां निवासी बिरेंद्र कुमार पांडेय के बायो वृद्ध पिता उम्र लगभग 85 वर्ष स्व. जगदीश पांडेय के द्वादश श्राद्ध कर्म में 8 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को ग्यारह आचार्य पुरोहितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण कर मृतक प्राणी की आत्मा के शांति सद्गति हेतु स्व .पांडेय के प्रथम पुत्र बिरेंद्र पांडेय वा द्वितीय पुत्र शैलेंद्र पांडेय दोनो पुत्रो ने नम आखों से अपने पिता का पिंड दान किया । दोनो पुत्रो ने परमपिता परमेश्वर भगवान श्री विष्णु से पिता की आत्म शांति अपने श्री चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना वन्दना किया। बाद में स्व. जगदीश पांडेय के फोटो पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ब्राह्मण ,स्वजाति कुटुंब , भोज करवाया । कार्यक्रम में सदर प्रमुख गणेश प्रसाद,स्थानीय मुखिया विनय कुमार सभी वार्ड सदस्य,समाज सेवीयो में अर्जुन प्रसाद, बब्लू मेहता,अरुण नरेश, राजकुमार ,बिनोद, कैलाश, उमेश, अमरदीप, लालजी,बिरेंद्र, लक्ष्मण,रंजित,अजीत,दीपक, प्रदीप,मिथलेश, नुनु,विजय, शंकर, गोपाल ,रूपेश , नीरज,संतोष, अजय ,शिव नारायण ,महेंद्र ,मथुरा पांडेय, जीवलाल पांडेय, शंकर पांडेय,निलेश पांडेय ,समेत अन्य कई सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने की डीलरों के साथ की बैठक

**बड़कागांव।** प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल की अध्यक्षता में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज की उपस्थिति में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की एक विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने का निर्देश बीडीओ द्वारा डीलरों को दिया गया। साथ ही संबंधित बीएलओ के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बूथ स्तर जागरूकता समूह में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का शपथ डीलरों द्वारा लिया गया। मौके पर बीपीआरओ पंकज कुमार गुप्ता, डीलर संघ अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता,सचिव बालेश्वर कुमार, जगरनाथ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लाइसेंस जारी करने का किया मांग

**कटकमसांडी।** प्रखंड के ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी (कृष्णा नगर) रामनवमी पूजा समितिने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लाइसेंस निर्गत करने की मांग किया है। उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर रामनवमी पूजा समिति ने सोभा यात्रा निकालने के लिए रूट चार्ट नहीं बनाया है जों इस प्रकार से उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर हनुमान मंदिर से काली मंदिर होते हुए शिवपुरी चौक, शिवपुरी चौक होते हुए बाडम बाजार पड़ा अखाड़ा, बड़ा अखाड़ा से पांच मंदिर चौक होते हुए जामा मस्जिद रोड, बंसीलाल चौक होते हुए बंसीलाल चौक से पुणे वापस झंडा चौक होते हुए वापस से शिवपुरी चौक, शिवपुरी चौक से पुन: कृष्णा नगर उत्तरी शिवपुरी बनाया गया है।

### कुशवाहा विकास समिति हरली का पुनर्गठन

बड़कागांव ।प्रखंड के हरली गांव में कुशवाहा विकास समिति का पुनर्गठन लोकतांत्रिक तरीके से केंद्रीय कुशवाहा समाज प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता की अध्यक्षता में किया गया ।इस पुनर्गठन कार्यक्रम चुनाव प्रभारी महेंद्र महतो के द्वारा संपन्न कराया गया। चुनाव प्रभारी महेंद्र महतो ने बताया कि ग्राम हरली में कुल 851 कुशवाहा परिवार रहते हैं जिसमें 25 अलग-अलग गोतीया शामिल है सभी परिवार से समाज निर्माण हेतु कुल 99 प्रतिनिधि का चयन होने के पश्चात पुनर्गठन कार्यक्रम किया गया। पुनर्गठन में अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने अपना नाम दिया जिसमें केदार महतो एवं महावीर कुमार दांगी ,सचिव पद के लिए सुमित्रा देव एवं मालती देवी ने अपना नाम दिया। अध्यक्ष पद में केदार महतो को 50 मत एवं महावीर दांगी को 44 मत प्राप्त हुए।


# पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा : निशा

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में इको क्लब का गठन को ले कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण सहित दिये गई कई महत्वूपर्ण जानकारियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पतरातू में सोमवार को नए सिरे से इको क्लब का गठन को ले कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को खराब वस्तुओं से पुनः प्रयोग के लिए नई वस्तु बनाने, वेस्ट सिग्रेगेशन, ग्रे वाटर हार्वेस्टिंग और स्कूल परिसर में स्वच्छता संबंधी महत्वूपर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर पीरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा द्वारा बालिकाओं और शिक्षको को इको क्लब, ग्रीन स्कूल के महत्व एवं इको क्लब गठन की प्रक्रिया से अवगत करवाया। इस दौरान यूट्यूब वीडियो, प्रेजेंटेशन के जरिए भी इस प्रक्रिया को सरलता से समझाने का प्रयास किया गया। वहीं स्कूल प्रांगण में बच्चियों द्वारा इको क्लब गैलेरी का निर्माण किया गया। साथ ही बालिकाओं द्वारा पुराने तेल के टीन से गमला व डस्टबिन बनाना, पुराने पानी के बॉटल से हैंगिंग पोट बनाना, ग्रे वाटर निपटारा, दीवार पर पेंटिंग बनाना, पोधारोपण करना आदि गतिविधियां आयोजित की गई। मौके पर निशा वर्मा द्वारा बालिकाओं को स्कूल में बने कंपोस्टपीट में कंपोस्ट निर्माण की प्रक्रिया तथा सुखा कचरा के निपटारे की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। साथ ही सुखा व गिला कचरा अलग अलग कूड़ेदान में डालने की सलाह दी गई। इस दौरान निशा वर्मा ने कहा कि इको क्लब का मकसद बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करना तथा उन्हें अपने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता व आसपास के लोगों को भी पर्यावरण की सुरक्षा व संतुलन बनाए रखने को लेकर जागरुक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की बात कही। ताकि आने वाले पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। निशा वर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुरिक्षत रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण ही काफी नहीं इसका संरक्षण भी जरूरी है। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां भी दी गई। इस दौरान महावारी के बाद शरीर में होने वाले शारीरिक बदलाव, अल्बेंडाजोल आदि के सेवन से होने वाले लाभों से भी बच्चियों को अवगत कराया गया। मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी ने निशा वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा है कि पीरामल फाउंडेशन आगे भी इसी तरह विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां संचालित करवाए, जिससे छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की वार्डन/प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी, विज्ञान शिक्षिका ऐश्वर्या कुमारी और अन्य स्टाफ व बच्चियों का सराहनीय योगदान रहा।



कार्यक्रम में मौजूद पीरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा व छात्राएं

# हिन्दू नववर्ष उत्सव के पीछे का विज्ञान

**पंकज जगन्नाथ जयसवाल**

**राष्ट्रीय** चेतना के ऋषि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, "यदि हमें गौरव से जीने की भावना जागृत करनी है, यदि हम अपने हृदय में देशभक्ति के बीज बोना चाहते हैं तो हमें हिन्दू राष्ट्रीय पंचांग की तिथियों का आश्रय लेना होगा। जो कोई भी विदेशियों की तिथियों पर निर्भर रहता है वह गुलाम बन जाता है और आत्म-सम्मान खो देता है।" इस शुभ दिन पर प्रख्यात गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, माह और वर्ष की गणना करके प्रथम भारतीय पंचांग की स्थापना की थी। जहां अन्य देशों में नववर्ष मनाने का आधार किसी व्यक्ति, घटना या स्थान से जुड़ा होता है और विदेशी लोग अपने देश की सामाजिक और धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुसार इसे मनाते हैं, वहीं हमारा भारतीय नववर्ष ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से जुड़ा हुआ है। ग्रहों और तारों की चाल पर आधारित हमारा नववर्ष सबसे विशिष्ट और वैज्ञानिक है।

भारतीय संस्कृति या सनातन संस्कृति एक सुंदर, तार्किक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक सभ्यता है। महात्मा गांधी के अनुसार, किसी राष्ट्र की संस्कृति उसके लोगों के दिलों और आत्माओं में होती है। यह पूरी तरह से सटीक है क्योंकि ऐसी कई चीजें या प्रथाएं हैं जिनका हम सदियों से पालन करते आ रहे हैं। जैसा कि हम हिंदू नववर्ष मनाते हैं, आइए हिंदू कैलेंडर के पीछे के विज्ञान को देखें।

भारत में खगोल विज्ञान की एक लंबी परंपरा है, हालांकि नियमित ऐतिहासिक दस्तावेजों की कमी के कारण इसके विकास का पता लगाना मुश्किल है। प्राचीन लेखन में पाए जाने वाले खगोलीय संदर्भों की व्याख्या की जानी चाहिए। भारतीय खगोल विज्ञान 1400 ईसा पूर्व से पहले फला-फूला, जो बेबीलोनियन खगोल विज्ञान (जो पांचवीं शताब्दी में समृद्ध हुआ) से कहीं पुराना है। तिथियां (तारीखें) और नक्षत्र (तारे, तारा समूह या क्षुद्रग्रह) प्रारंभिक वैदिक खगोल विज्ञान में अवधारणाएं थीं। पांचवीं शताब्दी में आर्यभट्ट सहित कई खगोलविदों ने वर्तमान पंचांग (कैलेंडर) का निर्माण और परिशोधन किया।

हिंदू नववर्ष चंद्र-सौर कैलेंडर पर आधारित है, जिसका सीधा संबंध मानव शरीर की संरचना से है। भारतीय कैलेंडर न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपको ग्रहों की चाल से जोड़ता है। वसंत ऋतु की शुरूआत प्रतिपदा से होती है, जो आनंद, उत्साह और उल्लास से भरी होती है, साथ ही चारों ओर फूलों की खुशबू होती है। यह वह समय भी होता है जब फसल पकने लगती है, जिससे किसान अपनी मेहनत का फल प्राप्त कर सकता है। नक्षत्र अनुकूल स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी काम को शुरू करने के लिए अनुकूल समय होता है। पृथ्वी के झुकाव के कारण हिंदू नववर्ष से शुरू होने वाली 21दिवसीय अवधि के दौरान उत्तरी गोलार्ध को सूर्य की अधिकांश ऊर्जा प्राप्त होती है। हालांकि उच्च तापमान मनुष्यों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, लेकिन यही वह समय होता है जब पृथ्वी की बैटरी चार्ज होती है




बारह हिन्दू मास (मासा, चंद्र मास) लगभग 354 दिनों के बराबर होते हैं, जबकि एक नक्षत्रीय (सौर) वर्ष की लंबाई लगभग 365 दिन होती है। इससे लगभग ग्यारह दिनों का अंतर पैदा होता है, जो हर (29.53/10.63) = 2.71 वर्ष या लगभग हर 32.5 महीने में समाप्त हो जाता है। पुरुषोत्तम मास या अधिक मास एक अतिरिक्त महीना है जिसे चंद्र और सौर कैलेंडर को संरेखित रखने के लिए जोड़ा जाता है। बारह महीनों को छह चंद्र ऋतुओं में विभाजित किया गया है, जो कृषि चक्र, प्राकृतिक फूलों के खिलने, पत्तियों के गिरने और मौसम के साथ समयबद्ध हैं। चंद्र और सौर कैलेंडर के बीच बेमेल को ध्यान में रखते हुए, हिन्दू विद्वानों ने अंतर-महीने को अपनाया, जहां एक विशेष महीना बस दोहराया जाता है। इस महीने का चयन यादृच्छिक नहीं था, बल्कि दो कैलेंडर को कृषि और प्रकृति के चक्र में वापस लाने के लिए समयबद्ध था।

इस दिन दुनिया भर में क्या हो रहा है और मानव शरीर विज्ञान और मानस में क्या चल रहा है, इस संदर्भ में उगादि को जनवरी की पहली तारीख के बजाय नया साल माना जाना कुछ हद तक प्रासंगिक है। उगादि चंद्र-सौर कैलेंडर का पालन करता है, जो मानव शरीर की संरचना से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। यह जानना दिलचस्प होगा कि भारतीय ज्योतिष के विद्वानों ने वैदिक युग में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि सूर्य ग्रहण एक निश्चित दिन और एक निश्चित समय पर होगा। यह समय गणना युगों बाद भी पूरी तरह सटीक साबित हो रही है।

नववर्ष का स्वागत रात्रि के अंधेरे में नहीं किया जाता। नववर्ष का स्वागत सूर्य की पहली किरण का स्वागत करके किया जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर में नववर्ष की शुरूआत मध्य रात्रि 12 बजे मानी जाती है, जो वैज्ञानिक नहीं है। दिन और रात को मिलाकर ही एक दिन पूरा होता है। दिन की शुरूआत सूर्योदय से होती है और अगले सूर्योदय तक जारी रहती है। सूर्यास्त को दिन और रात के बीच का संक्रमण बिंदु माना जाता है। प्रकृति का नववर्ष मार्च में होता है, जब प्रकृति और पृथ्वी एक चक्र पूरा करते हैं। प्रकृति का चक्र जनवरी में समाप्त नहीं होता। नववर्ष तब शुरू होता है, जब पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है और दूसरे चक्र के लिए सूर्य की परिक्रमा करती है।

## 18 महीने बाद शुक्र और सूर्य बनायेंगे शुक्रादित्य राजयोग हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता

**वैदिक** ज्योतिष अनुसार शुक्र और सूर्य शुक्रादित्य राजयोग बनाने जा रहे हैं, जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं...

18 महीने बाद बनने जा रही सूर्य और शुक्र की युति-

वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह एक निश्चित अवधि पर गोचर करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर सीधेतौर पर पड़ता है। आपको बता दें कि 13 अप्रैल को ग्रहों के राजा सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में गोचर करने जा रहे हैं। वहीं इसके बाद 24 अप्रैल को शुक्र ग्रह मेष में प्रवेश करेंगे। ऐसे में इन दोनों ग्रहों की शुक्रादित्य राजयोग निर्माण होने जा रहा है । जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकती है। साथ ही इन लोगों की धन- दौलत में बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये भाग्यशाली राशियां कौन सी हैं

तुला राशि आप लोगों के लिए शुक्रादित्य राजयोग लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि यह राजयोग आपकी राशि से सप्तम भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। साथ ही आपका परिवार के लोगों के साथ अच?छा समय कटेगा और आपके जीवन में तरक?की के द्वार खुलेंगे। वहीं इस समय अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है। साथ ही पार्टनरशिप के ०?यापार में आपको लाभ होगा और आपको अचानक से रुका हुआ पैसा मिलने से आपकी कई योजनाएं पूर्ण होंगी। वहीं इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह राशि शुक्रादित्य राजयोग बनने से सिंह राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। क्योंकि यह राजयोग आपकी राशि से नवम भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको किस्मत का साथ मिलेगा। साथ ही आपके मन में सकारात?मक विचार बढ़ेंगे। वहीं इस समय आपके लिए पद प्रतिष?ठा में वृद्धि के योग बन रहे हैं और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। वहीं इस समय आप किसी धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही इस समय आप देश- विदेश की यात्रा भी कर सकते हैं। जो शुभ रहेंगी। वहीं इस समय प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है।30 साल बाद शनि देव स्वराशि कुंभ में होंगे वक्री, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, नई नौकरी के साथ होगा अपार धनलाभ होगा।

## 12 अप्रैल को नहाय खाय के साथ शुरू होगा चैती छठ महापर्व

*12 अप्रैल को नहाय खाय के साथ शुरू होगा चैती छठ महापर्व, 36 घंटे तक रखा जाएगा निर्जला व्रत का पर्व मनाया जायेगा।*

**महत्व, मुहूर्त और तिथियां :** चैती छठ 12 अप्रैल से शुरू हो रहा है, जो 15 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। छठ के दौरान महिलाएं 36 घंटे का व्रत रखकर भगवान सूर्य की उपासना करती हैं।

सनातन धर्म में चैती छठ का विशेष महत्व है। साल में दो बार छठ का पर्व मनाया जाता है। पहला चैत्र मास में और दूसरा कार्तिक मास में। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के को छठ पर्व मनाने की परंपरा है। आमतौर पर कार्तिक मास की छठ का अधिक महत्व है। लेकिन इस छठ को भी लोग बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। इस व्रत का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है और लगातार 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महिलाएं अपना व्रत खोलती हैं।



**महत्व और तिथियां**

पंचांग के अनुसार, चैती छठ का पर्व 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत नहाय-खाय के साथ होगी।

**12 अप्रैल** 2024, शुक्रवार- नहाय-खाय
**13 अप्रैल** 2024 शनिवार झ खरना
**14 अप्रैल** 2024, रविवार झ संध्या अर्घ्य
**15 अप्रैल** 2024, सोमवार- प्रातः: अर्घ्य और पारण

### नहाय खाय

चैत्र मास की चतुर्थी तिथि से चैती छठ का आरंभ हो जाता है जिसे नहाय-खाय कहते हैं। इस दिन महिलाएं स्नान आदि करने के बाद भगवान सूर्य की पूजा करती है। इस दिन शुद्ध शाकाहारी भोजन करते हैं। बुद्धि के दाता बुध ने बनाया केंद्र त्रिकोण राजयोग, 9 अप्रैल तक इन राशियों की लग सकती हैं लॉटरी, तरक्की के भी योग हैं।

### खरना

चैती छठ का दूसरा दिन खरना को कहते हैं। इस दिन से महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ करती है। इसके साथ ही भगवान सूर्य को भोग लगाने के लिए प्रसाद तैयार करती है। इसके साथ ही शाम के समय पीतल या फिर मिट्टी के बर्तन में गुड़ की खीर, ठेकुआ आदि बनाते हैं। इसके लिए नए चूल्हे का इस्तेमाल करते हैं। इस दिन सूर्य देव को भोग लगाने के साथ अर्घ्य देने के बाद महिलाएं प्रसाद ग्रहण करती हैं।

### डूबते सूर्य को अर्घ्य

छठ पर्व के तीसरे दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की विधान है। डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए जल और दूध का इस्तेमाल करते हैं।

मेष राशि में शुक्र होने वाले हैं अस्त, इन राशि के जातकों को रहना होगा सतर्क, धन हानि के प्रबल योग

### उगते हुए सूर्य को अर्घ्य

इस दिन सूर्योदय के समय महिलाएं सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही छठ मैया से संतान की रक्षा और परिवार की सुख-शांति की कामना करती है। इसके साथ ही इस दिन अपने व्रत का पारण करती है।

## आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतरराष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें

**हृदयनारायण दीक्षित**

**मधुमय नवसंवत्सर** आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरूवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, "सूर्य को हमने सात




पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं,"तब न सत था न असत। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।' ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरुण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ. 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस ऑफ नेचर" में कहा है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप ध्रुवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा? भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

यही व्यक्त होता है तो सत।" ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं, "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।'

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरुष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं, "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरुष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है।

## देश में कई नामों से मनाया जाता हिन्दू नव प्रतिपदा

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

**नया** साल प्रकृति में जीवन की नई शुरूआत का प्रतीक है। वसंत ऋतु आती है। चैत्र अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मार्च और अप्रैल के बीच होता है। 21 मार्च को पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करती है, और दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर प्राकृतिक नववर्ष इसी दिन से शुरू होता है। हमारे शास्त्रों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ब्रह्मांड के विभिन्न क्षेत्रों में समय की गति अलग-अलग होती है। आप देख सकते हैं कि प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन ने 'समय और स्थान' के अपने सिद्धांत में यही बात खोजी थी।

हिन्दू नववर्ष के प्रमुख त्योहार-

**गुड़ी पड़वा:** गुड़ी पड़वा, जिसे संवत्सर पड़वो (गोवा में हिंदू कोंकणी लोगों के बीच) के नाम से भी जाना जाता है, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन महाराष्ट्रीयन लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, जिसे घटस्थापना या कलश स्थापना के नाम से भी जाना जाता है। पड़वा नाम संस्कृत शब्द प्रतिपदा से आया है, जो चंद्र महीने के पहले दिन को संदर्भित करता है। इस दिन, एक सुशोभित गुड़ी को फहराया जाता है और उसकी पूजा की जाती है, जिससे इस आयोजन का नाम पड़ा है। यह आयोजन रबी मौसम के अंत में होता है।

यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के साढ़े तीन पवित्र दिनों में से एक है। अन्य संबंधित मुहूर्त दिनों में अक्षय तृतीया, विजयादशमी (या दशहरा) और बलिप्रतिपदा शामिल हैं।




**उगादी:** तेलुगु और कन्नड़ हिंदू कैलेंडर के अनुसार, उगादी, युगादी या संवत्सरदी चैत्र के महीने में चंद्रमा के बढ़ते चरण के पहले दिन मनाया जाता है। उगादी या युगादी शब्द संस्कृत के मूल शब्दों युग या आयु और आदि से लिया गया है, जिसका अर्थ है शुरूआत; जब संयुक्त होते हैं, तो ये शब्द एक नए युग की शुरूआत का संकेत देते हैं। युगादी नाम विशेष रूप से वर्तमान अवधि या युग की शुरूआत से संबंधित है, जिसे कलियुग के रूप में जाना जाता है। उगादी आने वाले वर्ष में जीवन को स्वीकार करने और उसकी सराहना करने का प्रतिनिधित्व करता है, जो खुशी, दुख, क्रोध, भय, घृणा और आश्चर्य सहित अच्छे और बुरे अनुभवों का एक विविध संयोजन होगा। नीम का उपयोग दुःख को दशार्ने के लिए किया जाता है क्योंकि इसका स्वाद कड़वा होता है। गुड़ और पके केले स्वादिष्ट संतोष का प्रतिनिधित्व करते हैं। हरी मिर्च और काली मिर्च तीखी होती है, जो क्रोध का संकेत देती है। नमक भय का प्रतीक है, जबकि खट्टा इमली का रस घृणा का प्रतिनिधित्व करता है। कच्चे आम का उपयोग अकसर इसके खट्टेपण के लिए किया जाता है, जो आश्चर्य की भावना जोड़ता है। पूर्व की हर चीज की तरह यह कैलेंडर भी इस बात पर आधारित है कि यह मानव शरीर क्रिया और अनुभूति को कैसे प्रभावित करता है। उगादी के पीछे एक विज्ञान है जो कई अलग-अलग तरीकों से मानव कल्याण को बढ़ाता है।

**बैसाखी:** वैसाखी, जिसे बैसाखी के नाम से भी जाना जाता है, वैसाखी महीने के पहले दिन (पंजाब सौर कैलेंडर के अनुसार) मनाया जाने वाला एक पंजाबी फसल उत्सव है। पंजाब का सिख समुदाय उस दिन को याद करता है जब गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा की स्थापना की थी।

**विशु:** केरल की हरी-भरी धरती अप्रैल में अपना नया साल मनाती है। दिन की शुरूआत विशु कानी के पहले दर्शन से होती है, जिसमें फलों, सब्जियों और फूलों को शीशे से खोला जाता है।

**पुथंडू:** पारंपरिक तमिल नव वर्ष 13 या 14 अप्रैल को, महीने के मध्य में, या 01 अप्रैल को शुरू होता है। इस आयोजन के दौरान, लोग एक-दूसरे को पुथंडू वजथुकल कहकर बधाई देते हैं, जिसका अर्थ है नव वर्ष की शुभकामनाएँ। कच्चे आम, नीम और गुड़ से तैयार की जाने वाली मंगई पचड़ी इस त्यौहार का खास व्यंजन है।

**नवरेह:** कश्मीर में यह नया साल चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होता है, जो शिवरात्रि जितना ही महत्वपूर्ण है। गुड़ी पर्व, उगादि और अन्य कार्यक्रम नए साल की शुरूआत के रूप में जबरदस्त उत्साह और पवित्रता के साथ मनाए जाते हैं।

**बिहू:** असम एक समृद्ध क्षेत्र है जो नीले पहाड़ों से घिरा है और महान ब्रह्मपुत्र नद से पोषित है। कृषि यहां के लोगों की प्राथमिक गतिविधि है, और पूरी सभ्यता कृषि प्रधान है। बिहू उत्सव असमिया लोगों को एक अलग पहचान देता है और उन्हें राष्ट्रीय इतिहास में अलग पहचान देता है। बिहू न केवल असम की प्राथमिक पहचान है, बल्कि यह एक फसल उत्सव भी है। कृषि कैलेंडर में महत्वपूर्ण तिथियों के दौरान इसे तीन बार मनाया जाता है।

**पोइला बैसाख:** बंगाली कैलेंडर के पहले दिन बंगाली लोग पोइला बैसाख मनाते हैं। यह बंगालियों के लिए नए साल की शुरूआत है, और यह नई शुरूआत, खुशी के जश्न और सांस्कृतिक गतिविधियों का समय है। इस दिन का धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों तरह से महत्व है, और इसे पारंपरिक रीति-रिवाजों, खाने-पीने और रंगारंग समारोहों के साथ मनाया जाता है। यह लोगों के इकट्ठा होने, खुशियों का आदान-प्रदान करने और अगले साल के लिए समर्थन मांगने का समय है। आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! (लेखक,खबर मन्त्र से जुड़ें हैं।)

स्पीड न्यूज

## करणी सेना ने किया रामभक्तों का स्वागत

**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या में अयोजित शोभा यात्रा में शामिल हजारों रामभक्तों के लिए क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने साकची सुभाष मैदान में सेवा शिविर लगाया,जहां हजारों को संख्या में आए रामभक्तो के लिए जलपान और लड्डू का वितरण किया गया। साथ ही सभी अतिथियों का भगवा गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

## प्रशासनिक शब्दकोष पुस्तक का विमोचन

**जादूगोड़ा।** राजदोहा मांझीबाबा माझी युवराज टुडू समेत मनोज हांसदा व गोपी हासदा द्वारा रचित संथाली प्रशासनिक शब्दकोष पुस्तक का आज सोमवार जादूगोड़ा के राजदोहा गांव में विमोचन किया गया। इस नई पुस्तक के विमोचन के बाद संथाल समाज में हर्ष व्याप्त है तथा उन्हें इस बात की खुशी है कि अब प्रशासनिक शब्द इंग्लिश, हिंदी के बाद ओलचिकी में भी लोग उपयोग कर पायेंगे।

## रेडक्रॉस ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के 718वां नेत्र शिविर आज नेत्र रोगियों की विदाई के साथ संपन्न हो गया। बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में मारवाड़ी महिला मंच, जमशेदपुर के संयोजन में मंजू मुसद्दी–अजय मुसद्दी के माता–पिता स्व रामा देवी–घीसाराम मुसद्दी की पुण्य स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर के अंतिम नेत्र रोगियों के आंखों की जांच नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की गयी।

## चित्तो मुखर्जी की स्मृति में 122 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** हमारे वीर सैनिक अपने रक्त के कतरे कतरे से देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वीर शहीद सैनिकों के सम्मान में एवं स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन मुखर्जी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन करना, उन वीर योद्धाओं को सच्ची श्रद्धांजली देने के समान है, रक्तदाता अपने रक्तदान से मानवता की सेवा को समर्पित रहते हैं।

## स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिपन संपन्न

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा बिष्टुपुर मिलानी हॉल में 'झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर के 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

## कल होगा रोपण और अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन

**जमशेदपुर।** श्री श्री शीतला माता मंदिर टुईलाडुंगरी में चैत्र नवरात्रि ज्वारां महोत्सव की प्रारंभिक विधि बिरीह भिगोना आज मंदिर परिसर में माता शीतला के पूजा के साथ संपन्न हुई, छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप बिरीह भिगोना ज्योत प्रज्वलन के एक दिन पूर्व सात प्रकार के अनाज गैहु, जौ, उड़द, चना, मटर, मूंग, मसूर का मिश्रण कर समाज के प्रमुख लोगो के द्वारा अपने हाथो से पांच पांच मुट्ठी एक मिट्टी के बड़े पात्र में पानी के साथ डाल कर भिंगाया जाता है।


### AFFIDAVIT

I, Indrawati Tiwari W/o Late Shiv Kumar Tiwari, Resident of Road No.-6, Ramnagar, Kadma, P.O. and P.S.-Kadma, Jamshedpur-831005, Dist.-East Singhbhum, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am Indian Citizen by birth
2. That before my marriage my name is Indrawati Kumari Tiwari.
3. That after my marriage my name is Indrawati Tiwari.
4. That Indrawati Tiwari and Indrawati Kumari Tiwari is one and the same person i.e. my self.
5. That I swear this affidavit to confirm the above facts to be true and correct for publication in news paper.


# हिन्दू नववर्ष : शहर में जगह-जगह निकाली गयी शोभा यात्रा

■ हिन्दू उत्सव समिति ने मानगो हनुमान मंदिर की जगह मानगो चौक से निकाली शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हिंदू संगठनों के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसी के तहत जमशेदपुर में डिमना सुभाष मैदान, मानगो गांधी मैदान, टेल्को राम मंदिर, जुगसलाई राम टेकरी रोड एग्रिको सहित कई स्थानों से आज नववर्ष यात्रा निकाली गई जो देर शाम तक आम बागान पहुंची। इस मौके पर सभी धर्म प्रेमियों में काफी उत्साह देखा गया। युवाओं में खासे उत्साह देखा गया। हाथो में केसरी झंडा लिए जय श्री राम का नारा लगाते हुए झूमते देखा गया।


इधर, प्रशासन शांति पूर्ण ढंग से जुलूस निकलवाने के लिए पूरी तरह दिन भर मुस्तैद रहा। चिन्हित जगहों पर बेरिकेटिंग किया गया था ताकि आप लोगों को ज्यादा परेशानी ना हो। दोपहर बाद डिमना से यात्रा निकलने के बाद मानगो गोलचक्कर क्षेत्र गेरुआ झंडा से पट्ट गया और जय श्रीराम से गूंज उठा। रवि सिंह एंड टीम को गांधी मैदान तो दूर दाईगुट्टू बड़ा हनुमान मंदिर से भी नववर्ष शोभा यात्रा निकालने की इजाजत प्रशासन ने नहीं दी। प्रशासन ने कहा कि आप लोग मानगो खुदीराम बोस चौक से चाहें तो शोभा यात्रा निकाल सकते हैं। अंततः रवि सिंह एंड टीम को प्रशासन की बात माननी पड़ी क्योंकि प्रशासन ने बड़ा हनुमान मंदिर के पास रैफ के जवानों को बड़ी संख्या में तैनात कर दिया था।

**मानगो चौक से धूम धाम ओर गाजे बाजे के साथ निकला हिन्दू नववर्ष यात्रा, शहर हुआ भगवामय, यात्रा में शामिल हुए लाखों हिन्दू, यह यात्रा पुरातन सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंगः हिंदू उत्सव समिति-** आज हिंदू उत्सव समिति द्वारा हिन्दू नववर्ष पर आयोजित विराट हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। समिति द्वारा आयोजित यह यात्रा मानगो गोलचक्कर से प्रारंभ होकर साकची सुभाष मैदान (आम बगान) तक जाकर समाप्त हुई। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस शोभा यात्रा में विभिन्न संगठनों के लाखो हजारों युवाओं ने शिरकत कर इस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का कार्य किया। भगवा पताखा से सजे हुए सैकड़ों झाकियों ने इस शोभा यात्रा को अभूतपूर्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जय श्री राम के नारों ने इस यात्रा को एक अलग ही स्वरूप प्रदान किया।


हिन्दू नववर्ष के मौके पर जुगसलाई में शोभा यात्रा में शामिल गणमान्य व्यक्ति।


मानगो में शोभा यात्रा को संबोधित करते भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले।


कदमा में भगवा ध्वज लहराते सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य नेतागण।


कंट्रोल रूम में सीसीटीवी पर शोभा यात्रा की निगरानी करते एसएसपी किशोर कौशल।

## हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रारंभ की गयी यह यात्रा आज जमशेदपुर की पहचान बन चुकी है: रवि सिंह

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा की हमारे संगठन द्वारा प्रारंभ की गई यह नववर्ष यात्रा आज जमशेदपुर की पहचान बन चुकी है। शहर का बच्चा बच्चा इस यात्रा में शामिल होकर गौरव गौरव की अनुभूति करता है साथ ही साथ अपने संस्कृति को बेहतर रूप से समझने का अवसर भी प्राप्त करता है।

### सरयू समेत कई हस्तियां शोभा यात्रा में शामिल



मानगो चौक से निकले इस भव्य यात्रा में शामिल हुई शहर की कई हस्तियां,सरयू राय, अमरप्रीत सिंह काले,पूर्व डीआईजी राजीव रानजन, जम्बू वाले बाबा, कविता परमार सहित आदि शामिल थे। इस नववर्ष यात्रा में शहर के लगभग सभी गणमान्य नागरिक पहुंचे ओर सभी ने यात्रा में शामिल होकर सुभाष मैदान तक युवाओं के साथ देते रहे नेताजी सुभाष मैदान में जब हिन्दू उत्सव समिति की यात्रा पहुंची तो मैदान पूरा भर चुका था जहां भारत माता की आरती हुई और फिर प्रसाद के बाद सभी अपने पाने घर गये।

### मानगो चौक पर लगा जाम

यात्रा निकलना था गांधी मैदान से लेकिन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए ओर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट को देखते हुए स्वतः स्थान परिवर्तन कर मानगो चौक से निकला गया यात्रा जिसमे जनसैलाब उमड़ पड़ा और सम्पूर्ण मानगो जाम में फंस गया। चुकी हिन्दू उत्सव समिति के 200 कार्यकर्ता यातायात नियम पालन करने के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे थे।

### रामगढ़ का डंका और झांकी ने लोगों का मन मोहा

मानगो चौक से निकली इस यात्रा में हिन्दू उत्सव समिति ने रामगढ़ का प्रसिद्ध डंका मंगवाया था जो समा बांध दिया रोड से देखने वाले लोग भी मंत्र मुग्ध हो गए। इस यात्रा में मुख्य भूमिका निभाई मानगो से उपेंद्र सिंह मस्तान, पप्पू सिंह, मृत्युंजय, पवन, अक्षय कौड़ा, पिंटू सिंह, अश्वनी, शुभम कुमार, अमित, रविप्रकाश सिंह, अमित शर्मा, चंदन चतुर्वेदी, शक्ति प्रामाणिक, धीरज सिंह, अभिमन्यु प्रताप सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्ती भूमिका निभायी।

### नव वर्ष शोभा यात्रा में शामिल हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले

हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल भी आज शामिल हुए और लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# वंदे भारत से निकली चिनगारी, बड़ा हादसा टला

## यात्रियों में मची अफरा-तफरी, वाराणसी से रांची आ रही थी ट्रेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वाराणसी से रांची आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस में सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे चिनगारी निकलने से यात्रियों में अफरातफरी मच गयी। समय रहते काबू पा लेने के एक बड़ा हादसा टल गया। यत्रियों और रेलवे ने राहत की सांस ली। दरअसल, यह ट्रेन अपनी पूरी रफ्तार से जा रही थी। इसी बीच हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के नजदीक इंजन के पेंट्रो से आग की चिनगारी निकलने लगी। विस्फोट की आवाजें भी सुनायी पड़ी। चालक को एहसास होते ही उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाते हुए स्टेशन पर ट्रेन रोक दी। करीब 15 मिनट के बाद निकलती चिनगारी पर नियंत्रण पाया गया। तब लोगों को राहत मिली। स्टेशन अधीक्षक एसएन भट्टाचार्य ने जानकारी दी कि ट्रेन को तत्काल ठीक कर गोमो स्टेशन भेजा गया है, जहां इंजीनियर्स की टीम से पूरी तरह जांच की और उसे ठीक किया। कुछ अनहोनी सोच कर ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। लोग ट्रेन के डिब्बे से प्लेटफॉर्म पर उतर आये। मूसलाधार वर्षा के बीच सभी यात्री भींगते हुए एक जगह जमा हो गये। जानकारी मिलते ही स्टेशन के अधिकारी, आरपीएफ स्टाफ और संबंधित विभाग के कर्मचारी पहुंचे। इसे ठीक करने में जुट गये। दरअसल पेंट्रो ट्रेन के इंजन का ऊपरी हिस्सा है, जिसके 25 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने के बाद ट्रेन का परिचालन हो पाता है। लगभग 8:32 बजे यह ट्रेन हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में रुकी और 8:47 बजे रात्रि रवाना किया गया। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक एस एन भट्टाचार्य ने बताया कि ट्रेन को तत्काल ठीक कर गोमो स्टेशन भेजा गया है।

## 16 को धूमधाम से राजस्थान स्थापना दिवस मनायेगा मारवाड़ी सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अग्रसेन भवन प्रांगण में मुकेश मित्तल की अध्यक्षता में पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक, पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसका उद्देश्य 16 अप्रैल को होने वाले राजस्थान दिवस के आयोजन पर चर्चा करना एवं सभी का सुझाव लेना था। इस बैठक में समाज के बुजुर्ग, युवा एवं नारी शक्ति ने भाग लिया एवं सभी ने बहुत ही ऊर्जा के साथ सकारात्मक सुझाव दिये। सर्वप्रथम अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश की स्थापना 30 मार्च, 1949 को राजपुताना नाम से की गई, जिसे बाद में बदलकर राजस्थान नाम दिया गया। उन्होंने बताया कि हम सभी राजस्थानियों के लिए राजस्थान दिवस एक अद्वितीय पर्व है, जो किसी त्योहार से कम नहीं है। यह दिन हमारी संस्कृति और हमारे राज्य की गौरव को साझा करता है। राजस्थान दिवस की रूपरेखा के बारे में अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने हेतु तरह तरह के आकर्षण की व्यवस्था की गयी है।

## किसी भी आयोजन व प्रचार-प्रसार के लिए पूर्वानुमति लेना आवश्यक : अनन्य मित्तल

■ लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के मुद्दे पर डीसी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** आदर्श आचार संहिता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में बैठक आयोजित की गयी। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव व राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूरे चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो और सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी से अवगत हों तथा उसको निभाएं। जिससे किसी पर कोई आरोप न आये और मतदान की शुचिता बनी रहे। रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से आवेदन करें ताकि ससमय अनुमति दी जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाये।

## गम्हरिया से भी निकली भव्य शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हिन्दू युवा जागृति संघ की ओर से क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा और झांकी निकाली गई। इस दौरान बोलायडीह के पूंजीडूंगरी से गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और वीर हनुमान के भेष में बच्चों को सवांर कर शोभायात्रा निकाली गई जो छोटा गम्हरिया स्थित दुगार्पूजा मैदान पहुंच कर सम्पन्न हुई।

इस शोभायात्रा में काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु और संघ के सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर सभी धर्म प्रेमियों में काफी उत्साह देखा गया। खासकर युवाओं में खासे उत्साह था। हाथों में केसरी झंडा लिए जय श्री राम का नारा लगाते हुए युवा झूमते देखे गए। इस दौरान जय श्रीराम से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। इस दौरान पूरे क्षेत्र को भगवा झंडों से संवारा गया था। इसके आयोजन में संघ के आकाश दास, अरुणेश पांडेय, मनीष कुमार, गौरव सिंह, आकाश शर्मा, रामयश तिवारी, बिट्टू मोदक, गौरव झा समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## जंबू अखाड़ा समिति भव्य तरीके से मनायेगी रामनवमी महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ संस्थापक स्व. कमल किशोर जंबू को समर्पित रहेगा


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते बंटी सिंह।

**जमशेदपुर।** विशाल रामनवमी महोत्सव 2024 को लेकर जंबू अखाड़ा प्रांगण में संवाददाता सम्मेलन किया गया। अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने हिंदू नववर्ष, सरहुल, चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी की शुभकामनाएं देकर कहा कि श्री श्री बजरंग विजय मंदिर जंबू अखाड़ा समिति द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति आयोजित 55वें विशाल रामनवमी महोत्सव का आयोजन 9 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक होगा। उन्होंने कहा इस विशाल रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ अखंड हरि राम नाम संकीर्तन से किया जायेगा जो 9 से 11 अप्रैल तक लगातार 48 घंटे तक झारखंड-बंगाल के 6 अलग कीर्तन मंडलियों करेंगे।

## जुगसलाई में धूमधाम से निकली जयपुर के तर्ज पर गणगौर की बिंदोरी

■ ब्यावली युवतियों ने सजाई गणगौर कुंडे में शिव पार्वती मालन मालनी की छोटी-छोटी मूर्तियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मलेन जुगसलाई शाखा द्वारा जयपुर की तर्ज पर गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। मारवाड़ी समाज में बहुत उत्साह से गणगौर का आयोजन किया जाता है। गणगौर पूजा में बिंदोरी का बड़ा महत्व है एवं जमशेदपुर में पहली बार मारवाड़ी समाज ने गणगौर की भव्य बिंदोरी निकाली जा रही है।

जयपुर में मनाया जाने वाला गणगौर उत्सव विश्व प्रसिद्ध है। वहां के बिंदोरी जुलूस को देखने के लिए यूरोप से हजारों पर्यटक जयपुर आते हैं। जयपुर गणगौर उत्सव की तर्ज पर जमशेदपुर में बिंदोरी जुलूस का भव्य आयोजन किया गया। जुगसलाई के चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में गणगौर की पूजा की गई। उसके पश्चात ढ़ोल नगाड़े के साथ बिंदोरी निकाली गई।

जो राजस्थान शिव मंदिर, एम ई स्कूल रोड तक गई. बिंदोरी का मुख्य आकर्षण भव्य रथ में विराजमान इशर गौरा की झांकी रही जिनके साथ नाचते गाते ब्यावली लड़कियां अपनी सखियों के साथ चल रही थी।



**जुलूस के मार्ग में हुआ स्वागत :** रास्ते मे जगह जगह राणी सती सत्संग समिति, मानव कल्याण संस्थान, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा सहित मारवाड़ी समाज की अन्य संस्थाओं द्वारा ठंडे पानी, लीची जूस, टॉफी, फल इत्यादि के स्टॉल लगाए गए थे.

**श्रेष्ठ गणगौर सज्जा पर मिला पुरस्कार :** नवविवाहित युवतियां गणगौर कुंडे में शिव स्वरुप इशर जी, पार्वती स्वरुप गौरा जी, कनीराम, रोवा बाई, सोवा बाई की छोटी छोटी मुर्तियां सजा कर लाई थी। जिनमें सर्वश्रेष्ठ तीन को पुरस्कृत किया गया। शेष सभी को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम में राजस्थानी नृत्य गीत प्रस्तुति हुई। उसके बाद सबके लिए अल्पाहार की व्यवस्था थी।

**ये रहे उपस्थित :** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष संदीप मुरारका, महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, समाजसेवी अशोक भालोटिया, दिलीप गोयल, विजय मित्तल, अशोक चौधरी, रोहित अग्रवाल, अनिल रिंगसिया, आर एम एस के सुशील अग्रवाल, सुनील रिंगसिया, प्रकाश जोशी, संजय शर्मा

**कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला सदस्य रहीं सक्रिय :** अनिता अग्रवाल, बिंदिया गढ़वाल, नमिता मित्तल, शालिनी खीरवाल, सुनीता अग्रवाल, नेहा चौधरी, सपना भाऊका, लक्ष्मी सारडा, अर्चना गुप्ता, लता खीरवाल,श्वेता गनेड़ीवाल, अंजू चेतानी, भावना अग्रवाल, प्रियंका बजाज, कोमल तापडिया

## एक नजर में

### महिलाओं को पोषणयुक्त भोजन के बारे में बताया



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट के डॉ मनीष झा ने गदरा पंचायत मे गर्भवती महिलाओं और माताओं को उन्नत भोजन और स्वास्थ्य के बारे में अवगत कराया। महिलाओं को बताया गया कि किस भोजन में कितना काबोर्हाइड्रेट है कितना प्रोटीन है और कितना यह हमारे शरीर के लिए लाभदायक है, और प्रोटीन युक्त भोजन बच्चों के विकास के लिए कितना जरूरी है ताकि बच्चे का अच्छा विकास हो सके और महिलाएं भी अपना स्वास्थ्य अच्छा रख सके अंत में महिलाओं को प्रोटीन युक्त मदर हॉरलिक्स संस्था के द्वारा दिया गया कार्यक्रम में शांति पत्रों और अन्य ने सहयोग दिया।

### श्रीनाथ विवि और योर्स दैट सीनियर्स के बीच एमओयू




**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय और योर्स दैट सीनियर्स के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ है जिसका उद्देश्य छात्रों में जॉब से संबंधित जरुरी कौशल का विकास करना है। इस समझौते के तहत कौशल विकास, रिज्यूमे बनाना, पाठ्यक्रम प्रस्तुतियां, प्लेसमेंट सहायता और साक्षात्कार तैयारी पर जोर दिया गया है जिससे छात्रों में जरुरी कौशल का विकास हो। एमओयू पर हस्ताक्षर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और और प्लेसमेंट विभाग के निदेशक, शुभदीप भद्रा और योर्स दैट सीनियर्स के सीईओ और संस्थापक, मोहित कड़यान ने किया। वही इस मौके पर योर्सदैटसीनियर्स के सीओओ और सहसंस्थापक अमन मीना, और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन जे राजेश मौजूद रहे जिन्होंने एमओयू को लेकर दोनो संस्थानों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय और इंडस्ट्री की बीच की दूरी हटेगी। एकेडमिक जरुरतों के साथ तकनीकी कौशल की मदद से छात्रों के सफल करियर का रास्ता प्रशस्त हो सकेगा।

### झारखंड के मतदाता जागरूकता को लेकर बनी लघु फिल्म 'छुट्टी' का प्रदर्शन




**जमशेदपुर।** मतदान एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है और इसके महत्व को समझाने के लिए 'छुट्टी' नामक एक लघु फिल्म जमशेदपुर के युवा रंगकर्मियों ने बनायी है। यह फिल्म झारखंड के मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने वाले अभियान को बल देने के उद्देश्य से निर्माण कि गई है। 'छुट्टी' फिल्म का निर्देशन जमशेदपुर के युवा रंगकर्मी प्रेम दीक्षित ने किया है, जो गीता थिएटर के सचिव, एक प्रतिष्ठित लघु फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं। इसे लिखा सुरज धीबर ने, जो जमशेदपुर रंगमंच मे उभरता कलाकार है जिस ने अपने लेखन से महत्वपूर्ण संदेश को पेश करने की कोशिश कि हैं। लघु फिल्म में बतौर कलाकार झारखण्ड रत्न सम्मान से सम्मानित गीता कुमारी, के दिव्या, श्यामली धीबर, आलोक लकडा और अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय करते हुए अपनी-अपनी भूमिका निभाई है। इस लघु फिल्म का निर्माण 'डी+डी एसोसिएशन लघु फिल्म प्रोडक्शन' के बैनर तले किया गया है। यह संगठन उत्कृष्ट फिल्मों का निर्माण एवं कला संस्कृति एवं समाज मे जागरूकता कार्य करने के लिए जाना जाता है 'छुट्टी' इसका एक प्रमुख उदाहरण है। मतदान के महत्व को समझाने के लिए इस फिल्म में अद्भुत कहानी, शानदार अभिनय, और संदेश को लेकर एक व्यापक प्रयास है। यह फिल्म समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध है, जिससे मतदान में लोगों की भागीदारी में वृद्धि हो सके।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में रोबोटिक कार्यशाला संपन्न



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में सोमवार को रोबोटिक कार्यशाला की गयी। इसमें यन्गोवतर एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं सी ई ओ मुदित ठक्कर जिन्हें रोबोट मेन आफ इंडिया भी कहा जाता है अपने सहयोगियों के साथ आये। इसमें कक्षा षष्टम से नवम तक के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। बच्चों में रोबोट के बारे जानने एवं सुनने की जिज्ञासा देखने योग्य थी। वहीं सी ई ओ मोदी ठक्कर ने रोबोट के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया कि रोबोट क्या है इसकी कार्य विधि क्या है इसे डिजिटल पार्ट क्यों कहा जाता है और भविष्य में इसकी उपयोगिता क्या है उन्होंने सी बी एस ई सिलेबस में इस विषय को कौशल विकास के रूप में सम्मिलित करने की बात कही विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य को भी इस कार्य के लिए उत्सुकता दिखाना चाहिए। इसमें बच्चों के प्रश्नों एवं उनके उत्साह को बढ़ाते हुए रोबोट के विषय में बहुत सारी जानकारियां देने के लिए प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने आगंतुक पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय पर विद्यालय पहल करेगा।

# कोलकाता का विजयरथ धोनी की किंग्स ने रोका



**एजेंसी**

**चेन्नई।** आइपीएल 2024 में आखिरकार कोलकाता नाइटराइडर्स का विजयरथ थम ही गया। लगातार तीन मैच जीतने वाली केकेआर को चेन्नई सुपरकिंग्स ने सोमवार को सीजन की पहली हार दे दी। अपने घर यानी एमए. चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर को सिर्फ 137 रन पर रोक दिया और फिर 14 गेंद पहले सात विकेट से एकतरफा अंदाज में मैच अपने नाम किया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने नाबाद अर्धशतक 67 रन की पारी खेली तो उससे पहले रविंद्र जडेजा (चार ओवर में 18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने धारदार खेल दिखाया।


### चेन्नई की लगातार दो हार के बाद पहली जीत

डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को लगातार दो शिकस्त के बाद इस मैच में जीत नसीब हुई। अब चार मैच में दो जीत दो हार के साथ चेन्नई पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गए तो इस हार के साथ केकेआर चार मैच में तीन जीत के साथ दूसरी पोजिशन पर बरकरार है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा शिवम दुबे ने 18 गेंद में तेज 28 रन तो डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 25 रन बनाए। ओपनर रचिन रविंद्र आठ बॉल में 15 रन बनाकर आउट हुए। एमएस धोनी तीन गेंद में 1 रन बनाकर नाबाद रहे। पेसर तुषार देशपांडे ने चार ओवर में 33 रन पर तीन विकेट लिए तो तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने चार ओवर में 22 रन पर दो विकेट और महीश तीक्षणा ने चार ओवर में एक विकेट पर 28 रन देकर अच्छा साथ निभाया।

### फ्लॉप केकेआर का बैटिंग ऑर्डर

कोलकाता नाइटराइडर्स अगर शुरूआती तीन मैच जीतकर टूनामेंट में अजेय बनी रही थी तो उसके पीछे बल्लेबाजों का बेखौफ खेल था। मगर मैच की पहली ही गेंद पर इन फॉर्म इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट बिना खाता खोले आउट हो गए। सुनील नरेन (20 गेंद में 27 रन) भी ओपनिंग में वैसे धारदार नजर नहीं आए।

## कोलकाता को मिली सीजन की पहली हार, चेन्नई 7 विकेट से विजयी



### जडेजा ने आइपीएल में पूरे किए 100 कैच

मैच के दौरान जडेजा ने गेंदबाजी के साथ फील्डिंग में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इसके साथ ही आइपीएल में 100 कैच पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली। जडेजा पांचवें खिलाड़ी हैं जिन्होंने आइपीएल में 100 कैच पूरे करने की उपलब्धि प्राप्त की है। उनसे पहले विराट कोहली, सुरेश रैना, कीरोन पोलार्ड और रोहित शर्मा ऐसा कर चुके हैं। आइपीएल में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है जिन्होंने अबतक 110 कैच पकड़े हैं।

#### धोनी की एंट्री पर बोले श्रेयस यहां की आवाज तो बहरा कर देने वाली है

चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों कोलकाता नाइट राइडर्स को सीजन की पहली हार झेलनी पड़ी। मैच का सबसे आकर्षक दृश्य वह रहा जब चेन्नई को जीत के लिए 3 रन चाहिए थे और धोनी मैदान पर उतरे। धोनी के आते ही दर्शक दीर्घा में 125 डेसिबल का शोर पाया गया। कोलकाता जब हार गई तो कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस पर बात भी की। उन्होंने हार के कारणों पर चर्चा करने से पहले धोनी के लिए होता चीयर्स देखकर कहा कि यहां की आवाज तो बहरा कर देने वाली है, लेकिन मैं अपनी बात रखने की कोशिश करूंगा।





### कोलकाता 137/9 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. जडेजा बो. देशपांडे | 00 | 01 | 00 | 00 |
| नरेन कै. थीक्षाना बो. जडेजा | 27 | 20 | 03 | 02 |
| रघुवंशी एलबीडब्ल्यू बो. जडेजा | 24 | 18 | 03 | 01 |
| श्रेयस कै. जडेजा बो. रहमान | 34 | 32 | 03 | 00 |
| वेंकटेश कै. मिचेल बो. जडेजा | 03 | 08 | 00 | 00 |
| रमनदीप बो. महीश थीक्षाना | 13 | 12 | 00 | 01 |
| रिंकू सिंह बो. देशपांडे | 09 | 14 | 00 | 00 |
| रसेल कै. मिचेल बो. देशपांडे | 10 | 10 | 02 | 00 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 00 | 00 |
| स्टार्क कै. रचीन बो. रहमान | 00 | 03 | 00 | 00 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

अतिरिक्त :13

विकेट पतन : 0-1, 56-2, 60-3, 64-4, 85-5, 112-6, 127-7, 135-8, 135-9.

गेंदबाज : तुषार देशपांडे : 4-0-33-3, मुस्तफिजुर रहमान : 4-0-22-2, शार्दूल ठाकुर : 3-0-27-0, महीश थीक्षाना : 4-0-28-1, रवींद्र जडेजा : 4-0-18-3, रचीन रवींद्र : 1-0-4-0.

### चेन्नई 141/3 (17.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रचीन कै. वरुण बो. वैभव | 15 | 08 | 03 | 00 |
| ऋतुराज गायकवाड नाबाद | 67 | 58 | 09 | 00 |
| डैरेल मिचेल बो. सुनील नरेन | 25 | 19 | 01 | 01 |
| शिवम दुबे बो. वैभव | 28 | 18 | 01 | 03 |
| एमएस धोनी नाबाद | 01 | 03 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 05

विकेट पतन : 27-1, 97-2, 135-3.

गेंदबाज :मिचेल स्टार्क : 3-0-29-0, वैभव अरोड़ा : 4-0-28-2, अनुकूल रॉय : 1.4-0-18-0, सुनील नरेन : 4-0-30-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-26-0, आंद्रे रसेल : 1-0-8-0.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 316 |
| सुदर्शन | गुजरात | 191 |
| रियान | राजस्थान | 185 |
| गिल | गुजरात | 183 |
| पूरन | लखनऊ | 178 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 09 |
| चहल | राजस्थान | 08 |
| खलील | दिल्ली | 06 |
| मोहित | गुजरात | 07 |
| कोएटजी | मुंबई | 07 |

## जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी पंजाब और हैदराबाद




**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आइपीएल 2024 मंगलवार को आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद:** अभिषेक शर्मा, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), जयदेव उनादकट, भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, टी नटराजन।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, सैम करेन, शशांक सिंह, सिकंदर रजा, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, कागिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह।


## सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा।

### श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे

सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं। लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।



## कामिंदु मेंडिस, माइया बाउचर ने मार्च 2024 के लिए जीता आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** श्रीलंकाई बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस और इंग्लैंड की माइया बाउचर ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में मार्च 2024 के लिए आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। मेंडिस ने अपने शानदार बल्लेबाजी की बदौलत श्रीलंका को सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मुकाबले के पहले टेस्ट में आसान जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच में श्रीलंका की टीम पहली पारी में 57 रन पर पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, यहां से मेंडिस ने धनंजय डी सिल्वा के साथ मिलकर श्रीलंका को 280 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने पहला टेस्ट शतक लगाते हुए 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके बाद मेंडिस ने दूसरी पारी में भी 237 गेंदों में 164 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। यह मैच श्रीलंका ने 328 रनों से जीता। दूसरी पारी में अपने शतक के साथ, मेंडिस सातवें या उससे नीचे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए एक ही टेस्ट में दो शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मार्च के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ, चुने जाने पर मेंडिस आइसीसी के हवाले से कहा, मैं आइसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए प्रेरणा मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है। मैं मेरे साथ नामांकित अन्य दो खिलाड़ियों, मार्क अडायर और मैट हेनरी के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं, जिन्हें मैं उत्कृष्ट खिलाड़ी और अच्छा प्रतिस्पर्धी मानता हूं। वहीं, आइसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ इंग्लैंड की माइया बाउचर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड को घर में पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 4-1 से हराया।







## दिल्ली की टीम में ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड

**नयी दिल्ली।** अपनी दादी के निधन के कारण आइपीएल से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है। विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी।

## प्रज्ञानन्दा-वैशाली की जीत से वापसी

**टोरंटो, कनाडा।** फीडे कैंडिडैट शतरंज का तीसरे राउंड में एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों नें कई रोमांचक मुकाबले खेले। सबसे ज्यादा चर्चा रही भाई बहन की जोड़ी प्रज्ञानन्दा और वैशाली की जिन्हे दूसरे राउंड में हार का सामना करना पड़ा था। प्रज्ञानन्दा नें तीसरे राउंड में हमवतन विदित गुजराती को पराजित करते हुए शानदार वासपी की। राय लोपेज ओपनिंग में प्रज्ञानन्दा नें विदित को काले मोहरो से 45 चालों में पराजित करते हुए शानदार वापसी की। अन्य मुकाबलों में भारत के डी गुकेश नें रूस के यान नेपोमनिशी से यूएसए के फबियानों करूआना नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से और यूएसए के हिकारु नाकामुरा नें अजरबैजान के निजत अबासोव से बाजी ड्रॉ खेली। फिलहाल तीन राउंड के बाद गुकेश, करूआना और नेपोमनिशी दो अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली नें शानदार वापसी की और उन्होने बुल्गारिया की नुर्गयुल शालिमोवा को पराजित किया जबकि भारत की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरु हम्पी ने सबसे आगे चल रही चीन की तान ज्होंगाई से बाजी ड्रॉ खेली ।

## गंभीर ने की धोनी की प्रशंसा, बोले वह भारत के सबसे बेहतरीन कप्तान

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 में चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले गौतम गंभीर ने एमएस धोनी की भारत के सर्वोत्तम कप्तान के रूप में सराहना की। गंभीर ने धोनी की योजनाओं और स्पिनर्स पर नियंत्रण के कौशल की सराहना की और उन्हें खेल का फिनिशर भी माना। धोनी की चतुर मानसिकता की प्रशंसा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जब तक धोनी मैदान पर हैं, विरोधी टीम आखिरी गेंद तक यह नहीं सोच सकती कि वह जीत जाएगी।गंभीर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि धोनी अब तक के सबसे बेहतरीन कप्तान है। गंभीर बोले- मैं हर मैच में जीतना चाहता था। मैं अपने मन से बिलकुल साफ हूं। दोस्तो। मैचों के दौरान उनका सम्मान है। एमएस धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी कप्तान इतना सफल होगा जितने वह हैं। उन्होंने 3 आइसीसी खिताब जीते हैं। जब आइपीएल में धोनी के खिलाफ मेरी लड़ाई की बात आती है तो धोनी अपनी सामरिक मानसिकता के कारण इसका आनंद लेते हैं। हां, आइपीएल में मैंने भी इसका हर तरह से आनंद लिया है क्योंकि मुझे पता था कि एमएस के पास वह सामरिक मानसिकता है।

## मुझे दरकिनार किया जा रहा : पी.टी. ऊषा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने सोमवार को एसोसिएशन के कर्मचारियों से आइ.ओ.ए. मुख्यालय की दीवारों और दरवाजों पर चिपकाए गए कार्यकारी परिषद (इ.सी.) के नोटिस की प्रतियां हटाने का आग्रह किया। उषा का आदेश इ.सी. के 15 में से 9 सदस्यों द्वारा एक नोटिस प्रसारित करने के बाद आया, जिसमें अनधिकृत व्यक्तियों को उसके मुख्यालय में प्रवेश न करने के लिए कहा गया था। इ.सी. के अधिकांश सदस्य आइ.ओ.ए. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.इ.ओ.) के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति के खिलाफ हैं। वास्तव में उन्होंने जनवरी में आइ.ओ.ए. सी.इ.ओ. के रूप में उषा द्वारा अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करते हुए एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए। इ.सी. सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने आइ.ओ.ए. में उषा के सहायक अजय नारंग की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। उषा ने विद्रोही इ.सी. सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा कि यह देखकर निराशा होती है कि हम अभी भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी हर हरकत मुझे किनारे करने की कोशिश है। मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की भर्ती और बर्खास्तगी सहित दिन-प्रतिदिन के प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है। इ.सी. के रूप में, हमें आइ.ओ.ए. को ऊंचाइयों पर ले जाने के अधिक महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए अपनी शक्तियों और अधिकारों का उपयोग करना चाहिए।




## विराट कोहली टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : लारा

**बेंगलुरु।** आइपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार लय में होने के बाद भी भारतीय दिग्गज विराट कोहली को धीमी स्ट्राइक-रेट से रन बनाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें टीम में शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि उनकी उपयोगिता स्ट्राइक-रेट से परे हैं। लारा ने कहा कि स्ट्राइक-रेट बल्लेबाजी क्रम पर पर निर्भर करता है, और एक सलामी बल्लेबाज के लिए 130-140 का स्ट्राइक-रेट बुरा नहीं है। लेकिन अगर आप मध्यक्रम में आ रहे हैं तो आपको 150 या 160 के स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की आवश्यकता हो सकती है। जैसा कि आपने इस आइपीएल में देखा है, बल्लेबाज एक पारी के आखिरी ओवरों में 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहे हैं।

## सुमित नागल ने मात्तेओ अर्नाल्डी हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूनार्मेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूनार्मेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुलबिक को हराया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में चिली के क्रिस्टियन गैरिन को अर्जेंटीना ओपन में हराया था। अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूनार्मेंट में इस जीत के साथ कॅरिअर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं।

# महिला हॉकी राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 खिलाड़ियों की घोषणा

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 16 मई तक साई बेंगलुरु में प्रशिक्षण जारी रखेगी। 1 अप्रैल को शिविर के लिए रिपोर्ट करने वाले 60 सदस्यीय मूल्यांकन दल में से इन 33 खिलाड़ियों का चयन 6 और 7 अप्रैल को आयोजित चयन परीक्षणों के बाद किया गया है। 33 खिलाड़ियों का यह दल उस टीम के गठन की दौड़ में होगी जो भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन दौरों में हिस्सा लेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इस साल के अंत में एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा करेगी। शॉर्टलिस्ट की गई टीम में गोलकीपर सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी और माधुरी किंडो शामिल हैं। कोर ग्रुप के लिए चुने गए डिफेंडरों में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री और प्रीति हैं। हाल ही में समाप्त हुई 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी मिजोरम का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय मरीना लालरामनघाकी और मणिपुर हॉकी का प्रतिनिधित्व करने वाली 25 वर्षीय मनीषा चौहान को भी टीम में शामिल किया गया है। विशेष रूप से, प्रीति दुबे, जिन्होंने 2017 में हॉकी वर्ल्ड लीग सेमी फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपनी आखिरी उपस्थिति दर्ज की थी, ने मूल्यांकन शिविर में चयनकताओं और कोचों को प्रभावित करने के बाद राष्ट्रीय सेटअप में वापसी की है। इस बीच, गोलकीपर माधुरी किंडो, डिफेंडर रोपनी कुमारी और प्रीति, मिडफील्डर एडुला ज्योति, और फॉरवर्ड दीपिका सोरेंग और रुतुजा दादासो पिसल ने एफआइएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में भाग लेने वाली जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम से कदम बढ़ाया है। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने नए कोर ग्रुप से अपनी उम्मीदें व्यक्त करते हुए कहा, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उपयोग देश भर से सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों को चुनने के लिए किया गया था और पिछले सप्ताह कोच और चयनकताओं ने आगे काम किया है और इन 33 खिलाड़ियों को चुना है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उनमें भारतीय महिला हॉकी टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता है। अब हमारे पास एक आशाजनक टीम है जो आगामी अंतरराष्ट्रीय दौरों और एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भाग लेगी।

### 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम

HOCKEY INDIA

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो।

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामनघाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा।

**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

## दर्द के कारण अगले दो मैचों में नहीं खेलेंगे मयंक

**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव पेट में दर्द होने के कारण अगले दो मैचों में नहीं खेलेंगे। लखनऊ टीम के सीईओ कर्नर विनोद बिष्ट ने सोमवार को यहां एक बयान जारी करते हुए कहा, मयंक को पेट के निचले हिस्से में दर्द महसूस हुआ और एहतियात के तौर पर हम अगले सप्ताह तक उनका वर्कलोड कर रहे हैं।

## अमेरिका ने कनाडा को छह विकेट से हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए।

# श्री रामनवमी पूजा महासमिति की स्थापना, मारुति बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मारुति नंदन सोनी के कार्यालय में रविवार की शाम मझिआंव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के अखाड़ा समितियों साथ एक सामूहिक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मारुति नंदन सोनी ने किया। इस बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति (जेनरल) का स्थापना किया गया। बैठक के माध्यम से श्री रामनवमी पूजा महासमिति (जेनरल) के पदाधिकारियों का सामूहिक रूप से चयन भी किया गया। जिसमें मारुतिनंदन सोनी को अध्यक्ष, विवेक सोनी को सचिव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, संजय कमलापुरी एवं पवन कुमार जायसवाल को उपाध्यक्ष, सत्यम जायसवाल को कोषाध्यक्ष, अमित कुमार मेहता एवं रमेश जयसवाल को संगठन मंत्री, राहुल जयसवाल को मीडिया प्रभारी एवं सक्रिय सदस्य के लिए विभिन्न पूजा समिति या अखाड़ों के अध्यक्ष और दो सचिव को मनोनीत किया गया। जिसमें श्रीराम जानकी अखाडा से अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सचिव टुकु कमलापुरी, दीपक माली, महाकाल अखाड़ा शिव मंदिर से अध्यक्ष संजीव सिंह, सचिव अभिमन्यु सिंह, श्रीराम मंदिर पूजा समिति से अध्यक्ष शनि चंद्रवंशी, सचिव चिंटू चंद्रवंशी, श्री हनुमान अखाड़ा अखौरी तहले से अध्यक्ष दीपक चन्द्रवंशी, सचिव ओम प्रकाश विश्वकर्मा का नाम शामिल है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मारुति नंदन सोनी ने कहा कि इस श्री रामनवमी पूजा महासमिति (जेनरल) का मुख्य कार्य अपने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सभी पूजा समितियों एवं अखाड़ों को एकीकृत करने, जिन क्षेत्रों से अखाड़ा जुलुश नहीं निकलता है उन क्षेत्रों में जाकर नए अखाड़ा का निर्माण कर विस्तार करने एवं सभी अखाड़ों को संरक्षण प्रदान करने, साथ ही किसी भी अखाड़ा या पूजा समिति को रामनवमी जुलुश निकालने को लेकर प्रशासन के द्वारा निर्गत नया लाइसेंस प्राप्त करना, जुलुश का लाइन रूट तय करना या किसी भी प्रकार की समस्या को शासन प्रशासन के सहयोग से सुलझाने का कार्य करेंगी। वहीं रामनवमी के दिन श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के बैनर तले मंच के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से आए पूजा समितियों, अखाड़ों के अध्यक्षों को सम्मान पुरस्कृत करने, प्रशासनिक पदाधिकारियों, एवं क्षेत्र के अलग अलग मठ मंदिरों के महंतो, पुजारियों (संरक्षकों) को सम्मानित करने का कार्य करेंगी।


बैठक करते लोग।

## भवनाथपुर में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** ईद व रामनवमी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को जिला द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गयी। पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार बीर ने कहा कि क्षेत्र में त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो प्रशासन को सूचित करें ताकि ईद एवं रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि रामनवमी, ईद के त्योहार में आपत्तिजनक पोस्ट भी नहीं करें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की कोई भी टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार एवं प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने की। मौके पर एसआई एन प्रसाद यादव, उदय कुमार शर्मा, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे, मकरी मुखिया जनप्रतिनिधि धनंजय साह, अनिल चौबे, राजेश्वर पासवान, मंजू देवी, तासबीन अंसारी, अख्तर अंसारी, शंभू सेठ, रविंद्र शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सुजीत कुमार, रहीम अंसारी, दयानन्द यादव, मिथलेश चौरसिया, सूर्यकान्त कुमार,नवल गुप्ता, नीतीश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## लाभुकों ने बीएसओ से की राशन दिलाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे पंचायत के चिरकुटही उरांव टोला के जन वितरण प्रणाली के लगभग पांच दर्जन महिला/पुरुष लाभुकों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत को लिखित आवेदन देकर मोरबे गांव में संचालित दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह से ही राशन दिलवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि हम सभी लाभुकों के बिना जानकारी के ही दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह से नाम हटाकर मोरबे गांव में संचालित कमलेश ठाकुर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के पास भेज दिया गया है। साथ ही कहा गया कि लगभग 9 वर्ष पूर्व जन वितरण प्रणाली के दुकानदार कमलेश ठाकुर के द्वारा राशन की कटौती, लाभुकों से मनमानी पैसा लेना, लाभुकों से अभद्र व्यवहार करने एवं राशन की कालाबाजारी करने के जुर्म में पदाधिकारी के द्वारा लाइसेंस रद्द किया गया था। फिलहाल इसी बीच इनका लाइसेंस चालू हो गया और हम लाभुकों के बिना जानकारी के ही दुकानदार कमलेश ठाकुर के पास भेज दिया गया है। कमलेश ठाकुर जन वितरण प्रणाली के लाइसेंस रद्द होने के पश्चात मोरबे गांव के ही दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह में टैग कर किया गया था। जहां से हम लोग बिना झंझट के सहूलियत के अनुसार राशन का उठाव करते आ रहे है। इस दुकानदार से हम सभी लाभुकों को किसी प्रकार की कोई शिकवा शिकायत नहीं है। हम लोग जब भी राशन लेंगे तो दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह से ही लेंगे। इस संबंध में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा कि लाभुकों के द्वारा दिए गए आवेदक को डीएसओ के पास भेजा जाएगा। वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आगे की प्रक्रिया की जाएगी। आवेदन देने वालों में कुंती देवी, मूर्ति देवी, हलकानिया देवी, फूलमनिया देवी, सिमरिया देवी, गंगिया देवी, नौलसी कुंवर, कलावती देवी रामजन्म पाल, परमा कुंवर, इतवारिया कुंवर, शकुंती देवी, सरोज देवी, फूलकुमारी देवी, शांति देवी, मंगरी देवी, सहोदरी देवी आदि लाभुकों का नाम शामिल हैं।


आवेदन सौंपते लाभुक।

## धुरकी में शांति समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** रामनवमी एवं ईद त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी एवं सगमा बीडीओ सह सीओ सत्यम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि हिंदुओं का पर्व रामनवमी में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान के जन्मोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों को व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने रामनवमी एवं ईद पर्व के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि तेज आवाज के साथ डीजे साउंड पर पाबंदी होगी। उन्होंने इस पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से दोनों समुदायों को मिलकर मनाने की अपील करते हुए हनुमान जी के भी जीवनी पर प्रकाश डाला। सगमा बीडीओ सह सीओ ने कहा कि निर्धारित स्थान से ही जुलूस निकाले, सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान ना दें। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि कभी किसी प्रकार की कोई गलत अफवाह या भ्रमित करने वाली सूचना मिलती है तो उसकी जानकारी दें। पुलिस सदैव आपके साथ है। बैठक का संचालन पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने किया। बैठक में उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, सगमा पूर्व जिप सदस्य नन्द गोपाल यादव, एसआई सुनील कुमार राम, इंद्रमणि जायसवाल, दामोदर जायसवाल, कृष्णा सिंह, श्याम किशोर विश्वकर्मा, सगमा एवं धुरकी प्रखंड के सभी मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद थे।


संबोधित करते पदाधिकारी।

## रेफरल अस्पताल के सफाई कर्मी की मौत, शोक सभा का आयोजन

**मझिआंव।** स्थानीय रेफरल अस्पताल में पिछले 25 वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मी 55 वर्षीय नंदू डोम की मौत सोमवार की अहले सुबह गढ़वा सदर अस्पताल में हृदय गति रुकने के कारण हो गई। नंदू मूलतः कांडी गांव का निवासी था। मृतक अपनी पत्नी, पांच लड़के एवं चार लड़की के साथ रेफरल अस्पताल परिसर स्थित आवास में रहता था। रात्रि में अचानक सीने में दर्द होने के कारण परिजनों ने गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का अंतिम दाह संस्कार पुश्तैनी गांव कांडी में किया गया। सफाई कर्मी की मौत पर रेफरल अस्पताल परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि सफाई कर्मी नंदू डोम काम के प्रति कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति था। हम सबों के बीच से अचानक चले जाने का मलाल सभी स्वास्थ्य कर्मियों को है। इसके पश्चात रेफरल अस्पताल के सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर मृतक सफाई कर्मी के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए लगभग 10 हजार रूपए राशि देकर सहयोग किया गया। शोक सभा में डॉ विनोद सिंह, बीपीएम रूबी तबस्सुम, अकाउंटेंट आलोक कुमार सिंह, किरानी मनोज सिन्हा, मिथिलेश कुमार, विक्की दुबे, अनुज पांडेय, संतोष कुमार, सुजीत सिंह, राकेश ठाकुर, विकास कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।


शोक मनाते कर्मी।

## नाबालिग को विदेश में बेचने के प्रयास के दोषी को छह साल सश्रम कारावास की सजा

**अररिया।** भारत से नेपाल में नाबालिग बच्चे को बेचने के लिए ले जाने के क्रम में 2019 में एसएसबी की ओर से पकड़े गए मानव व्यापार के दलाल ट्रेफेकर को अररिया अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार के अदालत ने सोमवार को छह साल की सश्रम कारावास और दस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। अपने फैसले में कोर्ट ने जुमार्ने की रकम अदा नहीं करने पर दोषी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का भी आदेश दिया है। न्यायालय ने दोषी को भारतीय दण्ड विधान की धारा 365 के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई। न्यायालय ने यह फैसला सत्र वाद संख्या-20/2020 में दोषी को सजा सुनाई। मामला जोगबनी थाना में दर्ज ममाले से संबंधित है। सजा पाने वाला दोषी 39 वर्षीय अमरेश पांडे पिता-स्वर्गीय उमा शंकर पांडे मुजफ्फरपुर के पारुल थाना क्षेत्र के फतेहाबाद का रहने वाला है।

## सिलेंडर विस्फोट से लगी आग, संपत्ति जलकर राख

**बेतिया।** सिलेंडर रिसाव से हुए विस्फोट से आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर क्षणभर मे राख हो गई है। स्थानीय लोगों की तत्परता से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बैकुण्ठवा के वार्ड नंबर-07 विशुनपूरा नुनियावां टोला में सोमवार की सुबह खाना बनाने के दौरान हुए सिलेंडर रिसाव से विस्फोट हो गया, जिसके कारण आग लगने से घर में रखे हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। पीड़ित परिवार के मुखिया रामबली महतो ने बताया कि उनकी पतोहू ममता देवी सुबह मे खाना बनाने किचेन मे गई। जैसे ही रेगुलेटर ऑन की तबतक आग लग गई।हल्ला करते हुए घर से भागी तबतक जोरदार विस्फोट हो गया व आग फैल गई। अगल-बगल के लोग आवाज सुनकर दौड़े व घर से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाले।लोगों की तत्परता से परिवार की सदस्यों की जान बची।वही लड़की की शादी नवम्बर माह मे थी, जिसकी तैयारी का समान व घर के सभी सदस्य के खाने-पीने के समान सहित कपड़ा,गहना और बक्सा में रखे पचीस हजार रुपये जलकर राख हो गये।

## पप्पू यादव को चुनाव चिन्ह मिला कैंची छाप

एजेंसी

**पटना।** पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरने वाले पूर्व सांसद पप्पू यादव को उनका चुनाव चिन्ह निर्गत कर दिया गया है। पप्पू यादव को चुनाव चिन्ह के रूप में कैंची छाप मिला है, जिसका क्रम संख्या 6 है। पप्पू यादव ने इसे पूर्णिया लोकसभा की जनता का चुनाव चिन्ह बताया और कहा कि इस बार कैंची चुनाव चिन्ह पूर्णिया के भविष्य का निर्माण करेगी और नफरत बांटने वालों को वोट की ताकत से काटकर अलग कर देगी। पप्पू यादव ने चुनाव चिन्ह निर्गत होने के बाद कहा कि मेरा मकसद पूर्णिया की जनता के लिए पूर्णिया को बदहाली से निकलना है और इसके लिए मैं एक बेटे की तरह पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता अगले 5 वर्ष में पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के 10000 परिवारों को रोजगार से जोड़ने की है। इसके अलावा भ्रष्टाचार मुक्त कार्यालय और सबकी सुरक्षा, सबको न्याय और सबकी सेवा के मंत्र को लागू करना है। पप्पू यादव ने कहा कि पूर्णिया को बिहार की उप राजधानी और पूर्वोत्तर भारत की औद्योगिक राजधानी बनाने का भी संकल्प हमने लिया है। इसके अलावा बीपीएल से नीचे की गरीब बेटियों को कॉलेज में पढ़ाई हेतु अनुदान के साथ रोजगार की गारंटी भी है। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद पप्पू यादव ने साफ कहा कि पूर्णिया की जनता ने हमें एक महान काम के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है और हम उसे पर पूरा करने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले पप्पू यादव लगातार लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद ले रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को वे धमदाहा प्रखंड के बघवा गांव और सरसी गांव जाकर लोगों से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद पूर्णिया में नवरतन हटा स्थित काली मंदिर और सिटी काली मंदिर में अमावस्या की पूजा में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूर्णिया की उन्नति और सुख शांति के लिए कामना की। मौके पर उनके सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 को आयेंगे बिहार

**पटना।** लोकसभा चुनाव में 400 के पार सीट हासिल करने के लिए एनडीए और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही है। जमुई और नवादा में चुनावी जनसभा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब गया आने वाले हैं। पंद्रह दिनों के अंदर पीएम मोदी का यह तीसरा चुनावी दौरा होगा। पीएम मोदी आगामी 16 अप्रैल को गया पहुंचेंगे, जहां एनडीए के साझा उम्मीदवार जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा कर लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। खुद जीतन राम मांझी ने इस बात का एलान किया है। गया से एनडीए के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कुशवाहा समाज की हुई बैठक में खुले मंच से कहा कि आगामी 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री गया आएंगे।

# अमित शाह अब बुधवार को औरंगाबाद में चुनावी सभा करेंगे

एजेंसी

**पटना।** बिहार में राजग गठबंधन के पक्ष में औरंगाबाद में जनसभा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में थोड़ा फेरबदल किया गया है। प्रदेश भाजपा सूत्रों के मुताबिक अमित शाह अब 09 अप्रैल के बजाय 10 अप्रैल को औरंगाबाद पहुंचेंगे। इससे पहले 7 अप्रैल को शाह की रैली औरंगाबाद में होनी थी लेकिन अचानक उनके कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया था। औरंगाबाद में सुशील कुमार सिंह चौथी बार राजग के साझा उम्मीदवार हैं। उनके समर्थन में अमित शाह चुनावी सभा को संबोधित करते वाले हैं। सबसे पहले सात अप्रैल को शाह की रैली होनी थी। बाद में उसे बदलकर 9 अप्रैल कर दिया गया था लेकिन अब एक बार फिर से अमित शाह की रैली की तिथि बदलकर 10 अप्रैल कर दी गई है। शाह 10 अप्रैल को औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी सभा के जरिए वह गया संसदीय क्षेत्र को भी साधेंगे। दौरे के दौरान शाह भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों और कोर ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक भी करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के नेताओं को जरूरी चुनावी टिप्स देंगे और चुनाव अभियान की विस्तृत जानकारी भी लेंगे। आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार की जिन चार लोकसभा सीटों पर वोटिंग होनी है उसमें गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई शामिल है । ऐसे में अपने 400 सीटों से के पार वाले लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा और राजग ने पूरा जोर लगा दिया है। प्रधानमंत्री जमुई और नवादा में चुनावी जनसभा पहले ही कर चुके हैं और 16 अप्रैल को एकबार फिर गया में रैली को संबोधित करने आ रहे हैं।



## बिहार के अल्पसंख्यक अपने असली हमदर्द को पहचानते हैं : चौधरी

**पटना।** जद (यू) कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को कहा कि बिहार के अल्पसंख्यक अपने असली हमदर्द को पहचानते हैं। अपनी हिफाजत की सीमा से आगे निकलकर तालीमयाफ्ता बनने तथा माली हालत सुधारने की जागरुकता इस समाज में सिर्फ नीतीश कुमार के कार्यकाल में हुई। विजय चौधरी ने कहा कि 1989 में कांग्रेस शासन में हुए भागलपुर दंगे के दोषियों को राजद की हुकूमत में न सिर्फ बचाया गया बल्कि सम्मानित किया गया। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही इनके कातिलों को सजा मिली तथा पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिल सका। चौधरी ने बताया कि सिर्फ खौफ दिखाकर अल्पसंख्यकों के भावनात्मक शोषण करने के दिन लद गए। आज साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाती है। इसी का नतीजा है कि अल्पसंख्यक समाज भयरहित माहौल में सुकून के साथ तरक्की याफ्ता हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के हित वाले सारे फैसले नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की हुकूमत के दौरान ही लिए गए हैं।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने आदिवासियों ...

पीएम ने कहा, सारे लोग कान खोलकर सुन लें कि मोदी को चाहे जितनी धमकियां दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है। **फिर एक बार मोदी सरकार :** बस्तर में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, देश के गरीब लोग आज कह रहे हैं खर्च काम कराये, बचत बढ़ाये बार-बार, फिर एक बार मोदी सरकार। छत्तीसगढ़ वासियों ने बस्तर के मेरे भाई-बहनों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगायी है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने गरीब के लिए एक-एक करके योजनाएं बनायीं। गरीब को उसका हक दिया। सरकार के इन प्रयासों का ही नतीजा है कि देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले है।

### जल, जंगल और ...

उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) पूरी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें उसी स्थान पर नौकरी मिल जायेगी। यह हर युवा का अधिकार होगा। उन्होंने कहा, हमारे घोषणापत्र में तीन से चार क्रांतिकारी कदमों का उल्लेख ह। इसमें एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं और गरीब परिवारों की महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक लाख रुपये हर साल अंतरित करना। इस तरह हम हर महीने उनके खातों के जरिये उन्हें हजारों रुपए प्रदान करेंगे।

**नोटबंदी-जीएसटी से बेरोजगारी बढ़ी :** राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की नोटबंदी और गलत जीएसटी की नीति के कारण छोटे उद्योग बंद हो गये हैं और इसके चलते बेरोजगारी बढ़ी है। कांग्रेस मनरेगा की तरह नया कानून लायेगी। मनरेगा में जहां 100 दिन का काम दिया जाता है। यह हर युवा का अधिकार होगा। बेरोजगारी को लेकर केंद्र की सरकार पर हमले बोले और कहा कि वर्तमान में देश में 30 लाख सरकारी नौकरी के पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा। लोगों को मजदूर और संविदा पर रखा जा रहा है। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, 30 लाख पदों पर भर्ती की जायेगी। **महिला सशक्तीकरण पर जोर :** उन्होंने बताया कि हमने महिला सशक्तीकरण के लिए एक बड़ी योजना बनायी है। इसके तहत हर परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए पेपर लीक को लेकर एक कानून बनाया जाएगा। पेपर बनाने और परीक्षा आयोजित करने का काम निजी एजेंसी को नहीं दिया जाएगा। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि किसान अपनी उपज का सही दाम चाहता है। सरकार उसे देने को तैयार नहीं है। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपया केंद्र ने माफ किया है, मगर किसान का कर्ज माफ नहीं करती। कांग्रेस सरकार में आयी तो किसानों का कर्ज माफ होगा और कानूनी मिनिमम सपोर्ट प्राइस किसानों को मिलेगी।

### कुछ भी गलत नहीं...

उन्होंने कहा कि हम झारखंड की बेटी हैं और झारखंड की बेटी किसी भी समस्या से लड़ने के लिए तैयार रहती हैं। उन्हें भरोसा है कि एक दिन सच निकलकर बाहर आयेगा और दुनिया को सारे आरोप के जवाब अपने आप मिल जायेगा।

### तीन सप्ताह में ...

इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट के कानून का हवाला दिया। **सरकार ने अपने पक्ष में कहा था :** झारखंड सरकार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय चुनाव कराने की बात कही, जबकि अभी तक राज्य में ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ है। सरकार के इस जवाब पर याचिकाकर्ताओं का पक्ष रख रहे अधिवक्ता विनोद सिंह ने सरकार के जवाब को दिग्भ्रमित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार 74वें एवं अन्य प्रावधानों का न सिर्फ उल्लंघन कर ही रही है, बल्कि आधे-अधूरे जवाब के साथ अदालत को भी अंधेरे में रख कर दिग्भ्रमित कर रही है। उल लेखनीय है कि नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण 15वें वित्त आयोग से झारखंड सरकार को मिलने वाला लगभग 1600 करोड़ रुपये का अनुदान फंस गया है। यह राशि राज्य के शहरों का विकास व नागरिक सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य को मिलती है। राज्य के 13 नगर निकायों में लंबे समय से नगर निकाय चुनाव लंबित है। वर्तमान में नगर निकायों का संचालन जनप्रतिनिधियों की जगह प्रशासनिक पदाधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा है।

### पहले चरण में 16...

पार्टियों ने फिर से आपराधिक छवि के लगभग 16 प्रतिशत उम्मीदवारों को टिकट देने की अपनी पुरानी प्रथा को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 फरवरी 2020 में निर्देश दिया था कि पार्टियों को आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को चुनने के कारण बताने होंगे। पहले चरण में 135 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। **भाजपा और कांग्रेस के 36 फीसीदी प्रत्याशी दागी :** पहले चरण में चुनाव लड़ रहे भाजपा के 77 उम्मीदवारों में से 28 (36 प्रतिशत) आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं। दागी नेताओं को टिकट देने में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। मुख्य विपक्षी दल के 36 में से 13 उम्मीदवारों (36 प्रतिशत) ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पहले चरण में 86 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें 11 दागी हैं।

**राजद के सभी चार पर आपराधिक मामले :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रासद की पार्टी राजद के सभी चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के 22 में से 13 उम्मीदवार दागी हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी के सात में से तीन (43 प्रतिशत) उम्मीदवार आपराधिक छवि वाले हैं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के पांच में से दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले में दर्ज हैं। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नद्रमुक के 36 में से 13 उम्मीदवार आपराधिक छवि के हैं।

**28 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति :** रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण में चुनाव लड़ रहे 1618 उम्मीदवारों में से 450 (28 प्रतिशत) प्रत्याशी करोड़पति हैं। सत्तारूढ़ भाजपा के 77 में से 69 (90 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं। इसी तरह कांग्रेस के 56 में से 49 (88 प्रतिशत) उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ रुपये से ज्यादा हैं। राजद के चारों उम्मीदवार करोड़पति हैं। टीएमसी के पांच में से चार और बसपा के 86 में से 18 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति एक करोड़ से ज्यादा घोषित की है.

**कांग्रेस के नकुलनाथ सबसे अमीर :** रिपोर्ट के मुताबिक, पहले चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 4.51 करोड़ रुपये है। एमपी की छिंदवाड़ा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार नकुलनाथ सबसे अमीर हैं। पूर्व सीएम कमलनाछ के बेटे नकुलनाथ की कुल संपत्ति 716 करोड़ से ज्यादा है। दूसरे नंबर पर तमिलनाडु की इरोड सीट से अन्नद्रमुक के उम्मीदवार अशोक कुमार । उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 662 करोड़ घोषित की है। भाजपा के धेवनतन यादव टी तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। **पहले चरण में :** पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39 सीट, राजस्थान की 12, यूपी की आठ, एमपी की छह सीट, उत्तराखंड, महाराष्ट्र तथा असम की 5-5 सीटों, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर, मेघालय व अरुणाचल प्रदेश की 2-2 सीटों, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, मिजोरम, नगालैंड, अंडमान-निकोबार, पुडुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा की 1-1 सीट पर चुनाव होगा।

### हमारी लड़ाई सीता...

उन्हें यह जानना चाहिए कि झामुमो से जुड़े लोग मर्द ही होते हैं और मर्दों से टकराना अच्छी बात नहीं होती। गौरतलब है कि श्री दुबे ने कहा था कि जैसे ही कल्पना सोरेन राज्य की मुख्यमंत्री बनेंगी वैसे ही बसंत सोरेन, जो मर्द आदमी है वे अपने पिता की विरासत को भाभी के हाथ में देना पसंद नहीं करेंगे और झामुमो छोड़ देंगे।।

**षडयंत्र कर हेमंत को जेल भेजा :** तीनों नेताओं ने कहा गुरूजी जितनी बार लोकसभा चुनाव लड़े हैं, सबकी व्यवस्था हमने की है। गुरूजी अस्वस्थता के कारण आज क्षेत्र में नहीं हैं, लेकिन उनके मार्गदर्शन में हमलोगों ने जितना चुनाव लड़ा है, उस अनुभव का लाभ हमलोगों के पास है। हम कहीं कमजोर नहीं हुए हैं। पिछली भाजपा सरकार की कारनामों की वजह से झामुमो की सरकार बनी। जिसमें लोगों का मनोबल उंचा हुआ है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री बना, राज्य का नेतृत्व कर रहा था, षड़यंत्र कर उसे जेल भेजा गया ताकि वह चुनाव में कैंपेन न कर सके। हमलोग भी झाड़-फूंक जानते हैं। उम्मीद है हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार के दौरान होंगे, अगर नहीं होंगे, तो उनके विचार हमारे साथ होंगे। यहां के घर-घर में हेमंत बसता है तो सभी घर में हमारे स्टार प्रचारक हैं।

## स्पीड न्यूज

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भरा

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गये हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है।

### मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो गिरफ्तार

**नोम पेन्ह।** कम्बोडिया ने अवैध दवाओं के रूप में मादक पदार्थ रखने और उनकी तस्करी करने के आरोप में दो स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 17 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किये हैं। देश के ड्रग-विरोधी विभाग (एडीपी) ने विज्ञप्ति में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर गत शुक्रवार को नोम पेन्ह के रूसी केओ जिले में दो स्थानों पर छापे के दौरान एक पुरुष (43) और एक महिला (42) को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 17.1 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, एक्स्टसी और केटामाइन जब्त किया गया।

### पाकिस्तान के पंजाब में ट्रेन दुर्घटना में दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के पास एक दुर्घटना में एक यात्री ट्रेन के चालक और सहायक चालक घायल हो गये। पाकिस्तान रेलवे ने यह जानकारी दी।

### रूस में बस दुर्घटना में दो की मौत, 26 घायल

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी समारा क्षेत्र में बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, सात घायल

**नानचांग।** पूर्वी चीन के जिआंग्क्सी प्रान्त में सोमवार को एक यातायात दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य घायल हो गये। स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### ढाई महीने में ही सबको पछाड़ टॉप डेस्टिनेशन बनी अयोध्या

**नई दिल्ली।** इसी साल 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलाल के मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा की गई। जिसके बाद से ही रोजाना वहां लाखो श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आलम तो ऐसा है कि मंदिर को भक्तों के लिए खुले हुए ढाई महीने हो गए हैं लेकिन अभी भी रोजाना डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### यूक्रेन ने जेडएनपीपी पर ड्रोन हमलों में शामिल होने से इनकार किया

**कीव।** यूक्रेन ने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) पर ड्रोन हमलों में कीव की संलिप्तता के आरोप से इनकार किया है। यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग के प्रवक्ता एंड्री युसोव ने यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय की प्रेस सेवा के हवाले से कहा कि यूक्रेन जेडएनपीपी के क्षेत्र में किसी भी सशस्त्र उकसावे में शामिल नहीं है।

### अखिलेश यादव क्यों हारे दो-दो चुनाव?

**लखनऊ।** जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि यदि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं तो राहुल गांधी को अपने कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। किशोर ने बातचीत में कहा कि गांधी, सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्ष में अपेक्षित परिणाम नहीं देने के बावजूद वह न तो रास्ते से हट रहे हैं और न ही किसी और को आगे आने दे रहे हैं।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बोले मोदी- उद्धव ठाकरे की शिवसेना नकली

# इंडी गठबंधन ने हमेशा देश को अस्थिरता में झोंका

एजेंसी

**चंद्रपुर (महाराष्ट्र)।** पीएम मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कहा इंडिया गठबंधन ने हमेशा देश को अस्थिरता में झोंका है। इंडिया गठबंधन की जब तक केंद्र में सरकार रही तब महाराष्ट्र की लगातार उपेक्षा होती रही। उन्होंने भारत अघाड़ी, कांग्रेस और ठाकरे ग्रुप की जमकर आलोचना की। उन्होंने उद्धव ठाकरे की शिव सेना (ठाकरे समूह) को नकली शिव सेना बताया। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला. उन्होंने उद्धव ठाकरे की शिवसेना को नकली शिवसेना बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद ही समस्याओं की जननी है।

**कांग्रेस समस्याओं की जननी :** भाजपा उम्मीदवार सुधीर मुनंगटीवार के लिए सभा को संबोधित करते हुए कहा पीएम ने कहा, '2024 का लोकसभा चुनाव स्थिरता बनाम अस्थिरता के बीच का चुनाव है। एक ओर भाजपा-एनडीए है जिसका ध्येय है देश के लिए कड़े फैसले लो और बड़े फैसले लो। दूसरी ओर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन है जिसका मंत्र है कि जहां भी सत्ता पाओ खूब मलाई खाओ।' पीएम ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों का दायित्व होता है कि वो जनता की समस्याओं का समाधान करे, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद ही समस्याओं की जननी है।

**नीयत सही तो नतीजे भी अच्छे :** पीएम मोदी ने कहा कि जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही होते हैं। आज देश का दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब मोदी सरकार को अपनी सरकार मानता है। मोदी किसी शाही परिवार में पैदा होकर प्रधानमंत्री नहीं बना। मोदी एक गरीब परिवार में जन्म लेकर, आपके बीच रहकर, यहां तक आया है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस सत्ता से बाहर है। आपने एनडीए को पूर्ण बहुमत दिया। हमने देश की बड़ी-बड़ी समस्याओं का स्थायी इलाज किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कड़वे करेले को घी में तलें या शक्कर में घोलें, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। ये कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद भारत के एक और विभाजन की बात कर रहे हैं। इंडी अलायंस के लोग दक्षिण भारत को अलग करने की धमकी दे रहे हैं। इंडी अलायंस में शामिल डीएमके पार्टी सनातन को डेंगू-मलेरिया कह कर उसके खात्मे की बात कर रही और नकली शिवसेना वाले उन्हीं लोगों को महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं।

बता दें कि चंद्रपुर और रामटेक में मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 48 लोकसभा सीटें हैं। राज्य में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को लोकसभा चुनाव होंगे। इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी की आज की बैठक अहम होने वाली है।

चंद्रपुर-वाणी-अरनी लोकसभा में चंद्रपुर जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र और यवतमाल जिले के 2 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। चंद्रपुर जिले में राजुरा, बल्लारपुर, चंद्रपुर, वरोरा और यवतमाल जिले में वाणी, अरनी निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 18 लाख 29 हजार 111 मतदाता हैं। इनमें 8 लाख 87 हजार 313 महिला मतदाता और 9 लाख 41 हजार 748 पुरुष मतदाता हैं।

पिछली बार लोकसभा चुनाव में, चंद्रपुर में अभाव का फैक्टर प्रभावी था। बालू धानोरकर को 5 लाख 59 हजार 507 वोट मिले थे। जबकि बीजेपी के हंसराज अहीर को 5 लाख 14 हजार 744 वोट मिले, तो वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी के राजेंद्र महडोले को 1 लाख 12 हजार 71 वोट मिले। बालू धानोरकर ने अहीर को 44 हजार 763 वोटों से हराया था।

बीजेपी नेता हंसराज अहीर का दूध का पारंपरिक कारोबार है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 'दूधवाला या दारूवाला' का मुद्दा उठाया था। बालू धानोरकर ने पलटवार कर सवाल किया था कि जब शराब पर प्रतिबंध है तो शराब कैसे मिलेगी।

## मोदी की डिग्री मामले में संजय सिंह को नहीं मिली राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह को समन जारी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने गुजरात की एक एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की ओर से जारी समन आदेश में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। पीठ ने श्री सिंह की अपील पर विचार करने से इनकार करते हुए उनके अधिवक्ता से कहा, क्षमा करें। हम इच्छुक (उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के) नहीं हैं। श्री सिंह ने एसीएमएम के समन आदेश पर मुहर लगाने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने श्री सिंह को राहत देने से इनकार कर दिया और उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सहमति जताई, जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इस आपराधिक मानहानि के मुकदमे में श्री सिंह के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आरोपी हैं। गुजरात विश्वविद्यालय ने श्री मोदी की डिग्री के संबंध में एक और दो अप्रैल 2023 को दिए गए श्री सिंह के कथित 'व्यंग्यात्मक और अपमानजनक' बयानों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री की डिग्री पर मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया था। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने श्री केजरीवाल और श्री सिंह के खिलाफ (श्री मोदी पर कई) कथित टिप्पणियों के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था।



## महिला कोटा बिल के बूते टिकट मिलने का कंगना का दावा झूठा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री तथा हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की उम्मीदवार कंगना रनौत ने हाल ही में एक जनसभा में दावा किया था कि बीजेपी का टिकट उन्हें महिला आरक्षण विधेयक के चलते हासिल हुआ है। बुम ने इस दावे को गलत पाया, क्योंकि यह बिल अभी तक लागू नहीं हुआ है। बीजेपी ने 24 मार्च, 2024 को कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था। कंगना ने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट (अतीत में ट्विटर) पर लिखा था, 'लोकसभा चुनाव लड़ने पर मैं आलाकमान के फैसले का पालन करती हूं...' इसके साथ ही उन्होंने लिखा था कि वह 'योग्य कार्यकर्ता और विश्वसनीय लोकसेवक' बनने के लिए उत्सुक हैं। इसके बाद, हाल ही में मंडी क्षेत्र के गांव बाल्ह में एक सार्वजनिक सभा के दौरान कंगना ने महिला आरक्षण विधेयक के चलते बीजेपी का टिकट मिलने की बात कही। उन्होंने कहा, 'महिला आरक्षण विधेयक, जो महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण देता है (लोकसभा में), ही कारण है कि आज मैं इस मंच पर मौजूद हूं... उसी (महिला आरक्षण विधेयक) के कारण मंडी की आपकी बेटी इस मंच पर मौजूद है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा

## कर्नाटक को सूखा राहत सहायता राशि देने पर दो सप्ताह में जानकारी दें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूखा राहत सहायता के तौर पर 35,162 करोड़ रुपये जारी करने के आवश्यक निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग वाली कर्नाटक सरकार की एक याचिका पर सोमवार को अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से कहा कि वे इस मामले में जरूरी निर्देश (केंद्र सरकार से) लेकर दो सप्ताह बाद होने वाली अगली सुनवाई के दिन न्यायालय को सूचित करें।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, 'केंद्र और राज्यों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होनी चाहिए। हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों ने इसके लिए याचिकाएं दायर की हैं।' केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपदा राहत राशि विवाद को सुलझाने के लिए शीर्ष अदालत से समय देने की गुहार लगाई। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने कहा कि राज्यों के बीच ऐसी याचिकाएं दायर करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने याचिका दायर करने के समय (लोकसभा चुनाव के लिए चल रहे प्रक्रिया की ओर इशारा करते हुए) पर सवाल उठाते हुए आगे कहा, 'अगर किसी ने किसी स्तर पर बात की होती, तो समस्या हल हो सकती थी।'


इस पर कर्नाटक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें फंड जारी करने के बारे में एक महीने के भीतर फैसला करना था, जो दिसंबर 2023 में खत्म हो गया था।

पीठ ने इन दलीलों पर अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से कहा, 'उम्मीद करते हैं कि आपके हस्तक्षेप से समस्या का समाधान हो सकता है।' इसके बाद पीठ ने मामले को दो सप्ताह बाद 'सूची-ब' करने का निर्देश देते हुए कहा, 'अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल दोनों निर्देश (सरकार से) लें और अदालत को सूचित करें।'

कर्नाटक सरकार ने चुनाव आयोग को एक पक्ष बनाने के लिए दायर आवेदन का हवाला दिया।

## मेरी समझ में आ गया, 'नहीं चाहिए हिन्दू राष्ट्र', बीजेपी सांसद का बयान, बताई वजह

एजेंसी



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और सांसद साक्षी महाराज के सुर अब बदलते दिख रहे हैं। उनके बयान से यह संदेश जा रहा है कि हिंदुत्व का सबसे फायर ब्रांड एम्बेसडर बदल गया है। हिंदुत्व के फायर ब्रांड एम्बेसडर बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने कहा 'हिंदू राष्ट्र तो कई आततायी राजाओं का भी था। कंस का भी हिंदू राष्ट्र था। हिंदू राष्ट्र नहीं, रामराज्य चाहिए। बहुत मंथन करने के बाद ये मेरी समझ में आया है।' उन्होंने कहा '22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई है। अब उसके आगे हिन्दू राष्ट्र का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। राम राज्य में सभी को समान अधिकार। मोदी कोई व्यक्ति नहीं है। मोदी अवतारी पुरुष हैं।

बीजेपी सांसद ने कहा 'धर्म की स्थापना करने के लिए, दुष्टों का संहार करने के लिए आए हैं। मोदी ईश्वर के अवतार हैं,जब तक मोदी जी का शरीर है, तब तक हिंदुस्तान में वही होगा जो मोदी जी चाहेंगे।' साक्षी महाराज यूपी की उन्नाव सीट से बीजेपी के प्रत्याशी है। बीजेपी ने उन पर फिर से भरोसा जताया है। साक्षी महाराज पिछले दो बार से उन्नाव सीट से बीजेपी के सासंद हैं।

## घोषणा पत्र को लेकर पीएम की टिप्पणी पर खरगे ने किया पलटवार

**सार।** पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस के घोषणा पत्र पर उठाए गए सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों का साथ दिया था। लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों ने ताबड़तोड़ रैली शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था। इनके वैचारिक पूर्वजों ने 1942 में महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आह्वान का विरोध किया था, जो मौलाना आजाद की अध्यक्षता में किया गया आंदोलन था। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हर कोई जानता है कि 1940 के दशक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन करके बंगाल, सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकारें कैसे बनाईं।

## सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी से सामने आया आप के खिलाफ चल रहा बड़ा षडयंत्र

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल आबकारी घोटाले के सिलसिले में तिहाड़ जेल में बंद है। 15 अप्रैल तक उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शराब घोटाले में गिरफ्तारी होने के बाद आम आदमी पार्टी के लिए इसे बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है जब लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और इस समय पार्टी को चुनाव प्रचार की जरूरत है, तो अरविंद केजरीवाल का जेल जाना आम आदमी पार्टी और पार्टी के हर एक कार्यकर्ता के लिए एक झटका है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में संजय सिंह को जमानत मिल गई है और आम आदमी पार्टी केजरीवाल की गिरफ्तारी को पूरे देश में मुद्दा बनाने में लगी हुई है। जिस तरीके से यह षड्यंत्र किया गया है, वो जग जाहिर है। बीजेपी अरविंद केजरीवाल के व्यक्तित्व और उनके काम करने के तरीके -जो विकास के मॉडल पर आधारित है- से घबराई हुई है और जिस तरह विपक्षी गठबंधन इस समय एक विकल्प के रूप में जनता के लिए, उसके सामने खड़ा है, उसके कारण भाजपा ऐसा षड्यंत्र कर रही है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली के विकास के काम पर कोई भी फर्क नहीं पड़ा है, दिल्ली की सरकार जनता के लिए है और अरविंद केजरीवाल उसको जेल से भी चला रहे हैं। हमारे देश का प्रजातंत्र पूरी दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है। वर्तमान केंद्र सरकार उसकी हत्या कर रही है। क्या इतने बड़े लोकतंत्र वाले देश में ऐसे संविधान की हत्या की जाती है? सिर्फ न्यायपालिका को छोड़कर जितनी भी संस्थाएं -ईडी, सीबीआई आदि- हैं वो वर्तमान सरकार के इशारे पर काम कर रही है। अब तो चुनाव आयोग भी सरकार के इशारे पर काम कर रही है। ये समय जनता के जागरूक होने का है। जनता सब समझ रही है कि किस प्रकार से षडयंत्र कर के अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं को फंसाया जा रहा है। उनकी सहानुभूति की लहर बीते दिनों लोगों ने देखा, जहां 31 मार्च को महागठबंधन ने एक बड़ी रैली की थी।

## एक नजर में

### लाल सागर में हूती हमलों से चीन से यूरोप के बीच मालपरिवहन की लागत हुई दोगुनी

**ब्रुसेल्स।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा किये लाल सागर में किये जा रहे हमलों के बीच चीन से यूरोप तक एक कंटेनर की शिपिंग की लागत दोगुनी और जहाजों को अन्य मार्गों पर चलाने के कारण बीमा दरों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल सोमवार को यह जानकारी दी।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, 10 घायल

**काबुल।** पूर्व अफगानिस्तान के लघमन प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य दस घायल हो गये। स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलों न्यूज ने सोमवार को यह सूचना दी। स्थानीय टीवी ने सूचना एवं संस्कृति के प्रांतीय निदेशक अब्दुल नूर रासुली के हवाले से आज बताया कि घटना प्रांत के दौलत शाह जिले के बाहरी क्षेत्र में हुयी।

### पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने वाले पति को मिली 80 कोड़े मारे जाने की सजा

**कराची।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत ने एक शख्स को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की दुर्लभ सजा सुनायी है। पाकिस्तान में आम तौर पर अब इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शेहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई। विवादास्पद निर्णय कज्फ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश, 1979 की धारा 7(1) के तहत लिया गया है, जिसमें लिखा है, जो कोई भी कज्फ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी।

### ब्रिटेन ने की इक्वाडोर में मैक्सिकन दूतावास पर हमले की निंदा

**लंदन।** ब्रिटेन ने इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को हिरासत में लेने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा इक्वाडोर में मैक्सिकन दूतावास पर हमले की निंदा की है। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार देर रात में लंबे समय से राजनयिक मिशन में शरण लिए हुए श्री ग्लास को गिरफ्तार करने के लिए इक्वाडोर पुलिस ने सशस्त्र वाहनों का उपयोग करके क्विटो में मैक्सिकन दूतावास पर धावा बोला था।

### इंडोनेशिया में वाहनों के बीच टक्कर से 12 लोगों की मौत, दो घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को तीन वाहनों की भीषण टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। करावांग रीजेंसी के पुलिस प्रमुख विरधांटो हेडीकसोनो ने बताया कि दुर्घटना राजमार्ग पर उस समय हुई , जब एक बस ने मिनीबस को टक्कर मार दी। इसी दौरान उस बस को पीछे से एक अन्य मिनीबस ने भी टक्कर मार दी थी । घटना में दोनों मिनीबस में आग लग गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है।

### ब्रिटेन ने की इक्वाडोर में मैक्सिकन दूतावास पर हमले की निंदा

**लंदन।** ब्रिटेन ने इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को हिरासत में लेने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा इक्वाडोर में मैक्सिकन दूतावास पर हमले की निंदा की है। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार देर रात में लंबे समय से राजनयिक मिशन में शरण लिए हुए श्री ग्लास को गिरफ्तार करने के लिए इक्वाडोर पुलिस ने सशस्त्र वाहनों का उपयोग करके क्विटो में मैक्सिकन दूतावास पर धावा बोला था।

### तीनों सेनाओं की कार्य प्रणाली में तालमेल महत्वपूर्ण : जनरल पांडे

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर खतरों के प्रभावशाली आकलन,स्पष्ट रणनीति क्षमताओं की पहचान , नीति बनाने, पुख्ता तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के भीतर उचित जवाबी कार्रवाई के लिए तीनों सेनाओं की कार्यप्रणाली में तालमेल के महत्व पर जोर दिया है। जनरल पांडे ने सोमवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में 79 वें स्टाफ कोर्स के संकाय और अधिकारियों को संबोधित किया जिनमें मित्रवत देशों के 36 अधिकारी भी शामिल थे।

### दिल्ली आबकारी नीति मामले में दुर्गेश पाठक को ईडी ने किया तलब

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय राजधानी के राजिंदर नगर से विधायक दुर्गेश पाठक को आबकारी नीति मामले में कथित धन शोधन के मामले में तलब किया। आप नेता आतिशी के आरोप के बाद यह बात सामने आयी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव से पहले श्री पाठक और उनके समेत चार और नेताओं को गिरफ्तार करने का इरादा बना रही है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!